

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, कौशल विकास से संवरेगा युवाओं का भविष्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 110, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 36.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 24 सूर्यास्त 19 : 04

मुरादाबाद, रविवार, 14 जुलाई 2024




स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं आदित्य रॉय कपूर...15



**विंबलडन की नई रानी**

शनिवार को चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजीकोवा ने इटली की जैस्मीन पाओलिनी को महिला एकल फाइनल के रोमांचक मुकाबले में हराकर विंबलडन खिताब अपने नाम कर टेनिस की नई रानी बन गईं।

# 7 राज्यों की 13 सीटों में 10 इंडी गठबंधन ने जीतीं

**विस उपचुनावः भाजपा ने दो सीट पर जीत दर्ज की, एक सीट पर निर्दलीय विजयी**

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के शनिवार को आए नतीजों में 'इंडी' गठबंधन के घटक दलों ने 10 सीट और भाजपा ने दो सीट पर जीत दर्ज की जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई।

विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को पश्चिम बंगाल की चार, हिमाचल प्रदेश की तीन, उत्तराखंड की दो, पंजाब, मध्य प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक सीट पर मतदान हुआ था। इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस, आप, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक ने उम्मीदवार उतारे थे। निर्वाचन आयोग के अनुसार पंजाब में, 'आप' के मोहिंदर भगत ने जालंधर पश्चिम सीट पर भाजपा के शीतल अंगुरल को 37,325 मतों से हराया। तमिलनाडु में द्रमुक के अन्नियूर शिवा ने विक्रवांडी सीट पर पीएमके के अंबुमणि सी को 67,757 वोटों से पराजित किया। टीएमसी के उम्मीदवारों कृष्णा कल्याणी, मधुपर्णा ठाकुर, मुकुट मणि अधिकारी और सुप्ति पांडे ने क्रमशः रायगंज, बगदाह, राणाघाट दक्षिण और मानिकतला सीट पर जीत हासिल की। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में कल्याणी ने भाजपा के मानस कुमार घोष पर 50,077 मतों के अंतर से जीत हासिल की। उत्तर 24 परगना जिले की राणाघाट दक्षिण सीट पर तृणमूल कांग्रेस के मुकुट मणि अधिकारी ने भाजपा उम्मीदवार मनोज कुमार बिश्वास को 39048 मतों से हराया। तृणमूल कांग्रेस की मधुपर्णा ठाकुर ने उत्तर 24 परगना जिले की बागदा विधानसभा सीट पर भाजपा के बिनय कुमार बिश्वास को 33455 मतों से पराजित किया। मानिकतला सीट पर तृणमूल प्रत्याशी सुप्ति पांडे ने भाजपा के कल्याण चौबे को 62,312 मतों से हराया।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी एवं कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर ने देहरा सीट पर भाजपा के होशियार सिंह को 9,399 मतों से हराया। नालागढ़ में कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा ने भाजपा के केएल ठाकुर को 25,618 मतों से हराया। भाजपा ने हमीरपुर सीट जीती है। भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को 27,041 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के पुष्पिंदर वर्मा को 25,470 वोट मिले। मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा सीट पर भाजपा के कमलेश प्रताप शाह ने कांग्रेस के धीरन शाह इनवती से 3,027 मतों के अंतर से हराया जबकि बिहार की रूपौली सीट पर निर्दलीय शंकर सिंह ने जद (यू) के कलाधर प्रसाद मंडल को 8,246 मतों से हराया।

### बदरीनाथ और मंगलौर सीट कांग्रेस ने जीता

**देहरादून।** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले की मंगलौर सीट पर कांग्रेस के काजी निजामुद्दीन 449 वोट से विजयी हुए। उन्होंने भाजपा के करतार सिंह भड़ाना को हराया। निजामुद्दीन को 31710 और भड़ाना को 31261 वोट मिले। बसपा प्रत्याशी उबेदुर्रहमान 19552 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। बदरीनाथ सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी लखपत सिंह बुटोला ने भाजपा के राजेंद्र सिंह भंडारी को 5,224 मतों से शिकस्त दी है। बुटोला को कुल 28161 वोट हासिल हुए जबकि भंडारी को 22937 वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहे नवल किशोर नेगी को 1813 वोट ही हासिल हुए।

## एक नजर

### ईडी ने धनशोधन मामले में कई की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में 263 करोड़ रुपये के कथित 'आयकर रिफंड' धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक आईपीएस अधिकारी के पति सहित कई लोगों की संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने पुरुषोत्तम चव्हाण का मुंबई स्थित फ्लैट, राजेश बृजलाल बत्रेजा की लोनावाला और खंडाला की जमीन, अनिरुद्ध गांधी की बैंक में जमा राशि, आरोपी राजेश शेट्टी और भूषण अनंत पाटिल की बीमा योजनाएं और 14 .02 करोड़ रुपये की कुछ सावधि जमाएं भी जब्त की हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत ये संपत्तियां कुर्क की गई हैं। ईडी ने इस मामले में अब तक कुल 182 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को एम्स से छुट्टी दी गई

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शनिवार को यहां एम्स से छुट्टी दे दी गई। दो दिन पहले पीठ में दर्द होने की शिकायत के बाद सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉक्टर रीमा दादा के अनुसार सिंह के पीठ दर्द का उपचार किया गया। उन्होंने कहा कि सिंह को शनिवार अपराह्न दो बजे अस्पताल से छुट्टी दी गई। सिंह को गुरुवार तड़के न्यूरोसर्जरी विभाग के पुराने निजी वार्ड में भर्ती कराया गया था।

### निष्क्रिय किए गए ड्रोन से तीन पिस्तौल बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और एसएसओसी फाजिल्का ने संयुक्त रूप से फाजिल्का सीमा पर बीएसएफ द्वारा निष्क्रिय किए गए ड्रोन से पिस्तौल बरामद की। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि रात के समय ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने फाजिल्का जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ को रोका। जवानों ने तुरंत उस पर फायरिंग की और अवैध ड्रोन को निष्क्रिय करने कर कार्रवाई शुरू की। ड्रॉपिंग ज़ोन में व्यापक तलाशी अभियान चलाया जिसमें एक संदिग्ध पैकेट बरामद हुआ।पैकेट में एक धातु की अंगूठी और एक छोटी प्लास्टिक की टॉर्च भी लगी हुई मिली। पैकिंग खोलने पर उसमें से तीन पिस्तौल और सात खाली मैगजीन बरामद हुई।

# क्षेत्रीय भाषाओं में भी हो कानून की पढ़ाई

## लोहिया विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में प्रधान न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने दी सलाह

**मेधावियों को दिए पदक, मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य हुए सम्मिलित**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून की पढ़ाई हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी कराई जाए तो अधिकाधिक लोग लाभान्वित होंगे। कानून के सिद्धांतों को यदि हम सरल भाषा में आम जनता को नहीं समझा पा रहे हैं तो इसमें कानूनी पेशे व कानूनी शिक्षा की ही कमी नजर आ रही है। कानून की शिक्षा व जानकारी अधिकाधिक लोगों को उनकी ही भाषा में हो इसके लिए हमें फलदाई और सकारात्मक दिशा में कार्य करना चाहिए।

सीजेआई शनिवार को डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरएमएलएनएलयू) लखनऊ के दीक्षांत समारोह में विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अदालतों को अपने फैसले अंग्रेजी के साथ ही हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी सुनाना चाहिए। क्षेत्रीय भाषा में अपनापन होता है। अनुवादित भाषा कभी-कभी अर्थ का अनर्थ बना देती है।



दीक्षांत समारोह में एक मेधावी को सम्मानित करते सीजेआई डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह। ● अमृत विचार

### ताल-तलैया का अर्थ उत्तर प्रदेश में ही जान पाया

सीजेआई ने बताया कि वे इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी रह चुके हैं। उन्होंने यहीं आकर स्थानीय भाषा में ताल-तलैया का अर्थ जाना। बताया कि अंग्रेजी भाषा की समझ अधिकांश न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं को तो होती है, लेकिन भोजपुरी, अवधी, बुंदेली, हिंदी आदि बोलने वाले अधिकतर लोग अंग्रेजी नहीं समझ पाते। हमें ऐसे लोगों की सुविधा का ध्यान रखना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मां के प्यार का असल भाव अंग्रेजी के अनुवाद से नहीं मिल सकता। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून की शिक्षा से अंग्रेजी को हटा देने के वे पक्षधर नहीं, लेकिन स्थानीय भाषाओं को भी आगे लाए जाने की जरूरत है। क्योंकि न्याय समय पर मिलना आवश्यक है, इसकी सभी को जरूरत है।

### 1950 से लेकर अब तक 37 हजार आदेशों का हिंदी में हुआ अनुवाद

न्यायमूर्ति डा. चंद्रचूड़ ने यह भी बताया कि 1950 से लेकर अब तक 37 हजार जजमेंट का हिंदी में अनुवाद हो चुका है। हिंदी भाषा को आगे बढ़ाने की कई योजनाएं भी चल रही हैं। उन्होंने मुंबई हाईकोर्ट के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकीलों द्वारा हिंदी में रखे गए पक्षों को भी कार्यक्रम में साझा किया।

### सुशासन की पहली शर्त विधि का शासन : मुख्यमंत्री योगी

दीक्षांत समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त विधि का शासन है। इसी के लिए ही देश जाना जा रहा है। आमजन की धारणा और देश-दुनिया की धारणा बदलने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय संगत व्यवस्था हर किसी को प्रिय है। शर्त है कि न्याय समयबद्ध तरीके से हो। इसके लिए विशेषज्ञ प्रमुख भूमिका निभाते हैं। विधि विवि इस भूमिका की सही राह पर बढ़ चुका है। विधि विवि से उपाधि प्राप्त करने वाले जितने भी स्नातक, परास्नातक और शोधार्थी हैं। वे अपने कार्यों के माध्यम से न सिर्फ विश्वविद्यालय को बल्कि समाज और राष्ट्र को लाभान्वित करके अपने अभिभावकों और गुरुजनों को गौरवान्वित करने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर सीजेआई ने यह भी कहा कि कोर्ट के कई फैसले हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं में न होने से आम लोगों को समझ में नहीं आते हैं। इसलिए जरूरी है कि भाषाई दिक्कतों को दूर किया जाए। यह कोई बड़ी बात नहीं, हम चाहें तो इसे बेहतर कर सकते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि विधि विश्वविद्यालयों में एलएलबी की पढ़ाई हिंदी में भी कराई जानी चाहिए। क्योंकि अंग्रेजी भाषी विधि विद्यार्थी खसरा-खतौनी की जानकारी मांगने पर बगले झांकने लगते हैं। आमजन की भाषा न जानने वाला उनके साथ न्याय कैसे कर पाएगा।

दीक्षांत समारोह में विधि विषय के मेधावियों को पदक प्रदान किए गए। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, इलाहाबाद हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# बिना परमिट चलती मिलीं बसें तो बड़े अफसरों पर कार्रवाई

- उन्नाव हादसे के बाद मुख्यमंत्री सख्त, परिवहन विभाग के अधिकारियों को दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उन्नाव हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त तेवर अपनाते हुए कहा कि अगर बिना परमिट सड़कों पर बसें पाई गईं, तो बड़े अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि डग्गामार और बिना परमिट बसों के खिलाफ प्रदेश में बड़ा अभियान चलाया जाय। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रदेश की सड़कों पर डग्गामार या बिना परमिट कोई बस चलती मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश में चल रही सभी यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की गहनता से जांच की जाय। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव परिवहन को निर्देशित करते हुए कहा कि आखिर डग्गामार और बिना परमिट वाली बसें सड़कों पर कैसे बेरोकटोक घूम रही हैं। ऐसी बसों के खिलाफ पूरी सख्ती के साथ अभियान चलाएं।

### एक माह तक चलेगा सघन अभियान

मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद परिवहन विभाग के आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने प्रदेश के सभी उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) को निर्देश दिए हैं कि एक माह तक अनवरत रूप से सड़क अभियान चलाया जाय। इस दौरान यात्री बसों के साथ ही स्कूली वाहनों की भी चेकिंग की जाय। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के विभिन्न टोल प्लाजा पर संभागीय परिवहन अधिकारियों की तिथिवार ड्यूटी लगा दी है।

# कांवड़ मार्ग पर काटे पेड़ों की तस्वीरें सौंपे : एनजीटी

- अधिकरण ने कहा-अवैध कटाई पर रोक लगाएं यूपी के अधिकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने भारतीय सर्वेक्षण विभाग को उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा के वास्ते सड़क निर्माण के लिए काटे गए पेड़ों की संख्या का पता लगाने के लिए ऊपरी गंगा नहर क्षेत्र की उपग्रह तस्वीरें दाखिल करने का निर्देश दिया है। अधिकरण ने उत्तर प्रदेश में अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पेड़ों की अवैध कटाई न हो।

एनजीटी उत्तराखंड सीमा के पास मुरादनगर (गाजियाबाद जिला) से पुरकाजी (मुजफ्फरनगर जिला) तक 111 किलोमीटर लंबे कांवड़ मार्ग की दो लेन के निर्माण के लिए गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर के तीन वन प्रभागों में संरक्षित वन क्षेत्र में एक लाख से अधिक पेड़ों की कटाई से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था। न्यायाधिकरण ने एक समाचार पत्र की उस रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला शुरू किया था, जिसमें खुलासा हुआ था कि उत्तर प्रदेश सरकार ने ऊपरी गंगा नहर के किनारे सड़क के लिए 1.12 लाख पेड़ों को काटने की अनुमति दी थी। बाद में तीन लोगों ने एक आवेदन दायर किया था।

### भूस्खलन के चलते गौमुख से जल नहीं ला पाएंगे कांवड़िए

**देहरादून।** भारी बारिश के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में पहाड़ पर लगातार भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। भूस्खलन व बोल्डर गिरने से कई रास्तों पर आवाजाही बार-बार बाधित हो रही है। कई छोटे पुल व पुलिया क्षतिग्रस्त होने से भी यातायात बाधित हुआ है। संभावित खतरों के चलते उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने कांवड़ियों के गौमुख जाने पर रोक लगा दी है। हर साल कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में कांवड़िए गौमुख से जल लेकर आते हैं। लेकिन, गंगोत्री धाम से आगे लकड़ी की पुलियों के क्षतिग्रस्त होने से इस बार कांवड़ यात्रा में कांवड़िए जल लेने गौमुख नहीं जा पाएंगे।

# जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की शक्तियां बढ़ीं

- पुलिस, लोक व्यवस्था, नियुक्ति आदि मामलों में मंजूरी होगी जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को पुलिस और आईएएस एवं आईपीएस अधिकारियों से संबंधित निर्णय लेने तथा विभिन्न मामलों में अभियोजन की मंजूरी देने के लिए और शक्तियां सौंपी हैं। उपराज्यपाल भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो से संबंधित मामलों के अलावा महाधिवक्ता और अन्य कानून अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में भी निर्णय ले सकते हैं। जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा वापस लेकर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित किए जाने के बाद लागू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के तहत जारी नियमों में संशोधन कर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को उपराज्यपाल को ये शक्तियां दीं।

गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार पुलिस, लोक व्यवस्था, अखिल भारतीय सेवा और भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो के संबंध में वित्त विभाग की पूर्व सहमति की आवश्यकता वाले किसी भी प्रस्ताव को तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा, जब तक कि इसे उपराज्यपाल के समक्ष नहीं रखा जाता है। कहा गया है कि महाधिवक्ता और अन्य विधि अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव पर उपराज्यपाल का अनुमोदन लेने पड़ेगा। अभियोजन मंजूरी प्रदान करने या अपील दायर करने के संबंध में कोई भी प्रस्ताव विधि, न्याय और संसदीय कार्य विभाग द्वारा उपराज्यपाल के समक्ष रखा जाएगा। कारागार, अभियोजन निदेशालय और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला से संबंधित मामले भी उपराज्यपाल के समक्ष रखे जाएंगे।

### जल्दी नहीं मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की शक्तियां बढ़ाए जाने का मतलब यह है कि निकट भविष्य में इस केंद्र शासित का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होने की संभावना नहीं दिखती। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ''एक्स'' पर पोस्ट किया सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 30 सितंबर, 2024 तक कराने का आदेश दिया था।

### कश्मीर के राजनेताओं ने गृह मंत्रालय पर साधा निशाना

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की शक्तियों का दायरा बढ़ाने के गृह मंत्रालय के निर्णय पर कश्मीर के नेताओं ने निशाना साधा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के लोग एक शक्तिहीन, रबर स्टैम्प मुख्यमंत्री से बेहतर के हकदार हैं, जिसे अपने चपरासी की नियुक्ति के लिए उपराज्यपाल से भीख मांगनी पड़ेगी। इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि इस कदम से जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार नगर पालिका बनकर रह जाएगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विकार रसूल ने लोकतंत्र की हत्या करार दिया।

# सीआईसी को पीठ गठन, नियम बनाने की शक्ति

**प्रभावी कामकाज के लिए सीआईसी की स्वायत्तता महत्वपूर्ण : सुप्रीम कोर्ट**

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के प्रभावी कामकाज के लिए उसकी स्वायत्तता को सर्वाधिक महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा है कि आयोग के पास पीठ गठित करने और नियम बनाने की शक्तियां हैं।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पिछले बुधवार को कहा कि प्रशासनिक निकायों की स्वायत्तता और स्वतंत्रता उनके निर्धारित कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के वास्ते उनकी क्षमता के लिए महत्वपूर्ण है। पीठ ने कहा कि आयोग की पीठों के गठन से संबंधित नियम बनाने की मुख्य सूचना आयुक्त की शक्तियों को बरकरार रखा जाता है, क्योंकि ऐसी शक्तियां आरटीआई अधिनियम की धारा 12(4) के दायरे में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीआईसी जैसी संस्थाएं विशिष्ट कार्य करने के लिए स्थापित की जाती हैं, जिसके लिए एक स्तर की निष्पक्षता और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है और ऐसा तभी हो सकता है जब इनमें अनुचित हस्तक्षेप नहीं हो।



- दिल्ली हाईकोर्ट के 2010 के फैसले को शीर्ष कोर्ट ने खारिज किया

पीठ ने कहा कि ये नियम आयोग के कुशल प्रशासन और संचालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपकरण हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उस फैसले के दौरान की जिसमें उसने दिल्ली हाईकोर्ट के 2010 के निर्णय को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा तैयार किए गए केंद्रीय सूचना आयोग (प्रबंधन) विनियम, 2007 को रद कर दिया था तथा कहा था कि सीआईसी को आयोग की पीठ गठित करने का कोई अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक प्रणाली की प्रभावशीलता को बनाए रखने के लिए इन निकायों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना आवश्यक है। इसने कहा कि इन निकायों के कामकाज में हस्तक्षेप करना नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि इससे उनकी कुशलतापूर्वक और निष्पक्ष रूप से काम करने की क्षमता प्रभावित होती है।

### स्पाइवेयर से मेरे फोन को निशाना बनाया गया

- कांग्रेस नेता वेणुगोपाल ने लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को मोदी सरकार पर उनके फोन को दुर्भावनापूर्ण स्पाइवेयर के माध्यम से निशाना बनाने का आरोप लगाया और कहा इस घोर असंवैधानिक कृत्य तथा निजता के हनन का पुरजोर विरोध किया जाएगा। वेणुगोपाल ने एप्पल की ओर से भेजे एक संदेश का स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें कहा गया है आपको एक ऐसे स्पाइवेयर हमले द्वारा निशाना बनाया जा रहा है जो आपके एप्पल आईडी से जुड़े आईफोन को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है।

# धारदार हथियार से गला रेतकर महिला की हत्या, दो लोग हिरासत में लिए गए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



- तीन वर्ष बेटे ने इशारों में बताया, पापा ने मम्मी को चाकू से मारा

> सुबह कटघर क्षेत्र से महिला का शव बरामद किया गया है। मामले में मृतका के तीन साल के बच्चे को चश्मदीद माना है। पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच की जा रही है। - **अखिलेश भदौरिया**, एसपी सिटी

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में धारदार हथियार से महिला की हत्या कर दी गई। महिला का पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। महिला के तीन साल के बच्चे ने बताया कि पापा ने मम्मी को चाकू से मारा है। दूसरी ओर मायके वालों ने दहेज उत्पीड़न को लेकर ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव मनकरा मिलक की रेशम रानी की शादी चार साल पहले मूंढापांडे बस्ती के नरेश पाल से हुई थी। इनके के दो बच्चे हैं, जिसमें एक तीन साल का बेटा है। परिवार कटघर इलाके के पीतल बस्ती के निकट किराए के मकान में रहता है। पति नरेश पेट्रोल पंप पर काम करता है। शुक्रवार रात दोनों में कहासुनी हुई। इसके बाद धारदार हथियार से रेशम रानी (28) की हत्या कर दी गई। मृतका के भाई जगपाल ने दहेज उत्पीड़न को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। उसने बताया कि कई बार पति नरेश ने रेशम को मारापीटा था। रेशम ने इसकी शिकायत महिला थाने में की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया है कि मृतका के ससुर और बहनोई को हिरासत में लिया है। नरेश फरार है। पोस्टमार्टम के बाद शव मायके वालों को सौंप दिया गया।

## शहर में आज

- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जन आरोग्य मेला सुबह 10:00 बजे।
- इमामबाड़ा लाकड़ीवालान में मजलिस सुबह 8:30 बजे
- चौमुखा पुल स्थित इमामबाड़े में मजलिस शाम 5:00 बजे।
- लाल मस्जिद में जिक्र ए शहीदाने कर्बला कार्यक्रम रात 9:00 बजे।
- लाकड़ी वालान से शिया समुदाय द्वारा निकाला जाएगा अलम का जुलूस शाम 5:00 बजे।
- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व पश्चिमी यूपी के प्रभारी विदित चौधरी पाकबड़ा में पौधरोपण करेंगे 9:30 बजे।
- विश्नोई पर्यावरण समिति की ओर से अमृत महोत्सव ग्रंथ का विमोचन व सम्मान समारोह जिला पंचायत सभागार में 10:30 बजे से।



ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में हस्ताक्षर अभियान में शामिल शिक्षक। ● अमृत विचार

# हस्ताक्षर अभियान से जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शिक्षकों का ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ विरोध जारी है। शिक्षक बिना ऑनलाइन हाजिरी के ही बच्चों को पढ़ा रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि यह आदेश वापस न होने तक हमारा विरोध जारी रहेगा। जिसके तहत शिक्षकों ने हस्ताक्षर अभियान शुरू कर दिया है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने डिजिटलाइजेशन व ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में ब्लॉक मूंढापांडे के शिक्षकों ने हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। शिक्षक संजय सिंह ने कहा कि जब तक सरकार सभी शिक्षकों की मांगें पूरी नहीं करती है, तब तक हम ऑनलाइन हाजिरी नहीं देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पहले सभी विभागों के उच्च अधिकारी से लेकर निम्न वर्ग के कर्मचारियों तक की ऑनलाइन हाजिरी हो और उसकी समीक्षा भी की जाए। उसके बाद ही शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी की बात की जाए। इस दौरान शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी का विरोध किया और आर-पार की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। हस्ताक्षर अभियान में सुरेंद्र सिंह, सतेंद्र कुमार सिंह, राजेश कुमार, सुमित कुमार सिंह, विनोद यादव, प्रतीक शर्मा, वेदप्रकाश, मनोज यादव, लोकेन्द्र कुमार, राहुल यादव, नीरज राहुल, मयंक सैनी, हरीश कुमार, मनोज कुमार, नूर हसन, मोहम्मद खालिद, विपिन कुमार, अनिरुद्ध कुमार सिंह, खेमपाल सिंह, आशीष कुमार सिंह, मनवीर सिंह, अंजलि गुप्ता, सुनीता सागर, वंदना शर्मा, साक्षी राठी व बुलबुल त्यागी समेत अन्य शिक्षक शामिल रहे।

## बिना कार्य का निरीक्षण किए ही ठेकेदारों को जारी हो रहे अनंतिम या पूर्णता प्रमाण पत्र

# एनएचएआई जीएम ने अधिकारियों को चेताया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महाप्रबंधक ने हाईवे के अधिकारियों को जारी किए दिशा-निर्देश
- मौके का निरीक्षण करने के लिए चेकलिस्ट भी जारी की
- स्थलीय निरीक्षण के बाद ही ठेकेदार को प्रमाण पत्र जारी करेंगे

**अमृत विचार :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के महाप्रबंधक (समन्वय) संजय कुमार पटेल ने परियोजना कार्यान्वयन इकाई (पीआईयू) और क्षेत्रीय कार्यालय (आरओ) के अधिकारियों को चेताया है। उन्होंने कहा है कि कई मामलों में परियोजना कार्यान्वयन इकाई और क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक अभियंता, एनएचएआई अधिकारी काम पूरा होने पर परीक्षणों की निगरानी नहीं कर रहे हैं। जिससे पूर्णता का अनंतिम प्रमाण पत्र या पूर्णता प्रमाण पत्र गलत तरीके से जारी हो जाता है। महाप्रबंधक ने परियोजनाओं की निगरानी और अनंतिम या पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसमें उन्होंने पूर्व में जारी कई निर्देशों का भी हवाला दिया है।

महाप्रबंधक ने कहा है कि विभिन्न अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार, ठेकेदार संबंधित अनुबंध प्रावधानों के अनुसार परीक्षण करने के नोटिस के साथ अनंतिम या पूर्णता प्रमाण पत्र के लिए अनुरोध करते हैं। प्राधिकरण के इंजीनियर सूचित करते हैं कि परियोजना निदेशक (पीडी) या क्षेत्रीय अधिकारी (आरओ) को परीक्षण देखना होगा। पीडी/आरओ परीक्षण देखने के लिए प्रतिनिधियों को नियुक्त करेंगे।

महाप्रबंधक ने कहा है कि ठेकेदारों और अभियंता के आधार पर पूर्णता और अन्य अनुपालनों पर परीक्षण की रिपोर्ट विभिन्न प्रारूपों में की जा रही है। कई मामलों में पीआईयू और आरओ के सहायक अभियंता एवं एनएचएआई अधिकारी काम पूरा होने पर परीक्षणों की निगरानी नहीं करते हैं।

ऐसे में गलत तरीके से प्रमाण पत्र जारी हो जाता है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए महाप्रबंधक ने मौके का निरीक्षण करने के लिए एक चेकलिस्ट भी जारी कर दी है। उन्होंने कहा है कि अभियंता अनुबंध समझौते में विस्तृत जांच सूची तैयार करेंगे। इसे आरओ/पीडी के परामर्श से प्रारंभिक बैठक के समय प्रस्तुत करेंगे। विभिन्न ड्राइंग और डिजाइन के अनुमोदन और कार्य की प्रगति के आधार पर समय-समय पर स्थिति स्पष्ट करना आवश्यक होगा। आरओ और पीडी मौके पर और प्रयोगशाला में किए जाने वाले नियमित परीक्षण के साथ-साथ जांच सूची की समीक्षा करेंगे। ठेकेदार को प्रमाण पत्र के लिए मौके की तैयारी का आकलन करेंगे। इसके बाद प्रमाण जारी करने से तीन महीने पहले आरओ/पीडी एक बैठक करेंगे। समीक्षा के उपरांत कार्य का निरीक्षण करेंगे। इस मामले में स्थानीय स्तर पर एनएचएआई के परियोजना निदेशक कार्यालय के अधिकारी कहते हैं कि वह लोग मौके का निरीक्षण करने के बाद ही ठेकेदार को अनंतिम या पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं। लेकिन, महाप्रबंधक स्तर से निर्देश जारी होने के बाद अब और अधिक सतर्कता बरती जाएगी।

## एक नजर

### शिक्षा को बढ़ावा देने को वितरित की कॉपी, किताबें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोल्डन लाइंस क्लब मुरादाबाद आर्यन ने शनिवार को शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल में बच्चों को कॉपी, पेंसिल, टॉफी और अन्य चीजों का वितरण किया। क्लब की फाउंडर पीडीसीपी सुदेश आर्या ने बच्चों का उद्बोधन दीप प्रज्वलित कर मंत्रोचारण के साथ किया। साथ ही 4000 रुपये शैक्षिक प्रोत्साहन सेवा कार्य के लिए दिए। जबकि नीता भटनागर ने एक बच्चे की साल भर की फीस की जिम्मेदारी ली। अध्यक्ष रति रस्तोगी, सिमरन कौर ने प्रेरणादायक कहानी सुनाकर बच्चों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर सारिका अग्रवाल, रेखा पांडे, आशा शर्मा, जूही, अनुपमा आदि मौजूद रहीं।

### भोजन वितरित कर कमाया धर्मलाभ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ठाकुर श्री रघुनाथ जी रामाचार्य सेवा ट्रस्ट ने अमरोहा गेट पर जानकी रसोई का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। अध्यक्ष पंडित राघवेंद्र जोशी ने बताया कि वह पिछले दो वर्ष से यह आयोजन कराते आ रहे हैं। व्यवस्था में विपिन गुप्ता, डॉ. रेखा जिंदल, अमित अग्रवाल, गोविंद, प्रियंक, सिद्धार्थ, प्रियम गुप्ता, अजीत, संजय आदि मौजूद रहे।

# पर्याप्त सुविधाओं के बाद भी हो रहे बिजली के फाल्ट

## विद्युत नगरीय वितरण खंड प्रथम में तीन एसडीओ और 14 जेई नियुक्त, फिर फाल्ट से हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पर्याप्त साधन और मैनपावर होने के बाद भी बिजली विभाग महानगर में होने वाले फाल्टों पर रोक नहीं लगा पा रहा है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विद्युत नगरीय वितरण खंड प्रथम के इस उपकेंद्र में ट्रांसपोर्ट नगर, शाहिदाबाद, लाकड़ी फाजलपुर, दिल्ली रोड, आवास विकास, बुद्धि विहार, मंडी समिति समेत अन्य क्षेत्र आते हैं। इसमें अधिशासी अभियंता सुधाकर हैं। यहां तीन एसडीओ शैलेष सिंह, राना प्रताप और प्रणव चौधरी हैं। साथ ही 14 जूनियर इंजीनियर हैं। इसके अलावा 240 संविदा कर्मी हैं।

यहीं स्थिति अन्य वितरण खंड में भी है। सभी उपकेंद्रों पर विभाग की ओर से समस्त सुविधा उपलब्ध हैं। लेकिन, इसके बावजूद भी महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में घंटों बिजली गुल रहती है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



असालतपुरा पत्थर के तिराहे पर खुले में रखे ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

### महानगर में एंगल के सहारे खड़े हैं बिजली के खंभे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कहने को तो महानगर स्मार्ट सिटी है। यहां बिजली विभाग की ओर से भी स्मार्ट सिटी का कार्य चल रहा है। लेकिन, कई स्थानों पर खड़े बिजली के खंभे स्मार्ट सिटी की पोल खोल रहे हैं। आशियाना, रामगंगा विहार, सिविल लाइंस समेत अन्य इलाकों में बिजली के खंभे लोहे की एंगल के सहारे खड़े हैं। जो आंधी या बारिश में कभी भी गिर सकते हैं। लेकिन, बिजली विभाग ने इसे अनदेखा कर रखा है।

> बिजली विभाग लगातार लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए काम कर रहा है। हमारे कर्मचारी 24 घंटे सेवा के लिए तैयार हैं। तारों पर पक्षियों के बैठने पर कई बार फाल्ट हो जाते हैं। हमारी ओर से कोई कमी नहीं छोड़ी जाती है। लेकिन, अगर कुछ कमी है तो उसमें सुधार किया जाएगा।
>
> – सुधाकर कुमार, अधिशासी अभियंता प्रथम

# बिजली विभाग की लापरवाही से कहीं हो न जाए बड़ा हादसा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- असालतपुरा पत्थर का तिराहा पर खुले में रखे हैं ट्रांसफार्मर
- कूड़े के ढेर में कई बार आग लग चुकी है आग, जिम्मेदार बेखबर

**अमृत विचार:** असालतपुरा पत्थर का तिराहा पर बिजली विभाग की लापरवाही के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यहां खुले में रखे ट्रांसफार्मर की लीड आदि में आए दिन आग लग जाती है। जिससे नीचे पड़े कूड़े के ढेर में भी कई बार आग लगी है।

असालतपुरा पत्थर का तिराहा एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है। शनिवार को यहां खुले में रखे ट्रांसफार्मर के बंच केडक्टर में आग लग गई। जिस कारण करीब एक घंटे तक बिजली गुल रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग लगने की घटनाएं आए दिन होती रहती हैं।

जिससे 4 से 6 घंटे बिजली गुल रहने आम बात है। अधिकारियों से इस संबंध में कई बार शिकायत की जा चुकी है, मगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ। वहीं ट्रांसफार्मर के तारों में आग लगने की वजह से कई बार इसके नीचे पड़े कूड़े के ढेर में भी आग लग चुकी है। जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

स्थानीय निवासी नवीन ने बताया कि बिजली के तारों में आग लगने से नीचे पड़े कूड़े में आग लग गई। जिसके एक घंटे बाद बिजली कर्मियों ने उसे ठीक किया। इस दौरान बिजली गुल रही। वहीं इस संबंध में अधिशासी अभियंता नरेंद्र सिंह द्वितीय ने बताया कि मेरे संज्ञान में ऐसा कोई मामला नहीं आया है। अगर कहीं ऐसी स्थिति है तो उसे ठीक कराएंगे।


# शायर जमीर को मिलेगा माहेश्वर तिवारी गजल सृजन सम्मान



जमीर दरवेश



मनोज जैन मधुर



सुभाष वशिष्ठ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- साहित्यिक संस्था हरसिंगार की ओर से 22 जुलाई को होगा कार्यक्रम

**अमृत विचार:** साहित्यिक संस्था हरसिंगार की ओर से कीर्तिशेष नवगीतकार माहेश्वर तिवारी जयंती पर 22 जुलाई को लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिले के वरिष्ठ शायर जमीर दरवेश साहब को माहेश्वर तिवारी गजल सृजन सम्मान से और नई दिल्ली के वरिष्ठ नवगीतकार सुभाष वसिष्ठ व भोपाल मप्र के नवगीतकार मनोज जैन मधुर को माहेश्वर तिवारी नवगीत सृजन सम्मान प्रदान किया जाएगा।

नवगीतकार योगेन्द्र वर्मा व्योम और स्व. माहेश्वर तिवारी की पत्नी व संस्था की संयोजिका बाल सुंदरी तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में स्व. माहेश्वर तिवारी के कुछ नवगीतों की संगीतमय प्रस्तुति भी की जाएगी। कार्यक्रम में स्थानीय साहित्यकारों के साथ साथ प्रयागराज से प्रसिद्ध नवगीतकार यश मालवीय, नोएडा से कवयित्री भावना तिवारी, बेगूसराय बिहार से राहुल शिवाय, काशीपुर से ऋ‌त्वा पाठक आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में इसके अलावा माहेश्वर तिवारी के निधन के पश्चात प्रकाशित उनकी गजलों की पुस्तक धूप पर कुहरा बुना है का लोकार्पण भी किया जाएगा। यह पुस्तक उनके जीवनकाल में ही तैयार हो गई थी किन्तु उनकी अस्वस्थता के चलते उस समय प्रकाशित नहीं हो सकी थी। अब श्वेतवर्णा प्रकाशन नई दिल्ली से यह पुस्तक प्रकाशित हो गई है।




**हद है लापरवाही की :** यह फोटो शनिवार की दोपहर कांठ रोड स्थित अकबर के किले के सामने का है। जहां एक ई रिक्शा चालक छात्रों को बैठाकर कुछ इस तरह चल रहा है। यह यातायात नियम के विरुद्ध तो है ही, साथ ही चालक छात्रों की भी जान को जोखिम में डाल रहा है। हैरत तो इस बात की है कि यह रिक्शा पीली कोठी चौराहे से पूरा कांठ रोड पार कर गई। लेकिन किसी भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी की निगाह इस पर नहीं पड़ी। जबकि कांठ रोड पर हर चौराहे पर यातायात पुलिस चेकिंग करती है। ● अमृत विचार

## गृहकर व जलकर की बढ़ोतरी वापस ली जाए

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नगर निगम प्रशासन द्वारा स्मार्ट सिटी के नाम पर महानगर के लोगों का गृहकर व जलकर में अप्रत्याशित बढ़ोतरी की गई है। जिससे लोगों में नाराजगी है। खासतौर से लाइनपार क्षेत्र पूरी तरह से जलमग्न है। ऐसे में लोगों से बढ़े जलकर व गृहकर की वसूली उचित नहीं है।

अध्यक्ष लाइनपार संघर्ष समिति व पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मुरादाबाद एडवोकेट देशराज शर्मा का कहना है कि उनका नगर आयुक्त, महापौर और नगर विधायक से अनुरोध है कि गृहकर और जलकर में की गई अप्रत्याशित बढ़ोतरी को तत्काल जनहित में वापस लिया जाए। जिससे लोगों को सहूलियत मिल सके। वहीं महानगर में नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर निगम प्रशासन और सरकार का ध्यान होना चाहिए।

# पौधरोपण कर दिया संरक्षण का संदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** वन महोत्सव के अंतर्गत अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने शनिवार को शहीद भगत सिंह पार्क आशियाना फेज दो में पौधरोपण किया। पीपल, अमरूद, पाकड़, नीम, बेलपत्र, आम और अन्य प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट ने कहा कि संस्था पौधरोपण का अभियान निरंतर चला रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संस्था का हर सदस्य अपनी मां के नाम से एक पौधा लगा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने परिवार के हर सदस्य के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण भी करें। जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ आदि पर भी पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस अवसर पर नीतू सक्सेना, दीपक सक्सेना, अनिल सक्सेना, अमरीश चंद्र जौहरी, बीके सक्सेना, बिंदू सक्सेना, सुहासिनी सक्सेना, अरुण सक्सेना, अरविंद सक्सेना, अखिलेश सक्सेना और वर्क चैरिटेबल ट्रस्ट से अब्दुल मन्नान, शुजा मोमिन, फैज अल्ताफ अहमद, इलमा अहमद, आफिया इकबाल, आफरीन, अलीजा, रशीद रहमान आदि मौजूद रहे।



पौधरोपण करते प्रदीप सक्सेना एडवोकेट व अन्य। ● अमृत विचार

## बिजली गुल रहने से टीचर्स कॉलोनी के लोग रहे बेहाल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आशियाना की टीचर्स कॉलोनी में शुक्रवार देर रात अचानक तारों में फाल्ट हो गया, जिससे घरों में अंधेरा छा गया। सुबह बिजलीघर पर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर बिजलीकर्मियों ने फाल्ट ठीक किया। शुक्रवार को आशियाना फेज वन की टीचर्स कॉलोनी में रात करीब तीन बजे बिजली गुल हो गई। फाल्ट समझकर लोगों ने कहीं फोन नहीं किया, लेकिन जब एक घंटे बाद भी बिजली नहीं आई तो बिजलीघर में कॉल की तो फोन रिसीव नहीं हुआ। जेई शिव कुमार मौर्य ने बताया कि सुबह शिकायत मिलते ही स्टाफ को लाइन चेक करने को भेजा। चेकिंग में पता चला कि एक ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ गया जिसको दुरुस्त करवाने के बाद बिजली सुचारू हो सकी। वहीं कॉलोनी के लोगों ने बताया कि देर रात गुल हुई बिजली सुबह छह बजे के बाद सुचारू हुई।

## परेशानी — मोबाइल फोन से एमडीएम व बच्चों की उपस्थिति भर रहे शिक्षक

# टैबलेट से डिजिटल पंजिका में उपस्थिति बनी मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा को हाईटेक बनाने की सरकार की पहल स्थानीय स्तर पर सफल नहीं हो रही है। टैबलेट देकर शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों को हाईटेक बनाने की कोशिश कंपनी द्वारा की गई। लेकिन एप के काम न करने से टैबलेट से डिजिटल पंजिका में उपस्थिति नहीं लग पा रही है। ऐसे में शिक्षक मोबाइल से एमडीएम व बच्चों की उपस्थिति भर रहे हैं।

यह स्थिति किसी एक नहीं कई विकास खंडों की है। लेकिन छजलैट और कुंदरकी विकास खंड में शिक्षक इस समस्या से अधिक परेशान हैं। खंड शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में भी यह समस्या सामने आने पर उन्होंने जल्द समाधान का भरोसा दिलाया।

कुंदरकी विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय छतरुपुर में शिक्षक को मिले टैबलेट में प्रेरणा एप नेटवर्क समस्या के चलते काम नहीं कर रहा है। बताया जा रहा है कि एप हर दिन अपडेट मांगता है और डिलीट हो जाता है। यही स्थिति जूनियर हाईस्कूल चक किताबपुर के कंपोजिट विद्यालय में शिक्षक अनिल कुमार के सामने आई। उनके टैबलेट का सीरियल नम्बर-UT027SI0683260 674C0700 है। विभाग से जो सिम मिला है उसका नंबर 9105927096 है। उनका भी प्रेरणा एप पोर्टल इंस्टॉल करने के बाद एडमिन से डिलीट हो रहा है और नेटवर्किंग की समस्या भी आ रही है।

इसी तरह प्राथमिक विद्यालय रायब नगला की शिक्षक मोना बिष्ट के सामने समस्या आई। उनके टैबलेट पर भी प्रेरणा एप बार-बार अनस्टाल हो जा रहा है। जबकि छजलैट विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय फोलड़ा-पट्टी में यू डायस कोड 09042002702 के माध्यम से शिक्षक कमल सिंह को जो एसर कंपनी का टैबलेट मिला है उसका आईएमईआई नंबर 358459534590316 है। शिक्षक द्वारा सिम डालने के बाद भी नो सिम दिखा रहा है। जिससे काम में असुविधा हो रही है। छजलैट विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय गोविन्दपुर ज्ञानपुर के शिक्षक रामनिवास के सामने भी इसी प्रकार की समस्या आई।

> एसर कंपनी द्वारा टैबलेट की सप्लाई की गई है। उन्होंने पिछले दिनों छह स्कूलों का निरीक्षण किया। टैबलेट से डिजिटल पंजिकाओं में उपस्थिति दर्ज कराने में एप के काम नहीं करने की समस्या आ रही है। एमडीएम और बच्चों के उपस्थिति प्रधानाध्यापकों द्वारा मोबाइल से भरी जा रही है। एप कुछ जगह कार्य कर रहा है और कई जगह ओटीपी भी नहीं आ रही है। इसका समाधान करा रहे हैं। कंपनी के प्रतिनिधि से बात हुई है, पुराने की जगह नये एप के माध्यम से काम होगा। सोमवार से ऐसी समस्याओं का समाधान नये एप के माध्यम से टैबलेट संचालन से हो जाएगा।
>
> –त्रिलोकीनाथ, खंड शिक्षा अधिकारी, कुंदरकी



कंपोजिट विद्यालय गंज गांधी पार्क की ओर निकली रैली में शामिल शिक्षक राहुल शर्मा व छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## स्कूल चलो अभियान रैली निकाली

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** समग्र शिक्षा अभियान के तहत आउट ऑफ स्कूल बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने व बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए नगर क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय गंज गांधी पार्क से स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई।

रैली के माध्यम से स्कूली बच्चों ने शिक्षाप्रद नारे लगाकर आम जनता से अपील की कि वह स्कूल न जाने वाले बच्चों का प्रवेश सरकारी स्कूल में कराएं और अपने बच्चों को शिक्षित बनाएं। शिक्षकों ने क्षेत्र में भ्रमण कर परिवार सर्वेक्षण के माध्यम से भी स्कूल न जाने वाले बच्चों की जानकारी एकत्र की। अभिभावकों से अपने बच्चों को स्कूल भेजने की अपील भी की। इस दौरान शिक्षक राहुल शर्मा, रेखा चौहान, आयशा नूर, मोनिका पाल, सुजाता यादव, सुनीता यादव, विनीता, नाजिया आदि मौजूद रहे।

### नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोटरी क्लब संस्कृति ने नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। जिसमें डॉ. प्रांजल अग्रवाल की टीम ने 130 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। साथ ही दवा वितरित की। 35 लोगों को मुफ्त चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा व 20 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। जिनका निशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल, निधि बंसल आदि मौजूद रहीं।



पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA TM©
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।

- Ngo Registration
- Society Registration
- Trust Registration
- Section 8 Company Registration
- Project Report
- Audit Report
- Annual Report
- 12A Registration
- 80G Registration
- Website for Ngo
- Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
- E-Anudan, FCRA & MHRD
- One Person Company Registration
- LLP Company Registration
- Private Limited Company Registration
- MSME Registration & CSR
- Service Tax & DSC
- 35AC Registration
- Pan Card for Ngo
- PAN Registration
- Trade Mark Registration
- Copy Right Registration
- Patent Registration

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500277920 7500223290
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आज का मौसम**
मध्यम बारिश का अनुमान है।
30.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:21 | सूर्यास्त 07:17

**एक नजर**

### तमंचा के साथ मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुगलपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने तमंचा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से मादक पदार्थ सामग्री व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह के मुताबिक, शनिवार को अभियान के दौरान छापेमारी की गई थी। इस दौरान कटघर के करूला आबिद मार्केट निवासी सरफराज उर्फ बन्टी पुत्र नजाकत को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस और कुछ मादक पदार्थ सामग्री जब्त की है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कोर्ट में पेश कर आरोपी को जेल भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि नशे के विरूद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी है।

# लहूलुहान शव देख बिलख पड़े महिला के परिजन, कार्रवाई की मांग पर अड़े

## मौके पर पहुंचे सीओ कटघर ने कार्रवाई का आश्वासन दिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में महिला की गला रेतकर हत्या के बाद शनिवार तड़के आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गई। घटना के बाद पति नरेश मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद नरेश के ताऊ ने घटना की जानकारी रेशम के भाई को दी। सूचना पर पहुंचे भाई जगपाल समेत अन्य परिवार वालों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मायके वालों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

मृतका रेशम के भाई जगपाल ने बताया है कि नरेश के ताऊ ने लगभग चार बजे उन्हें फोन कर घटना की जानकारी दी थी। सुबह ही परिवार के साथ वह कटघर के लिए निकल लिए। महिला का लहूलुहान शव देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। भाई जगपाल ने दहेज उत्पीड़न को लेकर हत्या का आरोप लगाया है।


घटनास्थल पर लोगों से जानकारी करते क्षेत्राधिकारी कटघर। ● अमृत विचार

मौके पर पहुंच सीओ कटघर आशीष प्रताप सिंह ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस ने दंपति के तीन साल के बेटे को चश्मदीद माना है। फिलहाल पुलिस मामले में अपने स्तर से जांच कर रही है। पुलिस हिरासत में दो लोगों से पूछताछ की जा रही है। फरार पति नरेश की तलाश की जा रही है।

### कमरे में बंद कर रेशम को पीटता था नरेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भाई जगपाल ने बताया कि शादी के बाद पति और ससुराल वाले उनकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। पति आए दिन रेशम से मायके से पैसे लाने के लिए कहता था। नरेश मामूली बात पर भी पीटता था। कुछ दिन पहले नरेश ने कमरे में बंद करके रेशम की पिटाई की थी। तब दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला गया था। दोनों में समझौता होने के बाद कुछ दिन तक नरेश का व्यवहार ठीक रहा लेकिन बाद उसने रेशम की हत्या कर दी।

### पुलिस ने तीन साल के बच्चे को माना चश्मदीद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मृतका के भाई जगपाल ने बताया कि उसकी छोटी बहन रेशम की शादी करीब चार साल पहले नरेश के साथ हुई थी। दंपती के 2 बच्चे हैं। बड़े बेटे की उम्र करीब तीन साल है, जो घटना का चश्मदीद है। दूसरी बेटी है, जिसकी उम्र करीब एक साल है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घर में मिले तीन साल के बच्चे से भी बात की। बच्चे ने इशारे में पुलिस को बताया है कि उसके पिता ने ही मां की चाकू से गला रेतकर हत्या की है। मामले में पुलिस ने तीन साल के बच्चे को चश्मदीद माना है।

## दो अनफिट वाहन समेत तीन का चालान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संभागीय परिवहन विभाग व यातायात पुलिस द्वारा शनिवार को कांठ रोड पर स्कूलों की 55 बसों की फिटनेस खंगाली गई। जिसमें ज्यादातर बसें सही मिलीं। जबकि दो वाहन अनफिट व एक बिना बीमा चलती मिली। जिसके तहत तीनों वाहनों का चालान किया गया।

संभागीय परिवहन विभाग के आरआई हरिओम ने बताया कि शनिवार को यातायात पुलिस के साथ कांठ रोड पर स्कूलों वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान 55 वाहनों में से दो वाहन अनफिट पाए गए। जबकि एक वाहन में बीमा की वैधता समाप्त हो चुकी थी। जिस पर तीनों वाहनों का चालान कर दिया गया। इस दौरान आरआई हरिओम, यातायात उपनिरीक्षक राजकुमार गौतम, राजीव गुप्ता व लोकेंद्र शामिल रहे।


अनफिट वाहनों की जांच करती टीम।



ट्रेन में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला शातिर चोर। ● अमृत विचार

# नशे की लत पूरी करने को ट्रेनों में करता था चोरी

- जीआरपी ने चोर को गिरफ्तार कर दो चोरियों का किया खुलासा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राजकीय रेल पुलिस ने ट्रेनों में चोरी करने वाले चोर को गिरफ्तार कर दो चोरियों का खुलासा किया है। पकड़ा गया आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए ट्रेनों व स्टेशन पर चोरी करता था।

शनिवार को जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक राजन शर्मा ने अपनी टीम के साथ चेकिंग के दौरान नजाकत निवासी गांव रुस्तमपुर तिगरी थाना भोजपुर को गिरफ्तार किया। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक राजन शर्मा ने बताया कि 29 मई को पश्चिम बंगाल के जनपद बिरभूमि सैंथिया निवासी संजय अग्रवाल दून एक्सप्रेस से हरिद्वार से हावड़ा जा रहे थे। ट्रेन जब मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो अज्ञात चोर संजय अग्रवाल के गले से सोने की चेन चुराकर ले गया था। इसके अलावा दो जून को फरीदाबाद की कृष्ण कालोनी निवासी जूही सिंह ट्रेन संख्या 04059 में मुजफ्फपुर से सफर कर रही थी। ट्रेन जब मुरादाबाद पहुंची तो अज्ञात चोर महिला यात्री जूही का पर्स, जिसमें दो मोबाइल चुराकर ले गया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों चोरी आरोपी नजाकत ने की थी। आरोपी से 8220 रुपये की नकदी और मोबाइल बरामद कर लिया गया है।

## उधारी न चुकाने के लिए की थी महिला की हत्या

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बिलारी थाना क्षेत्र में महिला की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने चाचा-भतीजे को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से एक तमंचा और बाइक बरामद की है। आरोपियों ने उधारी न चुकाने पर महिला की हत्या कर शव गन्ने के खेत में फेंक दिया था।

एसपी देहात संदीप मीणा ने बताया कि थाना क्षेत्र के अहरौला निवासी मनवीर सिंह ने मंजू देवी की हत्या के मामले में 11 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के मल्हपुर सिधारी निवासी इन्द्रकेश पुत्र संतराम व गगन पुत्र रामवीर को गिरफ्तार किया है। दोनों चाचा-भतीजे हैं। आरोपी इन्द्रकेश ने पूछताछ में बताया कि मंजू से उसने दो लाख रुपये ब्याज पर लिए थे। वह रोजाना पैसे के लिए तगादा करती थी। 9 जुलाई को मंजू को पैसे देने के बहाने घर से दूर बुलाया। फिर इन्द्रकेश व गगन ने सिर में गोली मारकर मंजू की हत्या कर दी।


स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे निर्माण कार्य के कारण महानगर की सूरत बदलने लगी है। बुध बाजार और पीलीकोठी के पास रोड के किनारे लाल पत्थरों से सजाए जा रहे डिवाइडर लोगों के आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। ● अमृत विचार

## दोगुना का झांसा देकर 80 रुपये हजार ठगे

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला क्षेत्र में साइबर ठगों ने दोगुना मुनाफे का झांसा देकर युवती से 80 हजार रुपये निवेश करा लिए। संदेह होने पर पैसे वापस मांगे तो युवती का एकाउंट ब्लॉक कर दिया। पुलिस ने विकास कुमार दास पर रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के बुद्ध विहार निवासी श्रुति सिंह ने तहरीर में बताया है कि उनके फोन पर टेलीग्राम मैसेज आया था। जिसमें वीडियो लाइक करने पर पैसे आने का दावा किया था। जालसाजों ने युवती को निवेश करने पर दोगुना मुनाफे का झांसा दिया। जिस पर युवती ने कई बार में 80 हजार रुपये का निवेश कर दिया है। आरोप है कि तीन माह बाद पैसे वापस करने को बोला तो आरोपियों ने युवती का वेबसाइट से एकाउंट ब्लॉक कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी केके वर्मा ने बताया कि जल्दी ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# प्रॉपर्टी डीलर को बंधक बनाकर मांगी फिरौती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में बिकाऊ प्लॉट देखने के बहाने से प्रॉपर्टी डीलर को निर्जन इलाके में बुलाकर बंधक बनाने वाले आरोपियों को पुलिस ने महिला समेत गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने भूमि स्वामी की हत्या का 10 लाख में सौदा तय होने की बात कही थी। जान बख्सने की एवज में आरोपी आठ लाख की रंगदारी मांगने लगे। पीड़ित जैसे-तैसे जान बचाकर वहां से भागा।

एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया है कि सिविल लाइंस क्षेत्र के जिगर कॉलोनी निवासी अलीमुद्दीन ने शुक्रवार को शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि उनका एक भूखंड चौरासी घंटा के पास बिकाऊ है। इसी सिलसिले में पांच मई को उनके फोन पर ओमप्रकाश ने संपर्क किया। ओमप्रकाश ने बताया था कि एक पहचान वाले प्लॉट खरीदना चाहते हैं। 8 जुलाई को अलीमुद्दीन के पास दूसरे नंबर से आकाश सैनी की कॉल आई और वह प्लॉट खरीदने की बात कहने लगा। आकाश ने अगले दिन देर शाम को अलीमुद्दीन को पीतल बस्ती गेट पर बुलाया। अलीमुद्दीन को वहां पर नफीस, ओमप्रकाश, नईम और एक अन्य व्यक्ति मिला। आरोपियों ने उनकी जान का दस लाख रुपये में सौदा होने की बात कही। आरोपियों ने अलीमुद्दीन से 8 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। पैसों के इंतजाम की बात कहकर अलीमुद्दीन वहां से भागा। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस की टीम ने शनिवार को महिला समेत छह आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान कटघर के पीरजादा निवासी नफीस अहमद पुत्र मौ. खुर्शीद, पंडित नंगला के नईम पुत्र जाकिर हुसैन, बल्देवपुरी के आकाश पुत्र नौबत सिंह, गलशहीद के इन्द्रा चौक निवासी फैजान पुत्र इकराम, पीतल बस्ती के ओमप्रकाश और बिलारी के गांव निवासी एक महिला के रूप में हुई है।



पुलिस लाइन सभागार में खुलासा करते पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया।

- 12 घंटे बाद पुलिस के हत्थे चढ़े महिला समेत छह आरोपी

### हमबिस्तर होकर लोगों को ब्लैकमेल करती थी महिला आरोपी

आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में अपना जुर्म कबूल लिया है। आरोपियों ने बताया कि वह सबसे पहले लोगों को जाल में फंसाने के लिए महिला का इस्तेमाल करते हैं। महिला लोगों के साथ हमबिस्तर होती थी। इस दौरान वह अश्लील फोटो व वीडियो बना लेती थी। फिर एक साथ मिलकर सभी आरोपी ब्लैकमेल करते थे। फिर मोटी रकम की मांग करते थे। पैसे नहीं देने पर फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देते थे। अलीमुद्दीन के साथ भी आरोपियों ने यही खेल खेला, लेकिन सभी नाकाम रहे। इसके बाद उन्होंने अलीमुद्दीन के खिलाफ नया षड्यंत्र रचा और पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

**आयोजन**

टोरेंट कंपनी ने मनमर्जी से थमाए गैस बिल, भुगतान अदा करने पहुंचे सबसे ज्यादा वादकारी

# राष्ट्रीय लोक अदालत में सुबह से जुटी वादकारियों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर में किया गया। इस बार लोक अदालत में निस्तारण के लिए अधिकतर वादों को चिह्नित किया गया था। परिसर में सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। सबसे ज्यादा वादकारी टोरेंट गैस लि. के स्टॉल पर समस्या लेकर पहुंचे। मनमर्जी गैस बिल भुगतान के समझौते के लिए वादी कतार में लगे रहे।

आयोजन में अपर जिला जज/ नोडल अधिकारी मनीष कुमार, प्रथम अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किरन बाला और जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. अजय कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विधिक सेवा अधिकारियों ने मौजूद अधिकारियों से कहा कि वह लोक अदालत में आने वाले वादकारियों को अधिक से अधिक लाभ दिलवाएं, जिससे अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराया जा सके। अपर जिला जज/ नोडल अधिकारी मनीष कुमार ने प्रशासन से अपील की कि वादकारियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने का प्रयास करें। इसमें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, परिवार न्यायालय, भूमि प्रतितोष अधिकरण, स्थायी लोक अदालत, जिला उपभोक्ता आयोग प्रथम और द्वितीय, प्री लिटिगेशन से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जा सके। उन्होंने बताया है कि समझौते से किए हुए वाद के निस्तारण में दोनों ही पक्षों की जीत होती है।


दीवानी न्यायालय परिसर में टोरेन्ट गैस के स्टॉल पर बिल भुगतान के लिए जुटे वादकारी।

### टोरेंट गैस बिल भुगतान को मची मारामारी

दीवानी परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत में इस बार टोरेंट गैस लि. के स्टॉल पर गैस बिल भुगतान के लिए वादकारियों की भीड़ जुटी रही। कोई भुगतान अदा करने पहुंचा तो कोई सीमा से अधिक बिल आने से परेशान दिखा। गैस का बिल भुगतान करने पहुंचे कटघर के जुबैर ने बताया कि उन्होंने टोरेंट गैस लि. का लगभग डेढ़ साल पहले कनेक्शन लिया था। उन्होंने बताया है कि गैस का उपयोग नहीं करने के बाद भी तीन से चार हजार रुपये का बिल आता था। तंग आकर उन्होंने गैस कनेक्शन कटवा दिया। इसके बाद भी उनके घर पर बिल पहुंच गया। जुबैर मामले में समझौते के लिए दीवानी परिसर पहुंचे। वहीं मझोला के तनजीम और नौसाद समेत अन्य वादकारी भी टोरेंट गैस लि. के स्टॉल पर बिल भुगतान के लिए पहुंचे। शनिवार को दीवानी परिसर में सबसे ज्यादा टोरेंट गैस लि. के ही स्टॉल पर भीड़ दिखी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में ऐसे रखें मामले

पक्षकार, अभियुक्त अपने मामले का राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराना चाहते हैं, तो वह अपना प्रार्थना पत्र स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से संबंधित न्यायालय, कार्यालय में प्रस्तुत करके अपने मामले का निस्तारण कराकर लोक अदालत का लाभ उठा सकते हैं।

# आधारकार्ड अपडेट कराने को लगी भीड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर मुफ्त राशन पाने के लिए कार्डधारकों को ई-केवाईसी करानी पड़ रही है। जिसके माध्यम से ही उनके राशनकार्डों का सत्यापन हो रहा है। उमस भरी गर्मी में आधार कार्ड अपडेट करने में लोगों को पसीना छूट रहा है। मात्र एक आधार कार्ड अपडेट कराने में लोगों को पूरे दिन लाइन में लगना पड़ रहा है।

सरकार गरीबों को निशुल्क सस्ते गल्ले का राशन वितरण कर रही है। योजना में पारदर्शिता के लिए कार्ड धारकों को ई-केवाईसी करानी पड़ रही है। इसमें राशनकार्ड के हर यूनिट के सदस्यों का सत्यापन हो रहा है। केवाईसी के लिए सभी का आधार कार्ड अपडेट होना है। जिले में पात्र गृहस्थी के 5 लाख 22 हजार 153 कार्ड धारक हैं, वहीं अंत्योदय के 30,090 कार्ड धारकों को केवाईसी कराना है। रामपुर हाईवे पर आधार कार्ड अपडेट सेवा केंद्र पर कार्डधारकों की भीड़ जुटी।

केंद्र संचालक का कहना है कि आधार कार्ड अपडेट करने की प्रतिदिन की क्षमता मात्र 500 लोगों की है। लेकिन देर तक बैठकर 150 से 200 लोगों के आधार कार्ड अपडेट किए जा रहे हैं।


गांधीनगर में आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए लाइन में लगे लोग। ● अमृत विचार

**ई-केवाईसी**

- आधार कार्ड अपडेट सेवा केंद्र पर लाइन में लगे लोग
- मुफ्त राशन के लिए ई-केवाईसी कराना जरूरी हुआ

## एक नजर

### अरविंद बने एनएचएआई के नए परियोजना निदेशक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के क्षेत्रीय कार्यालय (आरओ) के नए परियोजना निदेशक (पीडी) अरविंद कुमार बनाए गए हैं। इससे पहले वह छत्तीसगढ़ के आरओ कार्यालय में उप महाप्रबंधक (डीजीएम) पद पर तैनात थे। अरविंद कुमार ने जिले में आकर पद का कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। इनसे पहले मुरादाबाद क्षेत्रीय कार्यालय के पीडी अनुज कुमार जैन थे। इनका कुछ दिनों पहले गैर जनपद स्थानांतरण हो गया था।

### वास्तव में भक्ति में ही शक्ति है : प्रशांत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री महाकाल सेवक संघ की ओर से शनिवार को पारकर रोड स्थित श्री महाकाल स्टोर पर साप्ताहिक रसोई का आयोजन हुआ। इसमें इच्छापूर्ति सिद्ध पीठ के महंत प्रशांत गुरुजी ने कहा कि देवाधिदेव महादेव उर्फ महाकाल की आराधना किसी भी समय की जा सकती है। वास्तव में भक्ति में ही शक्ति है। इस शक्ति को प्राप्त करना है तो प्रभु की शरण में जाना होगा। उन्होंने कहा कि भगवान भोले की आराधना के लिए सबसे प्रिय माह सावन आने वाला है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बड़ी तादाद में श्रद्धालु पवित्र नदियों का कांवड़ के माध्यम से जल लाकर महादेव को चढ़ाते हैं। कार्यक्रम संयोजक मोहित राज गुप्ता ने बताया कि महाकाल की कृपा पाकर ही मानव अपने जीवन को धन्य बना सकता है। प्रेम प्रकाश सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुशील कुमार शर्मा, सुनील शर्मा, आशीष, चित्रांश, मुकेश वर्मा, अमित सक्सेना, शिवा, अंकित गुप्ता, अंकित यादव, पुनीत गोयल, मनु राज गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, बीना गुप्ता, एसके त्रिवेदी, प्रशांत कुमार, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

**मैनाठेर, अमृत विचार :** शनिवार को थाना दिवस में बिलारी उप जिलाधिकारी मणि अरोड़ा और क्षेत्राधिकारी बिलारी राजेश तिवारी ने लोगों की समस्याएं सुनीं। दोनों अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। समाधान दिवस में छह फरियादियों ने उप जिलाधिकारी से शिकायत कीं। जिसमें चार शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान लेखपाल शरीफ अहमद, अभिनव शर्मा, सुमन, कानूनगो राजीव प्रभाकर, कहर सिंह, परवेज अली, मोईनुद्दीन, विकास चौधरी, लेखपाल मौजूद रहे।

## कार का शीशा तोड़ दो लाख लूटे, आरोपी फरार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाना में बदमाश कार का शीशा तोड़कर रुपयों से भरा बैग लूट ले गए। युवक खाना खाने के लिए एक ढाबा पर रुका था। इसी दौरान बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। मौके पर पहुंची पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

थाना क्षेत्र के दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल से पहले कार सवार युवक खाना खाने के लिए अतिथि ढाबा पर रुका था। खाना खाने के बाद युवक ने कार के शीशे टूटे हुए देखे तो दंग रह गया, कार में रखा दो लाख की नकदी से भरा बैग गायब था। बाइक सवार बदमाश पैसों से भरा बैग लेकर मौके से फरार हो गए। आनन-फानन में पीड़ित ने वारदात की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपियों की शिनाख्त के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को पकड़ने की बात कही है।

### जिक्र-ए-कर्बला की महफिल के पांचवे दिन मुफ्ती दानिश कादरी ने बयां की हजरत फातिमा की सीरत

# नबी ने फरमाया जन्नती औरतों की सरदार हैं हजरत सय्यदा फातिमा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लाल मस्जिद में चल रही जिक्र-ए-शहीदाने कर्बला की महफिल के पांचवें दिन मुफ्ती दानिश कादरी ने प्यारे नबी की बेटी हजरत सय्यदा फातमा की सीरत पर खिताब किया। जिसमें उन्होंने कहा कि प्यारे नबी की प्यारी बेटी हजरत फातिमा जन्नती औरतों की सरदार हैं।

मुफ्ती दानिश कादरी ने अपने खिताब में बताया कि अल्लाह के नबी अपनी बेटी हजरत सय्यदा फातिमा से बेइंतहा मोहब्बत करते थे। अल्लाह के नबी ने फरमाया कि फातमा मेरे जिगर का टुकड़ा है। इतना ही नहीं जब हजरत फातिमा तशरीफ लाती थी तो हमारे नबी उनकी मोहब्बत में खड़े हो जाते थे। प्यारे नबी ने फरमाया कि जिसने हजरत फातिमा को तकलीफ दी, उसने मुझे तकलीफ दी। उन्होंने बताया कि अल्लाह के नबी ने उस दौर में हजरत फातिमा को जिगर का टुकड़ा बताया था, जब लोग अपनी बेटियों को जिंदा दफना दिया करते थे। लेकिन हमारे नबी ने पैगाम दिया कि तुम लोग अपनी बेटियों को दफनाते और मेरा किरदार यह है कि मैं अपनी बेटी फातमा को सीने से लगाता हूं। हजरत सय्यदा फातमा की सीरत इतनी रोशन थी कि वह नबी की बेटी होने के बाद भी घर का काम खुद करती थी और बेसहारा लोगों की मदद करती थी। वह खुद फाके में रहकर खाना किसी भूखे को दिया करती थी। उन्होंने कहा कि आज की औरतों को भी हजरत फातिमा की सीरत से रोशनी हासिल करनी चाहिए। इस मौके पर इंजीनियर जद्दन खां, फुरकान, कारी सलीम, शुजात अकरमी, रिजवानुर रहमान अकरमी, रईस अकरमी, अली साद व इमरान कादरी शामिल रहे।



लाल मस्जिद में जिक्र ए कर्बला की महफिल को खिताब करते मुफ्ती दानिश कादरी।

### आज लाकड़ीवालान से निकलेगा जुलूस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रविवार को लाकड़ीवालान स्थित मरहूम अली हैदर के मकान से शाम को जुलूस निकलेगा। जुलूस में मुरादाबाद के अलावा आसपास के जनपदों की अंजुमनें भी शिरकत करेंगी। यह जुलूस लाकड़ीवालान से शुरू होकर राजकीय इंटर कालेज, फैजगंज, गोकुलदास रोड, एस कुमार का चौराहा होते हुए कोहना मुगलपुरा स्थित बन्नो बी के इमामबाड़े पर संपन्न होगा।

### इमाम हुसैन व उनके बेटे का वाकया सुनकर रोए अजादार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुहर्रम की छठी तारीख पर शिया समुदाय में मजलिसों का सिलसिला जारी रहा। शनिवार को महानगर के मोहल्ला लाकड़ी वालान में मरहूम अली यावर नकवी के मकान पर सुबह में पहली मजलिस हुई। मजलिस में मार्सिया खुवानी हाजी शबी हैदर ने की और सलाम हैदर ने पेश किया। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना हसन मुज्तबा ने बताया कि इमाम हुसैन ने 18 साल के बेटे हजरत अली अकबर को कर्बला के मैदान में हक की लड़ाई लड़ने के लिए भेजा। हजरत अली अकबर के मैदान जाते समय हजरत इमाम हुसैन उनके पीछे चले तो उन्होंने कहा कि बाबा आप तो मुझे विदा कर चुके हैं। आप मेरे पीछे क्यूं आ रहे हैं। इमाम हुसैन ने कहा कि बेटा तुम अभी साहिबे औलाद नहीं हो, अगर तुम्हारा भी कोई बेटा होता तो तुम्हें पता चलता कि जिसका जवान बेटा जंग के मैदान में लड़ने जाए तो बाप पर क्या गुजरती है। इमाम हुसैन व उनके बेटे का वाक्या सुनकर अजादार रोने लगे और या हुसैन की सदाएं बुलंद हुई। मजलिस के बाद आसिम यावर ने नोहा पढ़ा, जिसमें अजादारों ने मातम किया। शाम को दूसरी मजलिस चौमुखापुल स्थित इमामबाड़ा मीर सआदत में हुई। दूसरी मजलिस को मौलाना अली मोहम्मद ने खिताब किया। उन्होंने मजलिस में मौजूद अजादारों को छठीं मुहर्रम पर कर्बला में हुआ वाकया सुनाया। रात को तीसरी मजलिस लाकड़ी वालान स्थित इमामबाड़ा हकीम फरजंद अली में हुई। इस दौरान कायम हसनैन, अनीस बाकरी, महताब हैदर, नावेद यावर, मोहम्मद अब्बास, नाजिम परवेज, जावेद यावर, इमरान नकवी, आमिर नकवी, मोहम्मद आलम, असद मोलाई, गोहर मिर्जा, हाजी अमीरूल हसन जाफरी, गुलरेज हैदर रिजवी समेत अन्य अजादार शामिल रहे। संभल रोड आजाद नगर स्थित इमामबाड़े में भी मजलिस हुई।

# शिवभक्तों के लिए गड्ढा मुक्त होगा कांवड़ पथ

### पीडब्ल्यूडी ने कसी कमर, बढ़ाई श्रमिकों की संख्या और उपकरण, रात-दिन छजलैट तक चलेगा कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लोनिवि के अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा को लेकर कमर कस ली है। विभाग कांठ रोड पर किले से छजलैट तक कांवड़ मार्ग को गड्ढा मुक्त कराने का दावा कर रहा है। इसके लिए रविवार से उपकरण और अतिरिक्त श्रमिकों के साथ रात-दिन काम कराया जाएगा। जिससे 22 जुलाई को श्रावण माह शुरू होने से पहले यह मार्ग गड्ढा मुक्त हो जाए और शिवभक्तों को परेशानी न हो।

हरिद्वार से गंगाजल लाने वाले भोले के भक्त मुरादाबाद ही नहीं आसपास के जिलों से भी कांठ रोड से ही होकर गुजरते हैं। महानगर में स्मार्ट सिटी के कार्य के चलते एक साल से कांठ रोड का एक लंबा हिस्सा उखड़ा पड़ा था। इसके अलावा 22 किलोमीटर तक की सड़क का भी यही हाल है। 22 जुलाई से सावन मास की शुरुआत है। इस बार सावन के पहले दिन ही सोमवार पड़ रहा है। इसे देखते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने पीएसी से छजलैट तक का मार्ग गड्ढा मुक्त करने के लिए अतिरिक्त मशीन व लेबर की व्यवस्था की है। रविवार से छजलैट तक कार्य एक साथ तेजी से कराया जाएगा। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड नावेद खान ने बताया कि कांठ रोड को कांवड़ यात्रा शुरू होने से दो दिन पहले ही गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा। इसके लिए ठेकेदार के अलावा विभाग की ओर से 100 मजदूर अधिक लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी कार्य में जल निगम और बिजली विभाग का कार्य समय से नहीं पूरा हो पाया। जबकि लोनिवि एक जुलाई से रोड बनाने की तैयारी कर चुका था। कांवड़ पथ के लिए लोनिवि ने कांठ रोड पर पीएसी तिराहे से छजलैट तिराहे तक दो ट्रैक्टर-ट्राली, एक जेसीबी और 10 मजदूर की मोबाइल टीम बनाई है। छजलैट तक जहां सड़क संबंधित कोई भी समस्या होगी वहां तुरंत मोबाइल टीम पहुंचेगी और परेशानी का समाधान करेगी।



महिला पॉलिटेक्निक के पास चल रहा सीवर पाइप लाइन का निर्माण कार्य।




डिडौली में मुरादाबाद-दिल्ली हाईवे पर जलभराव खत्म करने को पाइप डालते कर्मी।

### कांवड़ यात्रा प्रारंभ होने से पहले एनएचएआई की तैयारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा प्रारंभ होने से पहले भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारी तैयारी में जुट गए हैं। एचएचएआई के सहायक अभियंता शांतनु ने बताया कि जिले में प्रमुख रूप से दो नेशनल हाईवे पर कांवड़ियों का आवागमन रहता है। इनमें मुरादाबाद-दिल्ली हाईवे और दूसरा मुरादाबाद-बरेली हाईवे है, जहां से कांवड़ यात्रा निकलती है। उन्होंने बताया कि इन दोनों हाईवे का सर्वे कर लिया गया है, जहां जल भराव की समस्या थी, उसे दुरुस्त कराया गया है। मुरादाबाद-दिल्ली हाईवे पर डिडौली पर ह्यूम पाइप डालकर जल भराव की समस्या को दूर करा दिया गया है। मुरादाबाद से बरेली हाईवे पर जल भराव की कोई समस्या नहीं है। दोनों हाईवे पर गड्ढे भी नहीं हैं। यदि कोई दिक्कत आएगी तो दूर कराएंगे।



दिल्ली रोड पर बारिश के बाद से बंद पड़ा रिंग रोड का निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

## रिंग रोड के निर्माण कार्य में मानसून बना रुकावट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** किसानों को मुआवजा धनराशि मिलने में देर से रिंग रोड का निर्माण कार्य निर्धारित समय से शुरू नहीं हो पाया। अब मानसून आड़े आ रहा है। रिंग रोड का निर्माण कार्य एक साथ दो स्थानों पर चल रहा है। 6 जुलाई में बारिश से रिंग रोड का निर्माण कार्य बंद हो गया है।

दिल्ली रोड के धनुपुरा गांव में रिंग रोड के पहले छोर का कार्य शुरू हुआ था। वहीं कांठ रोड पर इस्लाम नगर गांव से काफियाबाद गांव तक रिंग रोड के क्षेत्रफल में निर्माण के लिए मिट्टी बिछाने का कार्य हो पाया है। 10 दिन से निर्माण कार्य बंद है। निर्माण कर रही कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर के अनुसार 6 जुलाई से शुरू हुई बारिश से बिछाई गई मिट्टी बहने लगी है। जिसके कारण कार्य बंद किया गया। मानसून के बाद कार्य में तेजी आएगी। फिलहाल 34 किलोमीटर के क्षेत्रफल के पहले भाग में कार्य किया जा रहा है। दूसरा पार्ट 39 किलोमीटर का है। अभी इससे संबंधित किसानों को मुआवजे का वितरण नहीं हो पाया है। 85 प्रतिशत वितरण कार्य पूरा होने के बाद ही जमीन पर कब्जा मिलने के बाद वहां कार्य शुरू होगा।



केरल के राज्यपाल आरिफ मोहमद खान पूर्व विधायक रिफाकत चौधरी के परिवार से मिलने सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जिगर कॉलोनी पहुंचे थे। जहां एक घंटा रुक कर उन्होंने परिवार के लोगों से मुलाकात की। उसके बाद वह कोतवाली इलाके के भट्टी मोहल्ले में अपने एक और रिश्तेदार से मिलने पहुंचे। राजपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मीडिया से बात करने से इंकार कर किया। वह अमरोहा के हसनपुर में अपने एक रिश्तेदार के यहां इंतकाल के बाद ताज़ियत के लिए आए थे, जिसके बाद वह मुरादाबाद पहुंचे थे। सर्किट हाउस में राज्यपाल के साथ मौजूद एडीएम सिटी, एसपी सिटी व अन्य। ● अमृत विचार

### 4 करोड़ से भरे जाएंगे ठाकुरद्वारा मार्ग के गड्ढे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद से ठाकुरद्वारा तक 38 किमी मार्ग के बीच का सफर काफी मुश्किल भरा है। मार्ग पर गहरे गड्ढे हैं और जल भराव है। यहां दो पहिया वाहन चालक इन गड्ढों के कारण नियंत्रण खो बैठते हैं और गिरकर चोटिल होते हैं। हर साल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारी इस मार्ग पर गड्ढे भराने का काम करते हैं। इस बार एनएचएआई के सहायक अभियंता शांतनु ने बताया कि मुरादाबाद से ठाकुरद्वारा तक गड्ढे भरने के लिए ठेकेदार ने प्रपोजल दिया है। इसमें 4 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। गड्ढे भरने का काम अगले 10दिन में शुरू होगा।

## हम शक्ले नबी व जनाबे अली की शहादत बयां की

संवाददाता, अगवानपुर

- मजलिस में मर्सीया ख्वानी कुमैल हैदर ने की

**अमृत विचार :** नगर में हो रहे अशरा ए मोहर्रम की छठी तारीख को मजलिस में हम शक्ले नबी, जनाबे अली अकबर की शहादत बयां की। इस दौरान शहादत सुनकर अजादारो का रोकर बुरा हाल हो गया।

नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूख स्थित इमामबाड़ा पंजेतनी में मजलिस को खिताब कर रहे मौलाना हाफिज मुअस्सिर अब्बास ने इमाम हुसैन के उस बेटे की शहादत बयां की, जो सीरत और सूरत में अल्लाह के नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा की तरह थे। मौलाना ने कहा कि हजरत अली अकबर ने अपने बाबा इमाम हुसैन से जंग करने की इजाजत मांगी। इमाम हुसैन ने कहा बेटा मैं तुम्हे कैसे इजाजत दूं, तुम तो मेरे नाना की शबीह हो, मुझे जब अपने नाना का दीदार करना होता था मैं तुम्हें देख लेता था। इमाम हुसैन से जनाबे अली अकबर को इजाजत मिली। जनाबे अली अकबर मैदान में जंग कर रहे थे कि एक जालिम ने जनाबे अली अकबर के सीने पर बरछी मारी। जिससे जनाबे अली अकबर घोड़े पर न संभल सके। इमाम हुसैन ने बरछी को निकाला तो बरछी के साथ अली अकबर का कलेजा निकल आया और अली अकबर दुनिया से कूच कर गए। ये सुनकर अजादारों में कोहराम बरपा हो गया। मजलिस में मर्सीया ख्वानी कुमैल हैदर ने की। इस दौरान तस्वीर हैदर, केसर अब्बास, शब्बू नकवी, इंतेकाब हुसैन, अंसार हुसैन, सरवर हुसैन, आसिफ नकवी, मेराजुल हसन, अफसर हुसैन, हुसैन रजा, गुलजार रजा, दानिश रजा आदि लोग मौजूद रहे।

## घरेलू विवाद में अकरम ने की थी आत्महत्या

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इमाम मोहम्मद अकरम ने घरेलू विवाद के चलते खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। अकरम का शव 11 जून को घर के पास से बरामद किया गया था। तभी से पुलिस मौत की गुत्थी सुलझाने में लगी हुई थी। शनिवार को फारेंसिक जांच के बाद उर्दू में लिखे दो पेज के सुसाइट नोट से आत्महत्या की पुष्टि हुई है।

भैंसिया के निवासी अकरम का शव 11 जून को घर के पास मिला था। उसके सीने में गोली लगी थी और शव के पास तमंचा पड़ा था। परिवार वालों ने पुलिस को दो पेज का सुसाइड नोट दिया था। एसएसपी ने सुसाइड नोट दिल्ली भेजा था। सुसाइड नोट उर्दू में था, जिसे ट्रांसलेट कराया गया। परिजनों ने सुसाइड के अकरम की हैंड राइटिंग में होने की बात कही थी। एसपी सिटी ने बताया कि अकरम की मौत की गुत्थी सुलझ गई। अकरम ने घरेलू विवाद के चलते आत्महत्या करने का जिक्र किया है।

# कांवड़ियों के लिए चलेंगी पांच ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी कांवड़ मेले को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिसमें रेलवे द्वारा मुरादाबाद-लक्सर, हरिद्वार-दिल्ली समेत पांच मेला स्पेशल ट्रेनें संचालित की जाएगी। इसके अलावा दिल्ली-शामली और दिल्ली-सहारनपुर मेमू ट्रेनों को विस्तार देते हुए हरिद्वार तक चलाया जाएगा। इतना ही नहीं सावन में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने हरिद्वार, गढ़, राजघाट और बालावाली स्टेशनों पर अतिरिक्त व्यवस्था की है। आला हजरत समेत सात जोड़ी ट्रेनों का मेला स्टेशनों पर ठहराव निर्धारित किया है।

हर साल सावन माह में हजारों की संख्या में कांवड़िये बृजघाट व हरिद्वार जल लेने के लिए जाते हैं। कांवड़ियों को सुविधा देने को लेकर रेलवे ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रेल प्रशासन का मुरादाबाद रेल मंडल में कांवड़ियों की संख्या को देखते हुए पांच मेला स्पेशल ट्रेनों को चलाने का प्रस्ताव है। जिसमें मुरादाबाद-लक्सर, हरिद्वार-दिल्ली, दिल्ली-योगनगरी ऋषिकेश, योगनगरी-लखनऊ व योगनगरी से बरेली के लिए मेला स्पेशल चलाई जाएगी, जबकि दिल्ली-सहारनपुर मेमू (04403-04) और दिल्ली शामली (04465-66) को विस्तार देते हुए हरिद्वार तक अपनी टाइमिंग के अनुसार 22 जुलाई से चार अगस्त तक चलाने का प्रस्ताव रखा गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने कांवड़ मेला स्पेशल ट्रेनों के अलावा दो मेमू गाड़ियों को हरिद्वार तक संचालन किया जाएगा। इसके अलावा कांवड़ मेला स्टेशनों पर छह ट्रेनों के लिए स्टापेज निर्धारित किए हैं। उन्होंने बताया कि यह पूरा प्रस्ताव मुख्यालय भेज दिया गया है।

### दिल्ली से गोरखपुर के लिए स्पेशल ट्रेन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली से गोरखपुर तक स्पेशल ट्रेन संचालन करने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन एक सितंबर तक संचालित होगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेनों में लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली से गोरखपुर तक के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या-04494 दिल्ली से गोरखपुर के लिए 31 अगस्त तक संचालित होगी। जबकि ट्रेन संख्या-04493 गोरखपुर से दिल्ली के लिए एक सितंबर तक संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह स्पेशल ट्रेन मुरादाबाद, बरेली, रामपुर, अमरोहा में भी रुकेंगी।

## जिला अस्पताल में 12 दिन से बंद है सीटी स्कैन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला अस्पताल का ट्रामा सेंटर बंद हुए शनिवार को 12 दिन हो गए। अभी तक ट्रामा सेंटर दोबारा शुरू नहीं हो सका है। सीटी स्कैन से संबंधित रोगियों का निजी क्लीनिक पर 4-5 हजार खर्च कर सीटी स्कैन कराना पड़ रहा है या फिर उन्हें सीटी स्कैन के लिए अमरोहा अथवा रामपुर जिला अस्पताल जाना पड़ रहा है।

दरअसल, दो जुलाई को ट्रामा सेंटर में आग लग गई थी। सभी 32 ड्राई बैटरियां ब्लॉस्ट हो गई थी। आग और धुआं की वजह से पूरा ट्रामा सेंटर भवन काला पड़ गया था। यहां तक कि बिजली वायरिंग भी जल गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। वैसे घटना के समय कुल छह रोगी ट्रामा सेंटर में भर्ती थे। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता को उम्मीद है कि नई बैटरियां सोमवार तक आ जाएंगी।

**प्रतियोगिता सम्पन्न** — मुख्य अतिथि ने विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया

# अंडर 18 बालक में सुमित सजन ने बाजी मारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विल्सोनिया स्कूल में चल रही दो दिवसीय शीरीन संतराम मेमोरियल अंतर विद्यालय शतरंज प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। इसमें अंडर 18 बालक वर्ग में स्प्रिंगफील्ड के सुमित सजन ने पहला, जीएनपीएस के अतुल ने दूसरा और स्प्रिंगफ्रील्ड के ही उत्कर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता की शुरुआत विल्सोनिया कॉलेज के प्रबंधक आशीष संतराम, प्रधानाचार्य संगीता रेविस, अविश रेविस ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की। इस मौके पर मुख्य अतिथि महाराजा हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर मनीष भट्ट रहे। दूसरे दिन की प्रतियोगिता में रोमांचक मैच देखने को मिले। प्रतिभागियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और कई अप्रत्याशित चालें चलीं। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष चंद्रकांत सरन, प्रमोद विष्ठ, वीरेंद्र सिंह, अरसम जावेद आदि मौजूद रहे।




शतरंज प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### इन खिलाड़ियों ने मारी बाजी

अंडर 18 बालिका वर्ग में एडम एंड ईव की हुदा परवीन ने पहला, विल्सोनिया स्कॉलर्स होम की आयुषी वर्मा ने दूसरा और विल्सोनिया कॉलेज की अकूफा माही ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 बालक वर्ग में स्प्रिंगफील्ड कॉलेज के संस्कार पहले, जीएनपीएस के मुकुल दूसरे और अब्दुल रहमान तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा 14 बालिका वर्ग में विल्सोनिया कॉलेज की कृति भटनागर ने प्रथम, एडम एंड ईव ने सना ने द्वितीय और स्प्रिंगफील्ड कॉलेज की अनन्या सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## हर समय लेना चाहिए प्रभु का नामः अर्द्धमौनी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिव मंदिर दीनदयाल नगर में श्रीराम कथामृत वर्षा का आयोजन हुआ। इसमें आचार्य धीरशांत अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान श्रीराम का आदर्श चरित्र समस्त संसार का गौरवशाली आभूषण है।

उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम ने अपने मधुर व्यवहार से समस्त मानव जाति के जीवन-पथ को प्रकाशित कर धर्म संस्कृति की ज्योति जलाई। भगवान के नाम का आश्रय दृढ़ता से पकड़ लीजिए। अन्य साधनों का विरोध नहीं है। सब करें, अच्छी तरह करें। पर आश्रय हरिनाम का पकड़ें। भाव होगा तो काम होगा। पर हरिनाम बिना भाव के ही हमारा काम कर देगा। उन्होंने कहा कि मन से न हो, भाव से न हो कोई बात नहीं, केवल जीभ से हरिनाम लें, सकाम निष्काम कैसे भी करें, आदत डाल लें। इस दौरान सुधा शर्मा, हरिओम शर्मा, सोनाली सरोज, आर्यन शर्मा, कनिका शर्मा, वाणी शर्मा आदि मौजूद रहे।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

## श्रीराम दरबार की धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आरती के बाद भक्तों को प्रसाद बांटा और भंडारा किया

**अमृत विचार :** पंचमुखी मंदिर जैन मंदिर रोड पर शनिवार को श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसका आयोजन डॉ. राकेश कुमार ने सपरिवार किया। कार्यक्रम की शुरुआत 11 जुलाई से डॉ. राकेश कुमार के निवास पर पूजा से हुई। जिसका समापन शनिवार को हवन पूजन से किया गया। इसके बाद श्री राम दरबार की शोभायात्रा उनके निवास से पंचमुखी मंदिर तक निकाली गई। आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान डॉ. रोमिल सिंघल, रूपांशु सिंघल, राहुल, राजू, नितिन आदि मौजूद रहें।

## एक नजर



नेपाल में प्रतियोगिता के पदाधिकारियों के साथ अमित चौधरी। ● अमृत विचार

### अमित ने नेपाल में भाला फेंक में जीता स्वर्ण पदक

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ग्राम अमृतपुर फखरुद्दीन निवासी अमित चौधरी ने इंडो नेपाल यूथ चैंपियनशिप में भाला फेंक में 75.86 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता है। जिसमें अमित चौधरी ने पहली थ्रो 68.95, दूसरी थ्रो 73.58, तीसरी थ्रो 75.86 के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### एसएसपी से की कांस्टेबल की शिकायत

**कांठ, अमृत विचार :** ऊमरी कलां चौकी पर तैनात सिपाही पर ऊमरी कलां निवासी सलाउद्दीन पुत्र बुन्दू ने आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी सिपाही आएदिन मुझे घर आकर धमकाता है और रुपयों की मांग करता है। रुपये नहीं देने पर जेल भिजवाने की धमकी देता है। पीड़ित ने बताया कि एक सप्ताह पहले सिपाही ने घर पर पहुंचकर उसकी मां के साथ बदसलूकी की, जब पीड़ित ने उसकी शिकायत की तो झूठे मुकदमे में फंसाकर चालान कर दिया। पीड़ित ने बताया कि आठ जुलाई को सिपाही फिर घर आया और धमकाया। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### रैबिट रेस में दमिशा, शौर्य, चित्रा व शिव विजयी

**बिलारी, अमृत विचार :** शनिवार को स्टेशन रोड स्थित एसएमएस पब्लिक स्कूल में वन संरक्षण अभियान के तहत प्रतियोगिता हुई। जिसमें बच्चों ने लगाकर हरियाली का संदेश दिया। विद्यालय के अध्यापक विशाल वर्मा ने बताया कि हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों ने खरगोश दौड़ लगाई। इसमें अध्यापिका रजनी, कशिश, ऋतु शुक्ला, अनीता रानी का योगदान रहा। प्रबंधक गोपाल कृष्ण भारद्वाज तथा निदेशक अभिषेक भारद्वाज ने पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। पुरस्कार वितरण में एनसी में दमिशा, शौर्य, चित्रा, शिव, गुड़िया, जिक्रा, आबू बकरआदि ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# परंपरागत मार्गों से निकालें जुलूस

## एसपी देहात ने सभी से पुलिस-प्रशासन के सहयोग की अपील की

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक देहात ने नगर में पैदल मार्च किया और व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने सभी त्योहारों को भाईचारे से मनाने की अपील की।

एसपी देहात संदीप कुमार मीणा, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, इंस्पेक्टर जयदेव सिंह यादव ने पुलिस बल के साथ मुख्य बाजार में पैदल मार्च किया। पुलिस अधीक्षक देहात ने बाजार में व्यापारियों से बात की और कहा कि अगर उन्हें किसी तरह की कोई समस्या है तो बताएं।

पुलिस अधीक्षक देहात ने कहा कि मुहर्रम के जुलूस परंपरागत रास्तों से निकाले जाएं। कोई भी नई परंपरा नहीं होनी चाहिए और सभी ताजियेदार इस बात का ध्यान रखें कि जिस तरह से पहले मुहर्रम के ताजिए निकालते रहे हैं, अब भी वैसे ही निकाले जाएंगे। नई परंपरा शुरू नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई को मुहर्रम के ताजिए निकलेंगे। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में समय से पुलिस फोर्स लगाने के निर्देश थाना प्रभारी निरीक्षक को दिए गए।



ताजियेदारों से वार्ता करते एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीणा। ● अमृत विचार

### पुलिस और आरआरएफ ने किया पैदल मार्च

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** आरआरएफ( रैपिड रिक्शन फोर्स) ने शांति व्यवस्था को लेकर कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस के साथ पैदल मार्च किया। नगर में कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी व आरआरएफ कमांडर राकेश कुमार के नेतृत्व में आरआरएफ के जवानों व पुलिस ने पैदल मार्च किया। सुरक्षा बलों ने शरीफनगर, सुरजननगर में भी पैदल मार्च किया। वहीं, कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी ने ताजियों के जुलूस के रास्तों का निरीक्षण किया। उपनिरीक्षक विपिन कुमार, उपनिरीक्षक राकेश कुमार, कांस्टेबल गुलशन कुमार, मनीष कुमार रहे।

### मुहर्रम को लेकर एसपी देहात ने दिए निर्देश

**मैनाठेर/कुंदरकी, अमृत विचार :** शनिवार को कोतवाली मैनाठेर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संदीप कुमार मीणा ने शांति समिति के पदाधिकारियों साथ बैठक की। बैठक में ताजियेदार, इमाम और ग्राम प्रधान मौजूद रहे। बैठक में एसपी ग्रामीण ने कहा कि मुहर्रम परंपरागत तरीके से मनाया जाए। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। कहा कि कांवड़ यात्रा भी शुरू हो रही हैं, इसे भी भाईचारे के साथ संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें। ग्राम प्रधानों ने कहा कि त्योहार पर रास्तों की सफाई, पानी और बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त कराएं। एसपी ग्रामीण संदीप मीणा ने चौकीदारों को टार्च वितरित कीं। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिंह के साथ थाने का स्टाफ ताजियेदार, ग्राम प्रधान और क्षेत्रीय संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## मंदिर से घंटे चोरी करते दो आरोपियों का पकड़ा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ठाकुरद्वारा कमलापुरी कालाझंडा मार्ग पर प्राचीन शिव मंदिर है। शनिवार तड़के जब ग्रामीण मंदिर में पूजा के लिए पहुंचे तो दो लोग घंटे चुराकर नशे की हालत में वहां से निकल रहे थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने उन्हें दबोच लिया।

गांव निवासी रामचन्द पुत्र पूरन सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार तड़के पूजा करने गए मंदिर गए लोगों को घंटे व अन्य गिरने की आवाज आई। जिसमें मौके पर मौजूद गांव के अरुण कुमार व खेत जा रहे शाहरुख ने मंदिर में जाकर देखा तो चार घंटे, एक दीपक व त्रिशूल के छह टुकड़े लेकर चोर वहां से निकल रहे थे। ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया और पुलिस को बुलाकर उन्हें सौंप दिया। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों चोरों नशे में थे, उनकी जेब से सफेद रंग की पुड़िया और इंजेक्शन भी मिला। पकड़े गए युवकों में समीर पुत्र शकील, आसिफ पुत्र शब्बीर निवासी ठाकुरद्वारा हैं। कोतवाली पुलिस ने आरोपी समीर,आसिफ को न्यायालय के समक्ष पेश कर किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

### निजी कंपनियों के सिम बीएसएनएल में पोर्ट करा रहे लोग

**कांठ, अमृत विचार :** नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग निजी कंपनियों के रिचार्ज अधिक होने से अब सरकारी कंपनी बीएसएनएल में अपना नंबर पोर्ट करा रहे हैं। जियो, एयरटेल और वीआई ने हाल ही अपने रिचार्ज महंगे कर दिए हैं। साथ ही कई किफायती प्लान्स बंद भी कर दिए हैं। इससे लोगों ने एक बार फिर बीएसएनएल की ओर रुख किया है। तीन जुलाई से 10 जुलाई के बीच ही कांठ व ग्रामीण क्षेत्र में 500 से अधिक उपभोक्ता बढ़े हैं। इसमें 300 ने नया सिम खरीदा है। वहीं, 200 से अधिक ने दूसरी कंपनी के सिम को बीएसएनएल में पोर्ट कराया है।

### युवक के गले से सोने की चेन छीनी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली से 300 मीटर दूर पर युवक के गले से सोने की चेन झपट्टा मारकर छीन ली। इस दौरान युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। युवक के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग एकत्र हुए। लेकिन तब तक आरोपी भाग चुका था। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार रात बड़ी कोठी निवासी शिवओम पुत्र शक्ति सिंह काशीपुर से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बड़े बाजार में किसी ने उनके गले से चेन छीनी और भाग गया। इसी दौरान शुभम सड़क पर गिर गया। उसके शोर मचाने पर मोहल्ले के कई लोग एकत्र हो गए। उन्होंने चोर की तलाश भी की। पीड़ित की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और चोर की तलाश की। हालांकि यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### हार्ट अटैक के चलते युवक की मौत

**कुंदरकी, अमृत शनिवार :** शनिवार को नगर निवासी युवक की अचानक से तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। मोहल्ला शरीफनगर नई कॉलोनी निवासी युवक जीशान सैफी उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र शौकत सैफी की शुक्रवार दोपहर तबीयत खराब हो गई थी। बताया गया कि युवक को बुखार था और वह सीने में जलन बता रहा था। ज्यादा हालत बिगड़ने पर परिवार के लोग मुरादाबाद निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर चिकत्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक ने युवक की मौत हार्ट अटैक से होना बताई जा रही है।

### टैबलेट पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शनिवार को भगवन्त सिंह महाविद्यालय कुआखेड़ा खालसा में में टैबलेट वितरण किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. बलराम सिंह ने एमएड उत्तीर्ण विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस दौरान प्राचार्य डॉ. मुशाहिद उल्ला खान, संजीव कुमार, पवन कुमार, अवधेश कुमार, विजय सिंह, सोमपाल सिंह, उमा देवी, कपिल चौहान, बब्बू आदि उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की जानकारी दी

**बिलारी, अमृत विचार :** ग्राम स्योडारा में स्थित आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में इंटर उत्तीर्ण विद्यार्थियों की कार्यशाला हुई। इसमें विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बारे में जानकारी दी गई। हरि मंगल महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कपूर ने कार्यशाला में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विषय में बताया एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों के हित में चलाई जाने वाली योजनाओं के विषय में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राएं देश का भविष्य है। इससे पहले विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने हरी मंगल महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कपूर का स्वागत किया।

### कुत्तों के हमले में घायल बच्ची मेरठ रेफर

**कुंदरकी/मैनाठेर, अमृत विचार :** छह वर्षीय बच्ची पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर उसे लहुलूहान कर दिया। घायल बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदरकी लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से भी बच्ची को मेरठ रेफर कर दिया। जहां पर उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। शुक्रवार को कुंदरकी ब्लाक क्षेत्र के ग्राम ताहरपुर निवासी दानिश की छह वर्षीय पुत्री अना फातिमा को कुत्तों के झुंड ने बुरी तरह घायल कर दिया। बताया गया है कि बच्ची के दो भाई साइकिल से खेत पर गए थे। उनके पीछे बच्ची भी चली गई। वहां जंगल में कुत्तों के झुंड ने बच्ची पर हमला कर दिया। उसकी आवाज सुनकर कुछ लोग मौके पर पहुंचे और बच्ची को बचाया। लेकिन, तब तक कुत्तों ने बच्ची को नोंचकर जख्मी कर दिया था। बच्ची का मेरठ अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## पुलिस ने धर्म परिवर्तन के आरोप में दो आरोपियों को हिरासत में लिया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** सत्संग व प्रार्थना के नाम पर धर्म परिवर्तन की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उत्तराखंड के काशीपुर थाना कुंडा के गांव गड़ी नेगी निवासी युवक को हिरासत में ले लिया। मामले की जानकारी पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता भी शुक्रवार देर रात कोतवाली पहुंच गए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रमनावाला में शुक्रवार देर शाम उत्तराखंड के एक गांव के युवक ने सत्संग व प्रार्थना के नाम पर उपचार का दावा करते हुए धर्म परिवर्तन की बात कही। गांव निवासी खैरातीराम ने इसकी सूचना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि युवक सत्संग में इलाज के बहाने ग्रामीणों के धर्म परिवर्तन का प्रयास कर रहा था। ग्रामीणों का कहना था कि युवक गांव के जयपाल सिंह के घर आता जाता है। जयपाल सिंह का कहना था कि उसकी पत्नी बसंत बीमार है, इसलिए उसने युवक को अपने घर इलाज के लिए बुलाया था। कहा कि धर्म परिवर्तन जैसा कोई मामला नहीं है। उधर, विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आरोपी युवक ईसाई धर्म से ताल्लुक रखता है। इस घटना को लेकर क्षेत्र के समस्त हिंदू समाज के लोगों में नाराजगी है। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में आरोपी युवक सहित दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी ने बताया कि जांच की जा रही है। दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

# शाखा प्रबंधक और सहयोगी को जेल भेजा

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार :** गांव सरकड़ा विश्नोई स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक और सहयोगी को सीबीआई ने किसान से तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ लिया। शनिवार को सीबीआई की टीम दोनों आरोपियों को गाजियाबाद ले गई। वहां उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

सीबीआई की टीम ने शुक्रवार को बैंक शाखा के स्टाफ से रिश्वतखोरी से संबंधित जानकारी जुटाई। तलाशी के दौरान शाखा प्रबंधक सचिन पैसल की जेब से 500 रुपये और फैसीलेटर मुकेश की जेब से 14,700 बरामद किए। भ्रष्टाचार से संबंधित संदिग्ध कागजों को सीबीआई की टीम ने कब्जे में ले लिया। बताते हैं कि क्षेत्र के गांव महेशपुर निवासी किसान अमित कुमार ने प्रथमा बैंक शाखा से दो लाख रुपये का कृषि ऋण लिया था। वह एक साल पूरा होने पर किसान क्रेडिट कार्ड का नवीनीकरण कराने के लिए बैंक शाखा सरकड़ा विश्नोई पहुंचा। जहां लोन के नवीनीकरण के नाम पर बैंक शाखा प्रबंधक ने 3000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। रुपये देने से मना करने पर अमित के कार्ड का नवीनीकरण नहीं किया। जिसको लेकर अमित ने सीबीआई की गाजियाबाद यूनिट के नंबर पर शिकायत दर्ज करा दी थी। शुक्रवार सुबह सीबीआई की टीम गांव पहुंच गई थी। उसने किसान को बैंक भेजा और केमिकल लगे नोट दिए। जिसके बाद मुकेश ने रुपये लेकर शाखा प्रबंधक को दे दिए। बैंक में पहले से मौजूद सीबीआई के सदस्यों ने दोनों को रंगे हाथों दबोच कर हिरासत में ले लिया। सीबीआई की टीम ने शुक्रवार की पूरी रात जानकारी जुटाई। शनिवार सुबह दोनों को गिरफ्तार कर गाजियाबाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी प्रदीप सहरावत ने बताया कि उन्हें बैंक शाखा में छापेमारी की सूचना मिली है। लेकिन आधिकारिक सूचना नहीं मिली हैं। सीबीआई की टीम छापेमारी के दौरान पुलिस को सूचना नहीं देती है।



बैंक मैनेजर सचिन पैसल व मुकेश कुमार को गिरफ्तार कर ले जाती सीबीआई की टीम।

## शारीरिक शोषण के दो मामलों में कार्रवाई करने की मांग

संवाददाता, छजलैट

● आरोपी युवक और एक व्यक्ति ने युवती का रिश्ता तुड़वाया

**अमृत विचार :** शारीरिक शोषण के दो मामलों में पीड़ितों ने थाना छजलैट में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना छजलैट क्षेत्र की ग्राम निवासी नाबालिग ने थाना छजलैट में दी तहरीर में बताया कि गांव के युवक ने शादी के नाम पर पांच साल तक मेरा शारीरिक शोषण किया। जब मैंने संबंध बनाने को मना किया तो मुझे फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर जबरन संबंध बनाए। बताया कि मेरे पिता ने मेरा कहीं और रिश्ता तय किया तो उसने मेरा रिश्ता तुड़वा दिया। मेरे पिता ने दोबारा कहीं और रिश्ता तय किया था। लेकिन छह जुलाई को एक अन्य व्यक्ति ने जिस लड़के से शादी तय हुई थी, उसे ग्राम करनपुर में बुलाया और शादी करने पर जान से मारने की धमकी दी तथा मेरे फोटो व वीडियो भी दिखाए। आरोपी मुझे भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने थाना छजलैट में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, एक अन्य मामले में पीड़िता के पिता ने तहरीर देकर बताया कि 11 जुलाई को वह तथा उनकी पत्नी मुरादाबाद से वापस आ रहे थे। तभी हमारी बेटी घर पर अकेली थी। वह पशुओं के लिए चारा लेने गई थी, वहां ग्राम सराय खजूर निवासी एक व्यक्ति ने उसे बुलाया और दुष्कर्म किया। आरोपियों ने खेत में दो अन्य व्यक्तियों को भी बुलाया। जिन्होंने उसकी वीडियो भी बनाई और वायरल कर दी। पीड़िता के पिता ने थाना छजलैट में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## बिजली लाइनों में फाल्ट से उपभोक्ता परेशान

**कांठ, अमृत विचार :** नगर की बिजली लाइनों में बार-बार फाल्ट होने से उपभोक्ताओं को कई कई घंटे आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। शुक्रवार रात तेज हवा के चलते लाइन में फाल्ट होने से कई घंटे तक नगर की आपूर्ति ठप रही। शनिवार सुबह छह बजे बिजली आपूर्ति सुचारु हो पाई।

रेलवे लाइनपार स्थित 33/11 केवीए बिजली उपकेंद्र से नगर के उपभोक्ताओं को आपूर्ति की जाती है। वर्तमान में इस उपकेंद्र से कांठ तहसील और कांठ टाउन के दो फीडर संचालित हैं। इन दोनों फीडरों से नगर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति मिलती है। शुक्रवार देर रात तेज हवा और बारिश के चलते लाइन में फाल्ट होने से नगर की कई घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। जिससे उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शनिवार सुबह छह बजे विद्युत आपूर्ति सुचारू की गई। उपभोक्ताओं ने कटौती मुक्त बिजली देने की मांग की है।

## घर में घुसे चोर को पकड़ा तो महिला पर किया फायर

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव विजयपुर में शुक्रवार रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। लोगों के जागने पर गृह स्वामिनी ने चोर को पकड़ने का प्रयास किया, तो चोर ने फायर कर दिया। जिसमें वह बच गई। इसके बाद उसके बेटे ने चोर को पकड़ लिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस चोर को कोतवाली ले आई।

विजयपुर गांव निवासी हरकिशोर पुत्र हरि के घर में शुक्रवार रात एक बजे दीवार फांदकर चोर घुस आए और अंदर से घर का दरवाजा खोल लिया। इसके बाद चोरों ने सामान समेटना शुरू किया। घटना के वक्त हरकिशोर घेर में सो रहा था, जबकि घर पर उसकी पत्नी लक्ष्मी के अलावा बेटी शिवानी, रीना व दो बेटे शिव कुमार और अंकित सो रहे थे। इस बीच घर में आवाज हुई तो गृह स्वामिनी लक्ष्मी जाग गई, उसने देखा कि चोर अलमारी खोल रहा था। वह चिल्लाई तो चोर ने लक्ष्मी पर फायर कर दिया। जिसमें वह बच गई और गोली किवाड़ में जा घुसी। इसी बीच घर में जाग हो गई। शिवकुमार व अंकित भी जाग गए। चोर ने भागने का प्रयास किया तो दोनों बेटों ने उसे दबोच लिया। शिव कुमार ने हाथ से तमंचा छीन लिया। आवाज सुनकर हरकिशोर भी घर की ओर भागा। अलमारी खंगालने पर पता लगा कि चोर ने काफी सामान चुरा लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक हजार नकद, सोने के कुंडल, बालियां बरामद हुईं।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने चोर को पुलिस को सौंप दिया। आरोपी चोर ने बताया कि दो अन्य साथी भी उसके साथ चोरी में शामिल थे। पुलिस चोर से पूछताछ कर रही है।

## औनो मुहम्मद की शहादत सुन अजादारों की आंखें हुईं नम

**कुंदरकी, अमृत विचार :** हजरत इमाम हुसैन के भांजे हजरत औनो मुहम्मद इब्ने अब्दुल्ला की शहादत का गम मनाया। छह मुहर्रम को इमामबाड़ा हजरत अबु तालिब में मजलिस हुई। जिसमें कमर अब्बास काजमी ने मर्सिया पढ़ा और मजलिस को खिताब करते हुए काशिफ अब्बास काजमी ने कहा की कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन ने इस्लाम और इंसानियत को बचाने के लिए कुर्बानियां पेश कीं। उन्होंने हजरत औनो मुहम्मद की शहादत बयान की तो आजादारों की आंखें नम हो गईं। नम आंखों के बीच शबीहे ताबूत का जुलूस बरामद हुआ। जिसमें अंजुमन अकबरी, अंजुमन अल मुर्तजा, अंजुमन शाने हैदरी, रजा अस्करी रिजवी ने नोहे ख्वानी की तथा जुलूस मरहूम नजमूल हसन रिजवी के अजाखाने पर पहुंच कर समाप्त हुआ।




# वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

आयोजन — कांठ और छजलैट में थाना समाधान दिवस के दौरान एसडीएम विनय कुमार सिंह ने निर्देश दिया

# शिकायतों की गंभीरता से जांच कर निष्पक्ष निस्तारण करें

संवाददाता, कांठ /छजलैट

**अमृत विचार :** थाना कांठ एवं छजलैट में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण किया गया।

थाना कांठ में छह फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे, जिसमें एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग एवं पुलिस की टीम गठित की गई।

इस दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश देते हुए एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा कि थाना दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद उसका समाधान करें। जिससे फरियादी को बार-बार थाना तथा तहसील के चक्कर नहीं काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी ध्यान रखें कि पुलिस से संबंधित कोई भी शिकायत है तो उसकी तत्काल जांच के बाद उसका निस्तारण किया जाए। थाना दिवस के दौरान इंस्पेक्टर जयदेव सिंह यादव, नायब तहसीलदार पीयूष कुमार, राजस्व निरीक्षक महेंद्र सिंह पाल, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुभाष सिंह धनखड़ सहित लेखपाल एवं पुलिसकर्मी रहे। थाना छजलैट में पांच फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। जिसमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। यहां शिकायतें सुन रहे तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने राजस्व विभाग, पुलिस, बिजली के अधिकारियों व कर्मचारियों से बताया कि जो भी फरियादी प्रार्थना पत्र लेकर यहां आते हैं, उसका पारदर्शिता के साथ निस्तारण किया जाए। इस मौके पर नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी लखपत सिंह आदि उपस्थित रहे।




कुंदरकी में थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनते एडीएम सत्यम मिश्र।

### एडीएम ने सुनी समस्याएं

**कुंदरकी, अमृत विचार :** शनिवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र ने लोगों की समस्याएं सुनीं। शिकायत से संबंधित अधिकारियों की टीम को मौके पर भेज निस्तारण कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक कुंदरकी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि राजस्व से संबंधित पांच शिकायतें मिलीं। जिसमें से दो शिकायतों का मौके पर टीम भेजकर निस्तारण कराया। शेष के संबंध में संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिए कहा गया है। थाना समाधान दिवस में एडीएम वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र के साथ कानूनगो सैयद मोहम्मद अहमद, थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, चौकी इंचार्ज अनिल कुमार अन्य पुलिस स्टाफ के साथ लेखपाल उपस्थित रहे।

### पांच शिकायतें दर्ज, एक निस्तारित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शनिवार को कोतवाली में थाना दिवस एसडीएम अजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में हुआ। एसडीएम की अध्यक्षता में पांच फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। मौके पर मात्र एक शिकायत का निस्तारण हुआ। शेष के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में सीओ राजेश कुमार, कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी, इंस्पेक्टर नरेश कुमार, उपनिरीक्षक विपिन कुमार उपस्थित रहे।

## एक नजर

### झगड़ते दंपति को टोकने पर युवक को पीटा, रिपोर्ट

शाहबाद, अमृत विचार : गांव परौता निवासी गुड्डू ने गांव के ही गुड्डू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुड्डू के अनुसार नौ जुलाई को वह अपने एक मकान से दूसरे मकान पर जा रहा था। रास्ते में गुड्डू अपनी पत्नी से झगड़ा कर रहा था। उसने दंपति को टोक दिया। इस पर गुड्डू ने उसकी पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी।

### चोरी करने घर में घुसे युवक को पकड़ा

मसवासी, अमृत विचार : चोरी करने की नीयत से घर में घुसे युवक को गृहस्वामी ने पकड़ लिया। इसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया है। मामला चौकी क्षेत्र के गांव किशनपुर आरपी निवासी जसवीर गर्मी की वजह से परिजनों के साथ घर की छत पर खाना खा रहा था। उसकी बहन मीनाक्षी पानी लेने नीचे आई तो गांव का ही विकास चोरी करने की नियत से उनके घर में घुसा हुआ था। मीनाक्षी ने शोर मचा दिया। इस पर जसवीर ने अपने भाई मनीष और बहन मीनाक्षी की मदद से विकास को पकड़ लिया। इसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया है।

# बस घर के उजड़ने की खबर लाई हूं अम्मा...

## अलम के जुलूस में नोहाख्वानी और मातम, इमामबाड़ों में हुईं मजलिस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


अलम के जुलूस में मातम करते अजादार। ● अमृत विचार

अमृत विचार : शहर के मोहल्ला लाल कब्र स्थित इमामबाड़ा मिर्जा मोहम्मद जफर बेग से छह मोहर्रम को अलम का जुलूस निकला। इसमें स्थानीय अंजुमनों ने नोहाख्वानी और मातम किया। इमामबाड़ा जौन जैदी में हुई मजलिस को डॉ. अब्बास रजा नैयर ने खिताब किया। पूरे दिन इमामबाड़ों में मजलिस-मातम का सिलसिला चलता रहा।

इमामबाड़े से निकले अलम के जुलूस में असलम महमूद और इफ्तेखार महमूद ने यह नोहा पढ़ा-भाई न भतीजे न पिसर लाई हूं अम्मा-बस घर के उजड़ने की खबर लाई हूं अम्मा। अब शाम के जिन्दान में सोती है सकीना-में उसकी निशानी यह गोहर लाई हूं अम्मा। इसके बाद डॉ. अशफाक जैदी ने यह नोहा पढ़ा- अजाए शह की तुम्ही से है जिन्दगी जैनब। इसके बाद जामिन ने भी नोहा पढ़ा और अंजुमन ने मातम किया।

मोहल्ला कटकुइयां स्थित इमामबाड़ा जौन जैदी मरहूम में हुई मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना ने कहा कि कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन के छह माह के अली असगर को पानी नहीं दिया और हुरमुला ने त्रिफला तीर चलाकर बच्चे को शहीद कर दिया। तीन दिन के प्यासे अली असगर को इमाम हुसैन मैदाने कर्बला में ले गए थे और नहरे फरात के किनारे बच्चे को तपती रेत पर लिटाकर कहा था कि यह तीन दिन से प्यासा है इसको पानी पिला दो मैं दूर हट जाता हूं। बच्चे को प्यास से तड़पता देख यजीद की फौज में हलचल मच गई। तभी इब्ने जाद ने हुरमुला से कहा कि बच्चे को खत्म कर दो। इमाम हुसैन ने बच्चे को गोद में ले लिया तभी हुरमुला ने तीर चला दिया जो अली असगर के गले को छेदते हुए हजरत इमाम हुसैन के बाजू में घुस गया। तीर लगने के बाद बच्चा मुस्कुरा दिया और हजरत अली असगर की रूह परवाज कर गई।

यह सुन अजादार जारो कतार रोने लगे। मजलिस में मसूद जैदी, हनी जैदी, लकी जैदी, कमल रिजवी, राशिद बेग, मंसूर मियां, मिर्जा मुज्तबा अली बेग, मिर्जा तकी अब्बास, यावर हुसैन, मीसम नकवी समेत काफी तादाद में अजादार मौजूद रहे। इसके बाद इमामबाड़ा मोहम्मद जफर बेग से अलम का जुलूस बरामद हुआ। जो कटकुइयां स्थित इमामबाड़ा राशिद बेग पहुंचा। जुलूस में काफी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे।

### जीजा-साले को जख्मी करने में बोलेरो चालक के खिलाफ रिपोर्ट

शाहबाद, अमृत विचार : नौ जुलाई को शाहबाद थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में जीजा-साला घायल हो गए थे। उन्हें मुरादाबाद के कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र के गांव कुआं खेड़ा निवासी विश्व प्रताप सिंह के अनुसार नौ जुलाई को उनके पिता जाहरी सिंह और मामा जितेंद्र सिंह उर्फ खड़क सिंह शाहबाद के महनमर गांव से लौट रहे थे। यहां जाहरी सिंह की साली रहती है। केसरपुर गांव के पास उनकी बाइक को बोलेरो ने टक्कर मार दी थी। इसमें दोनों जख्मी हो गए थे। हादसे के बाद बोलेरो में पंक्चर हो गया था। उसमें सवार लोग वाहन छोड़कर फरार हो गए थे। दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में मुरादाबाद के कॉसमॉस अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दीनार की दलदल में फंस रहे बदतरीन इंसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


इमामबाड़े में मजलिस को खिताब करते मौलाना। ● अमृत विचार

- कुरआन की आयतों में किया गया है पंजेतन का जिक्र
- इमाम हुसैन ने नहीं स्वीकार की यजीद की बैयत

अमृत विचार : अलहाज मौलाना जाहिद हुसैन रिजवी ने कहा कि इंसान की खिलकत को हजारों साल गुजर चुके। आज हम जिस दौर से गुजर रहे हैं, कुछ लोग उसे एटेमी दौर कहते हैं। इसे किसी भी नाम से पुकारा जाये कोई फर्क नहीं पड़ता है। कहा कि इंसान बेशुमार बर्बरियत, जुल्म और अहंकार की दलदल में फंसता जा रहा है। रसूले अकरम कि हदीस है कि एक जमाना ऐसा आएगा कि इनके शिकम्, इनके शर्फ, इनके अमवाल, इनका किबला, इनकी औरतें, इनका दीन दरहम और दीनार (पैसा) होगा। वही लोग अल्लाह के नजदीक बदतरीन इंसान हैं।

शहर के मोहल्ला लाल कबर स्थित इमामबाड़ा मिर्जा मोहम्मद जफर बेग में अशरे की पांचवीं मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना ने कहा कि मौला अली की दलील दो किस्म की है। एक वह जो कुरआन और एक वह जो सुन्नत है। कहा कि कुरआन में सूरहा मायदा आयत नंबर 55 जिसे तमाम फिरके मानते हैं। यह हजरत अली की शान में नाजिल हुई। दूसरी आयत मायदा आयत नंबर 167 तमाम मुफस्सरीन ने इसे नकल किया है कि यह आयत बरोज ए गदीर मौला अली की शान में नाजिल हुई। इसी तरह सूरा ए एहजाब आयत नंबर 133 तमाम मुफस्सरीन का कहना है कि यह आयात अली, फातिमा, हसन, हुसैन की शान में नाजिल हुई है।

कहा कि हजरत इमाम हुसैन से यजीद बैयत का मुतालबा कर रहा था और इमाम हुसैन ने यजीद की बैयत करने से इन्कार कर दिया। मजलिस में इकराम खां, सुहेल खां, शोबि, जौहर सैफी, मसूद जैदी, तबरेज, दारा भाई, मिर्जा मुज्तबा अली बेग और मुजतबा आब्दी मौजूद रहे।

### सील तोड़कर शुरू किया लैब का संचालन

टांडा, अमृत विचार : बारह दिन पूर्व स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने नियम विरुद्ध चल रही पैथोलॉजी लैब को सील कर दिया था। शुक्रवार को संचालक ने सील तोड़कर दोबारा लैब का संचालन शुरू कर दिया है।

नोडल अधिकारी डॉ. केके चहल ने 29 जून को मोहल्ला भब्बलपुरी में सीएचसी के निकट स्थित पैथोलॉजी लैब को शिकायत के आधार पर सील कर दिया था। शुक्रवार को संचालक ने सील तोड़कर दोबारा लैब का संचालन शुरू कर दिया। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से जगह-जगह नियम विरुद्ध पैथोलॉजी लैब का संचालन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी ने बताया कि लैब संचालक ने रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन कर दिया है। निर्धारित औपचारिकताएं पूरी करने पर लैब का पंजीकरण कर दिया जाएगा, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।



अपने बनाए हुए पोस्टर दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

# बच्चों को कराया गया योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में शनिवार को विद्यार्थियों से विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराई गईं। सर्वप्रथम बच्चों को योगा प्रशिक्षक श्वेता ने योगाभ्यास कराया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर भी बनाए।

किंडर गार्टन वर्ग के विद्यार्थियों को अध्यापिका ने विभिन्न प्रकार के इंडोर गेम का अभ्यास कराया। इसके अलावा काउंट एंड जंप, रंगों की पहचान तथा समर सीजन से संबंधित कविताएं भी पढ़वाई गईं। कक्षा पांच के विद्यार्थियों ने विज्ञान के प्रयोग भी किए। सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने अंब्रेला तथा मैथ्स एक्टिविटी की। दूसरी तरफ मैथ्स एक्टिविटी में गणित के अध्यापक पवन तथा अदनान ने बच्चों को ज्यामितीय गणित को प्रैक्टिकल विधि द्वारा समझाया। इसमें विद्यालय के सह प्रधानाचार्य अमित, विद्यालय हेड्स पूजा अरोरा तथा कुलदीप कौर के साथ नसरीन, दीपिका, रीना बख्श, प्रीति, नेहा, कल्पना, बबिता, सिमरन आदि स्टाफ भी मौजूद रहा।

# बच्चों के विवाद में चले धारदार हथियार, तीन लोग घायल

संवाददाता, स्वार

- दो महिलाओं समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : बच्चों के विवाद में दबंगों ने धारदार हथियारों व डंडों से हमला कर एक महिला समेत तीन लोगों को घायल कर दिया। चिकित्सक ने एक घायल की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो महिलाओं समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तहसील क्षेत्र के गांव बिजारखाता निवासी इदरीस व कलुआ के बच्चों में गुरुवार को किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसकी शिकायत कलुआ के परिजनों से की तो वह आग बबूला हो गया। गाली गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते कलुआ, अफसरअली, हमशीरन व नरगिस ने धारदार हथियार व लाठी-डंडों से इदरीस के बेटे अहमद के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां और चाचा तौसीफ को भी धारदार हथियार से वार करके घायल कर दिया। इस पर अन्य परिजन व ग्रामीण भी मौके पर आ गए। तब दबंग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इसके बाद घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने एक घायल की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने इदरीस की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया

भोट, अमृत विचार : विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत संपूर्ण टीकाकरण का आयोजन कर ग्रामीणों को संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया गया। संचारी रोगों से निपटने के लिए सरकार द्वारा अपनाई जा रही नीतियों के बारे में जानकारी दी गई।

क्षेत्र के गांव किशनपुर पनचक्की स्थित पंचायत भवन में शनिवार को शिविर लगाया गया। इसमें ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कृषि विभाग के तकनीकी सहायक देशराज सिंह ने बताया कि घरों में रहने वाले चूहे व छछून्दरों से संचारी रोग फैलते हैं। मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। एएनएम कोमल राठौर ने भी संचारी रोगों के बारे में जागरूक करते हुए बच्चों का टीकाकरण किया। इस दौरान ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि इकराम अली, आंगनबाड़ी कार्यकत्री ममता रानी आदि मौजूद रहे।

# लक्ष्य बने नवगठित छात्र संघ के हेड ब्वाय

संवाददाता, बिलासपुर



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

- प्रधानाचार्य ने नव निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को दिलाई शपथ
- विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर किया प्रतिभाग

अमृत विचार : होली चाइल्ड स्कूल में नव छात्र संघ का चयन एवं अलंकरण समारोह हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

शनिवार को विद्यालय परिसर में नवगठित छात्र संघ का चयन किया गया। इसमें हेड ब्वाय लक्ष्य बत्रा, हेड गर्ल निदा सगीर, एडवाइजर आयुश गुप्ता, डिप्टी हेड ब्वाय शिबेन्दु दुबे, डिप्टी हेड गर्ल अनन्या सक्सेना, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख जतिन यादव व रिमझिम गांधी, स्पोर्ट्स कैप्टन हरप्रीत सिंह व शगुन सिंह, डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन हर्ष बठला व इशमीत कौर चुने गए। इसके साथ ही हाउस कैप्टन, सूचना प्रोद्यौगिकी क्लब एवं अनुशासन प्रमुख का चयन भी किया गया। प्रधानाचार्य मिंटू दुबे ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कर्तव्य पालन की शिक्षा देते हुए अपने कार्यों को ईमानदारी से करने की प्रेरणा दी।

छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना पर भक्ति भावपूर्ण नृत्य एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इससे पहले मुख्य अतिथि अशोक अदलखा, राजेंद्र पाल सिंह, विद्यालय के संरक्षक योगराज बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी, मंजू अधिकारी, कोआर्डिनेटर जसपाल कौर, तान्या हुरिया, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

**सावधानी** शनिवार को जिला अस्पताल में हुई 1016 रोगियों की ओपीडी में 150 लोग बुखार से पीड़ित मिले

# जिले में संक्रामक रोगों ने पसारे पांव, अस्पताल में बढ़े मरीज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


जिला अस्पताल में चिकित्सक को दिखाने के लिए लगी रोगियों की भीड़।

- इमरजेंसी, डायरिया व सर्जिकल वार्ड में भर्ती हुए 50 मरीज

| | |
|---|---|
| सीटी स्कैन | 67 |
| अल्ट्रासाउंड | 43 |
| रेफर | 7 |
| जांच | 184 |
| भर्ती | 178 मरीज 24 घंटे के भीतर |

अमृत विचार : जिले में संक्रामक रोगों ने पांव पसार लिए हैं। शनिवार को जिला अस्पताल की 1016 रोगियों की ओपीडी में 150 से अधिक रोगी बुखार से पीड़ित मिले। मौसम में बदलाव होते ही बीमारियां पांव पसारने लगी हैं। इसकी वजह से लोगों में खांसी, जुकाम और बुखार की शिकायत मिल रही है।

जिले में बीमारियां फैल रहीं हैं। यहीं कारण है कि जिला अस्पताल की ओपीडी में शनिवार को 1016 पर्चे बने। सुबह आठ बजते ही रोगियों की भीड़ जिला अस्पताल में उमड़ पड़ी। रोगियों ने धक्का-मुक्की के बीच पर्चा काउंटर पर पंजीकरण कराया। इसके बाद मरीज डॉक्टर को दिखाने के लिए उनके कमरे में पहुंचे। जिला अस्पताल में डॉ. दशरथ सिंह, डॉ. डीके वर्मा, डॉ. कैसर रसूल, डॉ. हसीब अहमद सिद्दीकी ने रोगियों को परामर्श दिया।

डॉ. दशरथ सिंह ने बताया कि बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया है। इसलिए लोगों को काफी एहतियात बरतने की जरूरत है। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। संक्रामक रोगों से बचाव के लिए बार-बार हाथ धोएं। बासी खाना खाने से बचें। घर में कहीं भी पानी एकत्र न होने दें। इसके बाद भी शिकायत होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं।

बताया कि जनपद में 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाए जा रहे हैं। इसमें स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को जानकारी दे रहे हैं। ज्यादा दिन तक बुखार आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया की जांच कराएं। रोग की पुष्टि होने पर उपचार कराएं। घरों, मोहल्लों, गलियों में साफ-सफाई का ध्यान रखें। शनिवार को अस्पताल के इमरजेंसी, डायरिया, सर्जिकल व बच्चा वार्ड में 50 रोगियों को भर्ती कराया गया।

# लोक अदालत में 71853 मामलों का हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- जिला जज ने दीप जलाकर की कार्यक्रम की शुरुआत

अमृत विचार : शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 71853 मामलों का किया गया। इससे पहले जिला जज सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने सुबह 10:30 बजे दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। इस मौके पर न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

कचहरी परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला जज सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने तीन वादों का निस्तारण कर 2000-00 का अर्थदंड वसूल किया। प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय के अजय कुमार त्रिपाठी ने 52 वादों का निस्तारण किया। मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी राजीव कुमार पांडेय ने 19 मोटर वादों का निस्तारण करते हुए मृतकों व घायलों के आश्रितों को 1,46,15,000 रुपये एवं 38 अन्य प्रकृति के वादों का निस्तारण कर घायलों व मृतकों के आश्रितों को 1,89,97,259 रुपये दिलाए। विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) शाजिया नजर जैदी ने सात वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 5500 रुपये वसूले। इस दौरान कलेक्ट्रेट न्यायालयों, कैनाल मजिस्ट्रेट, बाट माप विभाग, आबकारी विभाग, एआरटीओ, श्रम विभाग, नगर पालिका, विद्युत निगम, उभोक्ता फोरम, कृषि विभाग, जिला पंचायत विभाग, जिला पूर्ति विभाग, जिला समाज कलयाण विभाग, महिला कल्याण विभाग, चिकित्सा विभाग, नगर निकाय, जिला ग्रामोद्योग, पुलिस विभाग अन्य विभागों के 65343 मामलों का निस्तारण किया गया।

## सार संक्षेप

### जड़ों से बगावत करने वाली शाखाओं का सूखना तय : सुमैया


पूर्व सांसद डॉ. तजीन फातिमा से मुलाकात करतीं सुमैया राणा।

रामपुर, अमृत विचार : मशहूर शायर मुनव्वर राणा की बेटी एवं समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुमैया राणा शनिवार की शाम सपा नेता आजम खां के आवास पर उनकी पत्नी पूर्व सांसद डॉ. तजीन फातिमा से मिलीं। उन्होंने कहा कि 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में सपा को मिली भारी जीत ने साबित कर दिया कि जनता बदलाव चाहती है। समाजवादी पार्टी नौजवानों, किसानों, मजदूरों एवं महिलाओं की लड़ाई लड़ रही है। उन्हें इंसाफ दिलाकर ही रहेगी। पिछले दिनों रामपुर के सांसद द्वारा आजम खां पर दिए गए बयान का जवाब देते हुए सुमैया राणा ने कहा कि जो शाखाएं जड़ों से बगावत करती हैं, वह ज्यादा दिन तक हरी नहीं रहतीं। उनका सूख जाना तय है। हाथरस की घटना पर जवाब दिया कि ऐसे फर्जी बाबा और मौलवियों पर शिकंजा कसा जाना चाहिए। पूर्व सांसद तजीन फातिमा से मुलाकात करने के बाद उन्होंने जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन से भी मुलाकात की। इस अवसर पर रुखसाद अहमद, अख्तर मास्टर, मोहम्मद इशाक, इसरार अहमद, मोहम्मद उस्मान, आशु खां, फिरासत खां आदि मौजूद रहे।

### ताजियों के रास्ते दुरुस्त करने को किया कर्बला का निरीक्षण

शाहबाद, अमृत विचार : ताजियों को ध्यान में रखते हुए शनिवार को उप जिलाधिकारी सुनील कुमार एवं नगर पंचायत अध्यक्ष के पति वसीम खां ने कर्बला की ओर जाने वाले रास्तों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान ताजियों के रास्ते पर सफाई के साथ ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष के पति ने कहा कि कहीं भी मार्ग पर गड्ढे न रहें। अकीदतमंदों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर सभासद सदाकत खां, लिपिक नवेद मियां, कंम्प्यूटर ऑपरेटर रेहान अली, सफाई नायक प्रमोद एवं संजू मौजूद रहे।

### शक्ति दरबार मंदिर में हुआ यज्ञ

रामपुर, अमृत विचार : शनिवार को आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी पर शक्ति दरबार मंदिर में पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने भक्तों के साथ जगत कल्याण के लिए यज्ञ किया। इसमें भक्तों ने आहुति दीं। इसके बाद पूजा-पाठ किया गया। देशवासियों को उत्तम फल प्राप्त के लिए कवच पाठ और आरती की गई। सभी ने क्षमा प्रार्थना करते हुए सुख-शांति की कामना की। इस मौके पर जेएन पांडेय, अंबरीष गुप्ता, ममता गुप्ता, अनिल चौरसिया, राम भरोसे लाल यादव, सुदेश, सरोज अग्रवाल, सुधा गुप्ता, किशन लाल चंद्रवंशी, राधा रानी, रश्मि, हरी गुप्ता, मुकेश, तिलक राज, जितेंद्र, शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल, राजू, राजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

### टक्कर मारने में बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाहबाद, अमृत विचार : बरेली जिले के सिरौली थाना क्षेत्र के गांव गुरुगावां मुस्तकी निवासी मनोज ने कोतवाली में अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि नौ जुलाई को उसका फुफेरा भाई अनिल चंदौसी जा रहा था। रास्ते में शाहबाद-सिरौली मार्ग पर टांडा गांव के पास दूसरी बाइक ने सामने से उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अनिल जख्मी हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

### शिलापट से हटवाए सेवानिवृत्त चिकित्सकों के नाम

रामपुर, अमृत विचार : जिला अस्पताल में लगे शिलापट से सेवानिवृत्त चिकित्सकों के नाम हटा दिए हैं। ताकि रोगियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। शिलापट पर चिकित्सकों के नाम लिखे होने से रोगी चिकित्सक से परामर्श लेने को इधर-उधर भटकते रहते थे। जिला अस्पताल में शिलापट पर कई ऐसे चिकित्सकों के नाम लिखे थे जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अब इनके नाम हटवा कर जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सकों के नाम शिलापट पर लिखवाए गए हैं। सीएमएस डॉ .एचके मित्रा ने बताया कि सेवानिृवत्त चिकित्सकों के नाम हटवाए दिए गए हैं, उनके स्थान पर जिनकी नवीन तैनाती हुई है उनके नाम लिखवाए जा रहे हैं। चिकित्सकों के कक्ष के बाहर नेम प्लेट भी लगवाई जाएगी।

### बीएसए ने 21 परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण

रामपुर, अमृत विचार : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 21 स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान दो सहायक अध्यापक व दो शिक्षामित्र सहित पांच लोग अनुपस्थित मिले। इनका वेतन काटते हुए नोटिस जारी किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने शाहबाद व स्वार ब्लॉक के 21 परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान दो सहायक अध्यापक, दो शिक्षामित्र समेत पांच लोग बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। उनका वेतन काटते हुए नोटिस दिया गया है। शासन से प्राप्त टैबलेट पर प्रेरणा पोर्टल के माध्यम समस्त 12 पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन करने के लिए स्टाफ को निर्देश दिए गए।

### नायब तहसीलदार और सीओ ने सुनीं लोगों की फरियाद

बिलासपुर, अमृत विचार : शनिवार को कोतवाली में नायब तहसीलदार राजेश कुमार व क्षेत्राधिकारी रवि खोखर की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस हुआ। इस दौरान मात्र दो शिकायती पत्र मिले। अधिकारियों ने संबंधित लेखपालों को जांच कर उचित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, राजस्व निरीक्षक नजीर अहमद आदि मौजूद रहे।

### संचारी रोगों से बचाव को जागरूकता रैली निकाली

शाहबाद, अमृत विचार : संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत शनिवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने रैली निकली। इसके माध्यम से लोगों को संचारी रोग नियंत्रण की जानकारी दी गई। इसके अलावा कॉलेज में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा प्रभारी सीमा ने चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़ प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य वंदना शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इरम, द्वितीय स्थान इज्मा तथा तृतीय स्थान मिन्हा ने प्राप्त किया। बताया कि अनुयोगी वस्तुओं में पानी जमा न होने दें। पानी को ढंक कर रखें। आसपास बेहतर सफाई रखें।

### किसान को पीटने में तीन के खिलाफ एफआईआर

स्वार, अमृत विचार : कोतवाली के केशो नगली निवासी किसान गुरविंदर सिंह दो दिन पूर्व गांव जा रहा था। आरोप है कि नौशे अली, नवाब अली व शादाब अली आए दिन खेत की मेड़ से छेड़छाड़ करते रहते हैं। गांव हकीम गंज के पास इन्होंने उसे रोक लिया। गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। नवाब अली ने गर्दन पर चाकू रखकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### तालाब में उतराता मिला सड़ा-गला शव, शिनाख्त नहीं

बिलासपुर, अमृत विचार : शनिवार की शाम चार बजे पुलिस को सूचना मिली कि गांव सिकरौरा स्थित तालाब में एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव पड़ा है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार शर्मा व पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष है। आसपास के क्षेत्रों में शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बैंक प्रबंधक सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

सैफनी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी शाने अली ने पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत में आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी हसीन जहां का क्षेत्र के खरसौल गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत खाता है। इसमें वह नॉमिनी था। पत्नी की मृत्यु के बाद तत्कालीन शाखा प्रबंधक निखिल कुमार, मुख्य प्रबंधक अभिनव कुकरेती व मंडल कार्यालय के अन्य अधिकारियों ने षड़्यंत्र करके फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रिश्वत लेकर किसी मिंजार को डेथ क्लेम दिला दिया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने शुक्रवार को तत्कालीन शाखा प्रबंधक निखिल कुमार, मुख्य प्रबंधक अभिनव कुकरेती व मिंजार तथा एक अन्य बैंक अधिकारी सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मीना बाजार में सफाई न होने पर भड़के दुकानदार, प्रदर्शन

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां के नेतृत्व में राम रहीम पुल के पास मीना बाजार के दुकानदार एकत्र हुए और पालिका अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। दुकानदारों का कहना है कि नालियों की सफाई ने होने से दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में गाड़ियों की डेंटिंग, पेंटिंग की दुकानें हैं लेकिन कई माह से नालियों की सफाई नहीं कराई गई। इसकी वजह से कारोबार चौपट हो गया है। प्रदर्शन करने वालों में मुन्ने खां, जुबैर खां, भूरा, फरमान, मुजाहिद अली, समद, शाहबाज, आसिफ, अजीम, चुन्ना आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### रंजिश के चलते महिला सहित दो लोगों को पीटा

**ढकिया, अमृत विचार :** क्षेत्र के रवाना पट्टी गांव में रंजिश के चलते कुछ लोगों ने शनिवार की सुबह दीपक व मोनिका को पीट दिया। इस दौरान दीपक व मोनिका घायल हो गईं। दोनों घायल ढकिया पुलिस चौकी पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने दोनों घायलों को शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### रजा लाइब्रेरी में आज होने वाला कार्यक्रम स्थगित

**रामपुर, अमृत विचार :** रजा लाइब्रेरी के निदेशक पुष्कर मिश्र ने बताया कि 14 जुलाई को रजा लाइब्रेरी में होने वाला कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। उनका कहना है कि वैश्विक आख्यानों की पुनर्कल्पना परिप्रेक्ष्य एवं भविष्य मार्ग कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों के चलते स्थगित हो गया है। कार्यक्रम को लेकर कई दिन से तैयारी चल रही थीं। रजा लाइब्रेरी की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वैश्विक आख्यानों की पुनर्कल्पना परिप्रेक्ष्य और भविष्य मार्ग पर एक कार्यक्रम होना था। मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां व विशिष्ट अतिथि सपा के सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी थे।

### मां-बेटे को पीटने में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद, अमृत विचार :** गांव रवानी निवासी राकेश ने पड़ोसी प्रेमपाल, अरविंद, दीपा और नन्हे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि आरोपियों ने बिना किसी बात के उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज की। इसमें उसकी मां और भाई भी चोटिल हुए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### कंटीले तारों में करंट उतरने में दो के खिलाफ रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** गांव करैथी निवासी महीपाल ने गांव के ही हरीशंकर और उसके भाई रामनिवास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि आरोपियों ने सड़क की पट्टी पर कंटीला तार लगा दिया है। इसे ट्रांसफार्मर के नीचे लगे तारों से बांध दिया गया है। आठ जुलाई को महीपाल का बेटा सुनील वहां लगे हैंडपंप पर भैंस को पानी पिला रहा था। इस दौरान तार में करंट उतर गया। सुनील और भैंस इसकी चपेट में आ गए। इसमें मवेशी की मौत हो गई जबकि सुनील झुलस गया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## नैनीताल घूमने जा रहे थे बरेली निवासी तीनों दोस्त, मृतक के दो साथी हुए घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/बिलासपुर



**अमृत विचार :** नैनीताल घूमने जा रहे बरेली के तीन दोस्तों की बाइक को हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका एक दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। तीसरे दोस्त ने चलती बाइक से छलांग लगा दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

बरेली जनपद के सुभाषनगर चौकी के मोहल्ला मणिनाथ निवासी नन्हें का 19 वर्षीय पुत्र गौरव हरिद्वार में किसी दुकान पर काम करता था। हरिद्वार में पानी अधिक आ जाने के कारण वहां से घर आ गया था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की देर शाम वह अपने दोस्त अमित और अभय के साथ नैनीताल घूमने जा रहा था। बिलासपुर में जीरो प्वाइंट के पास एक होटल के सामने शुक्रवार-शनिवार की रात करीब एक बजे तेज रफ्तार कार ने गौरव की बाइक को टक्कर मार दी। इसमें गौरव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अमित गंभीर रूप से घायल हो गया। अभय ने चलती बाइक से छलांग लगा दी। इसके चलते उसे कम चोट आई है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इसके बाद गौरव के परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद गौरव का शव परिजनों को सौंप दिया। घायल अंकित को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



गौरव की मौत के बाद जिला अस्पताल में बिलखतीं परिवार की महिलाएं।



जिला अस्पताल में बैठे मृतक के परिजन।

### अविवाहित था गौरव

परिजनों ने बताया कि गौरव की शादी नहीं हुई थी। परिजन जल्दी से जल्दी गौरव की शादी करना चाहते थे। वह दो भाई और एक बहन थे। गौरव की मौत की सूचना मिलते ही रिश्तेदारों का घर पर तांता लगा रहा। दोपहर से ही लोग उसके घर पहुंचकर शव का इंतजार करते रहे। शाम को गौरव का शव बरेली पहुंचा तो एक बार फिर परिजन बुरी तरह बिलखने लगे।

### बुखार से युवक की मौत डाक्टर बता रहे कैंसर

**ढकिया, अमृत विचार :** दस दिन पूर्व बुखार की चपेट में आए युवक की मौत होने से घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कस्बा ढकिया निवासी 35 वर्षीय राजकुमार को 10 दिन पूर्व तेज बुखार आया था। इस पर परिजनों ने कस्बे में ही निजी चिकित्सक से उसका उपचार कराया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। हालत बिगड़ती देख परिजन राजकुमार को उपचार के लिए बरेली ले गए। यहां उसकी हालत में सुधार होने पर परिजन उसे घर ले आए। लेकिन शुक्रवार को राजकुमार की हालत फिर बिगड़ गई। इस पर परिजन उसे बरेली ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि शुक्रवार कह रात राजकुमार की मौत हो गई। ढकिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉक्टर फारूक का कहना है कि राजकुमार की मौत बुखार से नहीं हुई है। वह कैंसर से पीड़ित था। राजकुमार की मौत कैंसर से हुई है। जबकि, परिजनों का दावा है कि राजकुमार की मौत बुखार से हुई है।



पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# पोस्टर प्रतियोगिता से किया सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्रधानाचार्य डॉ.शालू कौशल ने बताया कि जुलाई के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम कराए जाएंगे। शनिवार को सड़क सुरक्षा को लेकर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। परिणाम बाद में घोषित किया जाएगा।

राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा को जागरूक करने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता हुई। इसका उद्देश्य 18 वर्ष से कम आयु की छात्राओं के वाहन चलाने पर प्रतिबंध लगाने और सड़क दुर्घटनाओं से बचाना है। ऐसे प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यालय में किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करना है। ताकि लोगों को दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। इस अवसर पर शमीम खान, रेणु देवी, प्रगति गोयल, पूजा, बबीता गुप्ता, सल्तनत, तबस्सुम, राकेश कुमार, नितिन कुमार, सुरेंद्र कुमार, राशिद खान, बाबू, राधा आदि उपस्थित रहे। संचालन कुमारी नाजिया खान ने किया।

# फिर साथ रहने को तैयार हुए सात दंपति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला जज न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अजय कुमार त्रिपाठी ने 14 वैवाहिक, 125 सीआरपीसी एवं 19 मामलों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर निपटारा किया। इसमें सुलह समझौते के आधार पर सात जोड़ों के मामलों का निस्तारण कराया।

सुनवाई के दौरान सात ऐसे केस भी सामने आए जिनमें शादियां लगभग टूटने की कगार पर थीं। प्रधान न्यायाधीश के प्रयासों से सात जोड़े पुनः एक साथ रहने को राजी हो गए। इनमें नेहा पत्नी रूप सिंह, गुरप्रीत सिंह पत्नी वीरेन्द्र, पूजा पत्नी भगवान दास, सबीना पत्नी शमसुद्दीन, तरुण कोहली पत्नी दुष्यन्त सिंह, काजल पत्नी अमित सिंह, चन्द्रवती पत्नी यशपाल की शादी टूटने के कगार के करीब थी। शादी के कुछ दिन तक इनका जीवन ठीक-ठाक चला। लेकिन कुछ समय बाद गलतफहमी के चलते सभी अलग-अलग हो गए। नौबत तलाक तक पहुंच गई थी। इतना ही नहीं तलाक लेने के लिए कोर्ट में अर्जी भी दाखिल की जा चुकी थी।

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने इन जोड़ों को साथ बैठाकर बातचीत कराई। प्रधान न्यायधीश के बहुत समझाने पर सात जोड़े फिर से साथ रहने के लिए तैयार हो गए। जनपद न्यायाधीश सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति में जोड़ों ने एक-दूसरे को फूल माला पहना कर राजीनामा किया।



न्यायिक अधिकारियों के साथ समझौता करने वाले दंपति। ● अमृत विचार

- **राष्ट्रीय लोक अदालत में सात जोड़ों में हुआ समझौता**
- **दोनों परिवारों की ओर से तलाक तक पहुंच चुकी थी नौबत**

# तस्करों से मुठभेड़ में दो वनकर्मी घायल

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** पीपली वन में तस्करों ने गश्त के दौरान वनकर्मियों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इसमें दो वनकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सात तस्करों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शनिवार की सुबह कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में वन रक्षक एवं बीट प्रभारी श्यामलाल ने बताया कि शुक्रवार की रात वह वनकर्मी रूपचंद और आलेहसन तथा एक अन्य के साथ जंगल में गश्त कर रहे थे। इस दौरान वन तस्करों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। खुद को संभालते हुए वनकर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग की। इससे वन तस्कर भाग गए। वनकर्मियों ने उनका पीछा किया। इस पर तस्करों ने उन्हें एक गांव में दोबारा घेर लिया और वनकर्मियों से हाथापाई करने लगे।

तस्करों द्वारा की गई फायरिंग में वनकर्मी रूपचंद और आलेहसन छर्रे लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने हालत गंभीर बताते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जंगल में हुई फायरिंग से हड़कंप मच गया।

वनकर्मियों की तहरीर पर पुलिस ने सात तस्करों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि तस्कर दीपा, पिंदर सिंह व उसके भाई बंटी, सोनी, किंदी निवासी गांव बेरखेड़ा तथा परमजीत सिंह उर्फ पम्मा, मनोज दुबे निवासी गांव चंदेला सहित सात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।



तस्करों से मुठभेड़ घायल वनकर्मी।

- **घायल वन कर्मियों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती**
- **वन रक्षक व बीट प्रभारी की तहरीर पर सात तस्करों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

### खैर की तस्करी के लिए बदनाम है पीपली वन

पीपली वन खैर की लकड़ी की तस्करी के लिए काफी बदनाम है। यहां से तस्कर बड़ी मात्रा में खैर की लकड़ी का कटान कर उसे इधर-उधर सप्लाई करते हैं। यह सिलसिला काफी समय से चल रहा है। इसके लेकर कई बार झड़पें भी हुईं, मगर हर बार तस्कर कर्मियों की आंख में धूल झोंककर बच जाते हैं। लेकिन, इस बार उनकी शिनाख्त होने पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है।

### चर्चा का विषय बनी वनकर्मियों पर सीधी फायरिंग

वनकर्मियों पर की गई फायरिंग क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी है। घायल वनकर्मियों ने बताया कि अगर वह पेड़ों की आड़ नहीं लेते तो तस्कर शायद उनकी जान ही ले लेते। तस्करों की अंधाधुंध फायरिंग से पहले खुद को बचाया गया। इसके बाद जवाबी फायरिंग की। इस जानलेवा हमले का मंजर उन्हें अभी तक याद है।

# नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **सिविल लाइन थाना क्षेत्र का मामला, 15 हजार का इनाम हुआ था घोषित**
- **अरोपी ने वायरल कर दिया था युवती का अश्लील वीडियो**

**अमृत विचार :** युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने बाद में उसका अश्लील वीडियो भी वायरल कर दिया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद वह फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती ने सात जुलाई को पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें युवती का कहना था कि पनवड़िया निवासी नितिन कुमार घटना वाले दिन मौका पाकर उसके घर में घुस आया था। उसने युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया था। इसके बाद आरोपी ने युवती के साथ दुष्कर्म किया था। इस दौरान उसने युवती की अश्लील वीडियो भी बना ली थी। बाद में इस वीडियो को वायरल कर दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी होते ही आरोपी फरार हो गया था। तब पुलिस अधीक्षक ने उसकी गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। शनिवार को पुलिस ने नितिन कुमार को आश्रम पद्धति स्कूल के पास गिरफ्तार कर लिया।

## नाबालिग के अपहरण में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

**टांडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग को गांव का ही युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी 16 वर्षीया बेटी को गांव का ही युवक रात करीब एक बजे भगाकर ले गया। जाते समय उसने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। काफी तलाश के बाद भी किशोरी का पता नहीं चल सका। किशोरी के पिता ने किशोरी को बरामद करने और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को बरामद करने का प्रयास शुरू कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को भी शीघ्र गिरफ्तार करने की बात कही है।

# सिगरेट लाने से इन्कार करने पर बिरयानी विक्रेता को पीटा

संवाददाता, बिलासपुर

- **पीड़ित ने छह लोगों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर**
- **दो समुदाय से जुड़ा है मामला, पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर किया वायरल**

**अमृत विचार :** बिरयानी की दुकान चलाने वाले दुकानदार को मामूली बात पर छह युवकों ने बेरहमी से पीट दिया। उसकी पिटाई का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने की वजह से चर्चा का विषय बना है।

गुरुवार की रात 11 बजे गांव मुल्लाखेड़ा निवासी छह युवक नैनीताल हाईवे स्थित चौराहे पर मौजूद बिरयानी की दुकान पर खाना खाने गए थे। भोजन करने के बाद किसी बात को लेकर उनका दुकान स्वामी से विवाद हो गया। मामला बढ़ने पर युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने दुकान स्वामी की पिटाई का वीडियो क्लिप भी बना लिया। इस वीडियो क्लिप को सोशल मीडिया पर जारी कर दिया।

उधर, झगड़े के दौरान मौके पर भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने किसी तरह पीड़ित को बचाया और उसे कमरे में बंद कर दिया। घायल दुकान स्वामी को लेकर रात में ही कोतवाली पहुंचे और पुलिस को छह युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। घायल ने बताया कि आरोपियों ने उसकी दुकान पर खाना खाया और फिर उससे सिगरेट लाने को कहने लगे। उसने मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की।

# टीम ने किया महिला अस्पताल का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राज्य सरकार द्वारा नामित दो सदस्यीय टीम शनिवार की दोपहर जिला महिला अस्पताल पहुंची। टीम ने अस्पताल में रोगियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। टीम करीब तीन घंटे अस्पताल में रही। टीम के जाने के बाद अस्पताल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

प्रदेश सरकार द्वारा नामित दो सदस्यीय टीम में संभल के जिला प्रोग्राम मैनेजर संजीव राठौड़, जिला कार्यक्रम सहायक रविंद्र कुमार शनिवार की करीब दोपहर 12 बजे पहुंचे। उन्होंने इमरजेंसी, दवा-पर्चा, पैथोलॉजी लैब में जाकर कायाकल्प की लिस्ट को चेक किया। इसके बाद उन्होंने लेबर रूम, पीएनसी वार्ड में भर्ती महिलाओं को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

अस्पताल प्रबंधक मोहम्मद याकूब अली ने बताया कि स्टेट द्वारा नामित टीम की रिपोर्ट मिशन निदेशक कार्यालय लखनऊ को भेजी जाएगी। यदि 70 प्रतिशत से अधिक नंबर मिलते हैं तब चिकित्सालय एक्सटर्नल असेसमेंट के लिए क्वालीफाई हो जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनवर सादात, डॉ. इरफान, डॉ. पराग अग्रवाल, डॉ. वकास उन्नबी, चीफ फार्मासिस्ट अरविंद श्रीवास्तव, नर्सिंग इंचार्ज त्रिजा सिंह, पदमा गुप्ता आदि मौजूद रहे।



एएनएम से टीकाकरण की जानकारी लेते प्रोग्राम मैनेजर संजीव राठौड़।

**अनदेखी** — नियमित रूप से सफाई नहीं होने से मोहल्लेवासी परेशान, नगर पालिका के अधिकारियों से भी कई बार की गई शिकायत

# वार्ड 35 में लगा गंदगी का ढेर, संक्रामक रोग फैलने का खतरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के अधिकारी सफाई का ढिंढोरा पीट रहे हैं लेकिन, शहर के अधिकतर मोहल्लों में गंदगी के ढेर लगे हैं। इससे संक्रामक रोग फैलने का खतरा है।

नगर पालिका के वार्ड 35 मोहल्ला कलकत्ता में पालिका के अधिकारियों की अनदेखी के चलते कई दिन से कूड़े के ढेर लगे हैं। मोहल्लेवासियों का कहना है कि जिले में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चल रहे हैं। इसके बाद भी मोहल्ले में कई दिन से कूड़े के ढेर लगे हैं। इसके लिए कई बार पालिका के अधिकारियों से कहा गया लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। इकराम, कदीर और रेहान का आरोप है कि महीनों तक यहां सफाईकर्मी नहीं आते। नालियां कूड़े के ढेर से पटकर चोक हो गईं हैं। बरसात में नाली व सड़क का पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। गंदगी से बीमारी का खतरा बना है। जानकारी के बाद भी नगर पालिका प्रशासन चुप्पी साधे हैं। लोगों की परेशानी को नजरअंदाज किया जा रहा है।

समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। इसके कारण लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। समस्या का समाधान कराने के लिए पालिका के अधिकारी इधर झांकते भी नहीं हैं। इसकी वजह से संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना है।

शहर के अधिकतर मोहल्लों का यही हाल है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। सफाई के नाम पर कर्मचारी सिर्फ खानापूरी कर रहे हैं। सफाई नहीं होने का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



मोहल्ला कलकत्ता में लगे कूड़े के ढेर। ● अमृत विचार

"वार्ड 35 में सफाई के लिए संबंधित खाद्य एवं सफाई निरीक्षक तथा सुपरवाइजर को मोहल्ले में रोस्टर के अनुसार सफाई कराने को कहा जाएगा। ताकि मोहल्लेवासियों को परेशानी न हो।"
–दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ, नगर पालिका परिषद



"जगह-जगह कूड़े के ढेर होने से संक्रामक रोग फैलने का खतरा है। नगर पालिका के अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।" - कदीर



"वार्ड में सफाई व्यवस्था चौपट है। सफाई कर्मी कई माह से नहीं आ रहे हैं। इसके कारण कूड़े के ढेर लगे हैं।" - वकार अली



"मोहल्ले में सफाई सिर्फ कागजों में हो रही है। धरातल पर कुछ नहीं हो रहा है। इसके कारण लोगों का जीना दुश्वार है।" - रेहान



"जिले में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चल रहा है। इसके बाद भी मोहल्ले में कूड़े के ढेर लगे हैं। सफाई नहीं हो रही है।" - इकराम



# प्रत्यक्ष पर्यावरण प्रकृति की संरचना


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अंयत्र नहीं मिलता।

प्रत्यक्ष पर्यावरण प्रकृति की संरचना है। भारत के प्राचीन काल में भी प्राकृतिक पर्यावरण की उपस्थिति मनमोहक थी। प्रकृति को देखते, उसके विषय में सोचते और सुनते मनुष्य ने भी सृजन कर्म में जाने अनजाने भागीदारी की। आज का भारत हमारे पूर्वजों, अग्रजों के सचेत कर्मों का परिणाम है। मनुष्य द्वारा किए गए सुंदर सत्कर्म संस्कृति हैं। प्रकृति स्वाभाविक है,लेकिन संस्कृति मनुष्य की रचना है। संक्षेप में विश्व के प्रत्येक जीव की लोकमंगल कामना और उसके लिए किए गए कर्म संस्कृति है। संस्कृति किसी एक व्यक्ति या समूह के कर्मफल का परिणाम नहीं होती।

भारतीय संस्कृति के विकास में विज्ञान और दर्शन की महत्ता है। कोई अंधविश्वास नहीं। रूप, रस, गंध, शब्द और स्पर्श प्रत्यक्ष इंद्रियबोध के हिस्से हैं। पूर्वजों की 'मंगल भवन अमंगल हारी' कर्मठ चेतना से संस्कृति का विकास हुआ। सारांशतः भारत के बुद्धि विवेक और ज्ञान प्रज्ञान का सर्वोत्तम संस्कृति है। राष्ट्र के सभी अंगभूत घटक एक स्वर, एक लय, एक प्रीति, एक छंद और एक रस समरस स्पंदित होकर अपनी संस्कृति गढ़ते हैं। संस्कृति भारत के लोगों के दर्शन, भाषा, धर्म, कला, आशा, संवेदना, अनुभूति, प्रीति, धीरज, साहस संयम और मर्यादा का अंतस है। भारतीय संस्कृति हजारों वर्ष की तपसाधना का सृजन है। मार्शल ने लिखा है कि, "अनेक प्रमाणों में भारत में एक अत्यंत विकसित संस्कृति की उपस्थिति का पता चलता है। इसके पीछे अवश्य ही भारत की धरती का लंबा इतिहास होना चाहिए।"

ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अन्यत्र नहीं मिलता। यहां आस्था और वैज्ञानिक विवेक साथ-साथ चलते हैं। हिन्दू धर्म में एक साथ तर्क और प्रतिप्रश्न दिखाई पड़ते हैं। यहां धर्म का विकास हुआ है। यह इतिहास बड़ा मजेदार है। पहले प्रकृति का अध्ययन, विवेचन और विश्लेषण। फिर प्रकृति की शक्तियों का आदर। इन्हें देवता कहा गया। प्रकृति में नियमबद्धता देखी गई। वैदिक ऋषियों ने इस नियमबद्धता को मनुष्य के जीवन के लिए मार्गदर्शी व प्रेरक बताया। भारत में इसी सबसे विश्वप्रिय दृष्टिकोण का विकास हुआ। कौटिल्य ने दार्शनिक दृष्टिकोण अपनाकर दुनिया का पहला अर्थशास्त्र लिखा। इसी तरह अभिनय कला के सभी सरोकारों को समझते हुए, भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र लिखा। चरक ने चरक संहिता और पाणिनि की अष्टाध्यायी और पतंजलि का योगसूत्र हिन्दुओं की ओर से सारी दुनिया के लिए पुरस्कार है।

ब्रिटिश सत्ता के दौरान यूरोपीय सभ्यता को श्रेष्ठ और भारतीय संस्कृति को छोटा और हेय बनाने का प्रयास किया गया है। पंडित नेहरू भी यूरोप की संस्कृति से प्रभावित थे। उन्होंने रामधारी सिंह 'दिनकर' की पुस्तक 'संस्कृति के चार अध्याय' की भूमिका में लिखा, "जब पश्चिम के लोग समुद्र पार से यहां आए, तब भारत के द्वार दरवाजे एक खास दिशा की ओर खुल गए। आधुनिक औद्योगिक सभ्यता बिना किसी शोरगुल के इस देश में प्रवेश कर गई। नए विचारों और नए भावों का हम पर हमला हुआ और भारतीय बुद्धिजीवी अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचने का अभ्यास करने लगे।" इस वक्तव्य के अनुसार भारतीय बुद्धिजीवियों द्वारा अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचना खास प्रतिष्ठा है।

अंग्रेज बुद्धिजीवियों के हित साम्राज्यवादी थे। उनके लक्ष्य ईसाईयत के प्रचार से जुड़े थे। सभ्यता इकहरी नहीं होती। प्रत्येक सभ्यता का एक दर्शन होता है। एक उद्देश्य होता है। स्वयं को प्रकट करने की अपनी शैली होती है। यह सारी बातें हिन्दू धर्म और परंपरा में पहले से मजबूत रही हैं,लेकिन नेहरू और उनसे प्रभावित बुद्धिजीवी यूरोप से वैचारिक आयात कर रहे थे। इसलिए इतिहास के अनेक प्रश्न महत्वपूर्ण हैं। हिन्दू इतिहास संकलन की शैली यूरोपीय इतिहास संकलन से भिन्न है। भारतीय बुद्धिजीवियों ने महाकाव्यों, पुराणों और वैदिक साहित्य के रूप में भारत की सभ्यता और संस्कृति की नीव मजबूत की थी,लेकिन प्राचीन भारत में यूरोपीय ढंग से इतिहास का संकलन नहीं हुआ।

अंग्रेजों ने अपनी सत्ता चलाने के लिए भारत के सम्यक अध्ययन को जरूरी पाया। ब्रिटिश विद्वानों ने इतिहास की यूरोपीय शैली को अपनाते हुए भारतीय इतिहास का विवेचन किया। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' (पृष्ठ 6) में लिखा है, "ब्रिटेन वालों ने जब यहां शासन कायम किया तब उन्हें औपनिवेशिक प्रशासन के हित में इसकी आवश्यकता प्रतीत हुई। जब 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आए, तब शासकों को हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था करने में कठिनाई का अनुभव हुआ। अतः 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से कराया गया।" यह सब बातें मार्क्सवादी विद्वान की हैं। 1784 में कोलकाता में 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' की स्थापना विलियम जोन्स ने की। उन्होंने 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। इसी समय वर्ष 1785 में विलकंस ने भगवद्गीता का अंग्रेजी में अनुवाद किया। ब्रिटिश सत्ताधीश भारत को ठीक से समझने में लगे थे। वस्तुतः भारत की सभी संस्थाओं को अंग्रेजीराज की मजबूती के लिए इस्तेमाल करने का काम उस समय के आधुनिक विद्वानों के द्वारा किया जा रहा था।

रामशरण शर्मा ने लिखा है कि, "उन्हें महसूस हो गया कि जिन विदेशी लोगों पर उन्हें शासन करना है, उनके रीति-रिवाज और सामाजिक व्यवस्था का गहन ज्ञान प्राप्त करना होगा। क्रिश्चियन मिशनों के धर्म प्रचारकों ने भी हिन्दू धर्म की दुर्बलताओं को जानना आवश्यक समझा ताकि वे धर्म परिवर्तन करा सकें और इसके द्वारा ब्रिटिश साम्राज्यवादियों को मजबूत बना सकें। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मैक्समूलर के संपादकत्व में विशाल मात्रा में प्राचीन धर्म ग्रंथों का अनुवाद किया गया। ये अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ द ईस्ट' सीरीज में 50 खंडों में प्रकाशित हुआ। भारतीय इतिहास और समाज के अध्ययन का इनका उद्देश्य ब्रिटिश सत्ता का समर्थन था। पाश्चात्य विद्वानों ने भारतीय इतिहास और समाज की संरचना के सम्बंध में कई भ्रामक नतीजे निकाले थे। उनके मत में प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के अभ्यस्त रहे। वे आध्यात्मिक और पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे" विंसेंट स्मिथ (1843-1920) ने 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' नाम का ग्रंथ लिखा। स्मिथ भी ईमानदार नहीं रहे।

ब्रिटिश विद्वानों के इतिहास ग्रंथ पक्षपातपूर्ण रहे हैं। उन्होंने इतिहास का विरुपण किया है। हम भारत के लोग जन्म से, अनुभव से, अध्ययन और परिश्रम से विश्व की प्रतिष्ठित संस्कृति के उपासक हैं। संप्रति विदेशी सभ्यता और संस्कृति को आधुनिकता बताकर तथ्य गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। हमारा वर्तमान हमारे भूत का विस्तार है और हमारे आज के श्रमतप भविष्य का भारत रच रहे हैं। आधुनिकता के नाम पर विदेशी संस्कृति का आवाहन और हिन्दू संस्कृति की उपेक्षा स्वीकार्य नहीं है। भारत की आधुनिकता भारत की परंपरा का ही विकास होनी चाहिए।

# मार्क्सवाद

> मार्क्स का लक्ष्य था पूंजीवादी व्यवस्था को नष्ट करके उसके स्थान पर शोषणमुक्त समाज का निर्माण करना। क्या हमारे अनेक प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी इस कोटि में आते हैं? क्या उनके सब कामों के पहले क्रांतिकारी लक्ष्य सामने रहते हैं?


प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

कार्ल मार्क्स का मतलब क्या है? उनका लक्ष्य क्या था? हमारे बीच में अनेक लोग हैं,जो उनको अर्थशास्त्री, विचारक आदि कहकर पुकारते हैं। इसी आधार पर अनेक मार्क्सवादी अपने को मार्क्सवादी अर्थशास्त्री होने, मार्क्सवादी आलोचक होने का दावा भी करते हैं। ऐसे ही लोगों को ध्यान में रखकर एंगेल्स ने जो कहा उसका महत्व है। एंगेल्स ने लिखा- "कुछ भी होने के पहले मार्क्स सबसे पहले क्रांतिकारी है।" मार्क्स का लक्ष्य था पूंजीवादी व्यवस्था को नष्ट करके उसके स्थान पर शोषणमुक्त समाज का निर्माण करना। क्या हमारे अनेक प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी इस कोटि में आते हैं? क्या उनके सब कामों के पहले क्रांतिकारी लक्ष्य सामने रहते हैं?

भारत में साहित्य से लेकर अर्थशास्त्र तक ऐसे मार्क्सवादी हैं,जो बार-बार "थ्योरी" की अप्रासंगिकता का बखान करते रहते हैं। इस तरह ये लोग मार्क्सवाद का विकृतिकरण कर रहे हैं। साहित्य में इसके आदर्श हैं नामवर सिंह। वे कई बार "थ्योरी" सिद्धांततः खारिज कर चुके हैं। वे नहीं जानते कि इस तरह वे किसकी सेवा कर रहे हैं। "थ्योरी" के रूप में मार्क्सवाद पहले भी प्रासंगिक था और आज भी है। इसके आधार पर अनेक महत्वपूर्ण काम मार्क्सवादियों ने किए हैं।

हिन्दी में नामवर सिंह से लेकर रामविलास शर्मा आदि तकरीबन अधिकांश मार्क्सवादी आलोचकों ने थ्योरी को अस्वीकार करते हुए, आलोचना पर जोर दिया, ये लोग निरंतर आलोचना लिखते रहे, आलोचना बोलते रहे, लेकिन इस क्रम में यह भूल गए कि थ्योरी के बिना आलोचना ठूंठ होती, निर्जीव होती है। उसमें निज के विकास की क्षमता नहीं होती। यही वजह है आज हमारे बीच में नामवर सिंह हैं, उनकी आलोचक भक्तमंडली है, लेकिन हिन्दी आलोचना गायब है। नामवर सिंह के रहते आलोचना गायब क्यों हो गई? यह सवाल तो बनता है। उसी तरह यह भी सवाल बनता है कि जो प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी अर्थशास्त्री हैं, उनके रहते हुए मार्क्सवाद हमारे देश में हाशिए पर कैसे पहुंच गया? ध्यान रहे यथार्थ के छोटे-छोटे विवरण और ब्यौरे या आख्यान को मार्क्सवाद नहीं कहते। मार्क्सवाद को बिना थ्योरी के समृद्ध नहीं किया जा सकता।

मार्क्सवाद का लक्ष्य है शोषणमुक्त समाज की स्थापना करना। यानी व्यक्ति के द्वारा व्यक्ति के शोषण का खात्मा करना। भारत के संदर्भ में यह बात कैसे लागू करें, इसे अपने समाज की संरचनाओं की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर तय करें। इसके लिए पहली शर्त है मार्क्सवाद की शिक्षा, मार्क्सवाद की शिक्षा के बिना कोई भी चीज न तो सही नजरिए से देख सकते हैं और न विश्लेषित कर सकते हैं।

मार्क्सवादी होने का मतलब कम्युनिस्ट पार्टी का मेंबर होना नहीं है,मार्क्सवाद कोई कोट नहीं है जिसे हेंगर से उतारा और पहन लिया और मार्क्सवादी बन गए। हो सकता है आप पार्टी मेंबर हों, लेकिन मार्क्सवाद शून्य हों,हमारे देश में बहुत बड़ी संख्या में पार्टी मेंबरों को मार्क्सवाद का न तो ज्ञान है और न वे ज्ञान पाना चाहते हैं। वे इंकलाब जिंदाबाद से अधिक कुछ नहीं जानते या पार्टी ने जो कहा है उसको यांत्रिक तौर पर दोहराते रहते हैं। इन सबको मार्क्सवाद की केटेगरी में नहीं रखा जा सकता। ये वे लोग हैं,जो अर्थवाद, अवसरवाद या मित्रता के नाते कम्युनिस्ट दल से जुड़े हैं। इस तरह के मार्क्सवादियों से तो खुद मार्क्सवाद को खतरा है। यह तो नीम-हकीम खतरा ये जान वाला मामला है।

# चेतना की उत्पत्ति पर विज्ञान की आंशिक यात्रा


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> समय बीतने के साथ पृथ्वी ठंडी होने लगी। जब इतनी ठंडी हो गई कि भाप का संघनन हो सके, दीर्घकाल तक बारिश होती रही। इससे निचले स्तरों में पानी भर गया,जिससे समुद्र अस्तित्व में आए।

यह तो स्पष्ट है कि पदार्थ के एक खास समुच्चय से ही चेतना की उत्पत्ति होती है,किंतु वह कौन सा निर्णायक बिंदु है जिस पर यह चमत्कार संपन्न होता है? और उस बिंदु पर ठीक-ठीक क्या घटित होता है,जो चेतन प्राणी को अचेतन जगत से भिन्न कैटेगरी का बना देता है। इस कदर कि चेतना है तो हम हैं, विश्व है। चेतना नहीं तो सब कुछ "होते" हुए भी कुछ नहीं। चेतना ने ही स्व का बोध किया और स्व से पृथक नानारूप विश्व का बोध किया। इस रहस्य को भेदने की दिशा में विज्ञान की यात्रा "आंशिक" है (और क्या पता, आंशिक ही रहने वाली हो)। इतना तो निश्चित है कि पृथ्वी को छोड़कर हमारे और किसी अन्य सौरमंडल के किसी भी ग्रह पर चेतन प्राणी के अस्तित्व का "वैज्ञानिक प्रमाण" अभी तक नहीं मिला है। पृथ्वी पर भी असंख्य जीवों में से मनुष्य एक है। वे सब कैसे अस्तित्व में आए? उन सबसे मनुष्य का क्या संबंध है?

चेतन प्राणी की जो प्रकृति है उससे स्पष्ट है कि उसमें कार्बन के अणु बहुतायत में हैं। 1923 में रूसी जैव-रसायनज्ञ ए.आई ऑपरिन (बायोकेमिस्ट, ओपरिन) ने जीवन की उत्पत्ति के संबंध में जैव-रासायनिक सिद्धांत का प्रतिपादन किया। 1928 में बरतानिया के विकासवादी जीव-वैज्ञानिक जे बी एस हाल्डेन ने उसकी पुष्टि की। इसके अनुसार जीवन की उत्पत्ति सरल कार्बनयुक्त अणुओं से हुई है। लगभग 4.5 अरब (बिलियन) साल पहले जब एक सौर्य बादल (नेबुला) के फटने से हमारा सूर्य और पृथ्वी समेत सौरमंडल के ग्रह बने, पृथ्वी धधकती हुई आग का गोला थी। इसमें ऊर्जा के अनेक स्रोत मौजूद थे-ब्रह्मांडीय किरणें, विकिरण, बिजली चमकने से होने वाले विद्युत विसर्जन और ज्वालामुखियों से निःसृत ऊष्मा। उस अवस्था में पृथ्वी निरंतर, प्रतिदिन हजारों यौगिक निर्मित करने वाले कारखाने की तरह काम कर रही थी। इस आत्यंतिक स्थिति में पृथ्वी के दहन से उत्पन्न ऑक्सीजन शुद्ध ऑक्सीजन नहीं रह सकती थी। उसी ऑक्सीजन से जल और कार्बन के यौगिक चूना-पत्थर उत्पन्न हुए। उसी से हाइड्रोजन की यौगिक मीथेन उत्पन्न हुई और हाइड्रोजन तथा नाइट्रोजन के मिलने से अमोनिया बन गई। इस तरह बनने वाले सभी यौगिक जैविक थे। समय बीतने के साथ पृथ्वी ठंडी होने लगी। जब इतनी ठंडी हो गई कि भाप का संघनन हो सके, दीर्घकाल तक बारिश होती रही। इससे निचले स्तरों में पानी भर गया, जिससे समुद्र अस्तित्व में आए। पुरानी ऊष्मा के चलते समुद्र का पानी गर्म था। उसमें अनेक प्रकार के जैविक अणु बहुतायत में घुले हुए थे,जिससे उसकी प्रकृति सूप-जैसी थी। गर्म जल में इन यौगिकों की अंतःप्रक्रिया से कई अन्य यौगिक बने। उनमें से कई में अमीनो अम्ल के घटक शामिल थे,जो कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन और ऑक्सीजन से बना एक यौगिक था। ये अमीनो अम्ल बड़ी मात्रा मे आपस में जुड़कर प्रोटीन बन गए और प्रोटीन ही जीवन-सौध के निर्माण में ईंटों का काम करते हैं। मस्तिष्क की कोशिकाएं भी प्रोटीन की ही देन हैं, किंतु प्रोटीन-जैसे स्थूल तत्व से चेतना-जैसे सूक्ष्म तत्व की निर्मिति में बहुत फासला है तो चेतना की उत्पत्ति के बारे में वैज्ञानिकों का अभी तक अनिश्चित अनुमान-जैसा ही है। यह तो शुद्ध अनुमान है कि यह चमत्कार लगभग 3.5 अरब साल पहले हुआ होगा, यानी पृथ्वी के जन्म से लगभाग एक अरब साल बाद। उस अनुमान को वैज्ञानिक शब्दावली में मिलर-यूरे प्रयोग (मिलर-यूरे इक्सपेरिमंट) के नाम से जाना जाता है।

1952 में दो अमेरिकी जीव रसानयज्ञ, स्टैनली मिलर और हैरॉल्ड यूरे,ने मिलकर प्रयोगशाला में छोटे स्तर पर ठीक वही स्थितियां उत्पन्न करने की कोशिश कीं जो (अनुमानतः) 3.5 अरब साल पहले पृथ्वी पर रही होंगी। उन्होंने मीथेन, अमोनिया, पानी की भाप और हाइड्रोजन के मिश्रण को एक बंद परखनली में रखकर, एक हफ्ते तक 80 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर विद्युत स्फुलिंग से आवेशित किया। एक हफ्ते बाद जब परखनली के पदार्थों को जांचा गया,उसके पेंदे में अमीनो अम्ल के विभिन्न रूप मिले जो,जैसा कि ऊपर कहा गया, प्रोटीन के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। इससे उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि पृथ्वी के शुरुआती वातावरण का अनुकरण कर, बहुत सारे जैविक यौगिकों का निर्माण किया जा सकता है। यह ऑपरिन और हाल्डेन के जैव-रासायनिक प्रमेय की पुष्टि थी। वैज्ञानिकों ने इसे प्रयोगशाला में जीवन के तत्वों के निर्माण के रूप में लिया और अमेरिकी भौतिकशास्त्री रिचर्ड फेयनमैन ने तो इस उपलब्धि को पृथ्वी पर जीवन के उत्पत्ति विषयक मानव-ज्ञान की सफलता मानते हुए इस पर एक कविता लिखकर जश्न तक मना डाला।

मिलर महोदय 2007 में अपनी मृत्यु तक इस दिशा में शोधरत रहे। वे अनेक प्रकार के अमीनो अम्लों और जैविक एवं गैर-जैविक यौगिकों के निर्माण में सफल हुए जो कोशिकीय संरचना और संश्लेषण में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। जैविक कोशिकाओं में भोजन के चयापचय में अंतरण का भी उन्होंने अध्ययन किया,लेकिन कोशिका के निर्माण और चेतना का प्रादुर्भाव करने से हम अभी कितनी दूर हैं, कुछ पता नहीं। तब से हमने क्लोन तो बना लिया, लेकिन डिम्ब और शुक्राणु बना पाने का अभी तक कोई आसार नहीं है। यह बात अलग है कि क्वांटम भौतिकी के अनुसार सूक्ष्मातिसूक्ष्म स्तर पर हम (ब्रह्मांड के जड़, चेतन और खाली आकाश भी) एकरूप और परस्पर उलझे हुए विद्युतावेशित इलेक्ट्रॉन और क्वार्क के तरंगित क्वांटा क्षेत्र हैं। ठीक कहा है, जितना जानिए, उतना ही यह एहसास बढ़ता जाता है कि हम कितना कम जानते हैं।

# अतीत की स्मृतियों का महत्व


राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> हमारे समय तो एक साइकिल भी मुश्किल से नसीब थी और सारे घर मिट्टी के थे,पर आज सिर्फ पक्के मकान हैं और गांव में कार और मोटरसाइकिलों की भरमार है। कार का होना शान का प्रतीक है।

भारत के धार्मिक एवं सांस्कृतिक जीवन में वृक्षों का विशेष रूप से पीपल, बरगद, कदंब एवं नीम का बहुत महत्व रहा है। पौराणिक आख्यानों में इनका संबंध शायद विष्णु, शिव, कृष्ण और मां काली से है। पता नहीं, राम से संबंधित कोई वृक्ष है कि नहीं! मेरे बचपन में पीपल वृक्ष भूत, प्रेत, जिन्न आदि का स्थाई निवास स्थान था। भूत-प्रेत अब बिल्कुल ही गायब हो चुके हैं। वृक्षों के संबंध में अतीत की स्मृतियों का अपना महत्व है। हमने दो वृक्षों का रोपण ने हाई स्कूल के दिनों में 1970 के आसपास किया था, इनकी उम्र कोई 54 वर्ष के करीब है। दोनों वृक्षों के बीच मुख्य सड़क से उत्तर एक डेढ़ किलोमीटर दूर मेरे गांव जाती सड़क। कच्ची सड़क अब राजपथ है, पीपल के वृक्षों का स्थान बस पड़ाव है और दोनों वृक्षों की छाया में सड़क किनारे यात्री शेड बने हैं।

सड़क से सौ मीटर दक्षिण एक बड़े बांध के बाद सरयू का कोई नौ किलोमीटर चौड़ा और पचासों किलोमीटर की लंबाई में फैला विशाल दियारा प्रक्षेत्र है। दियारा प्रक्षेत्र विगत वर्षों में सूअर, नीलगाय, आवारा गाएं और साड़ों का चारागाह क्षेत्र बना हुआ है। नीलगाएं गांव के करीब भी दिखीं। गांव के बिल्कुल मध्य में एक विशाल बरगद का वृक्ष था, जिसकी छाया में राम कथा और महाभारत कथा हुआ करती तथा नाटकों का मंचन होता। कथा और नाटक दोनों अतीत की बात हो चुके हैं। पश्चिम में एक इतना ही विशाल बरगद वृक्ष था, जिसके नीचे 'सती देवानी' का स्थान था तथा बगल में ही छठ स्थल। सती देवानी का पुराना महत्व नहीं हैं, पर छठ पूजा व्यापक रूप धारण कर चुकी है। अगर अपने बचपन की सोचूं तो तुलनात्मक रूप से आज का मेरा गांव बहुत ही ज्यादा समृद्ध है। हमारे समय तो एक साइकिल भी मुश्किल से नसीब थी और सारे घर मिट्टी के थे,पर आज सिर्फ पक्के मकान हैं और गांव में कार और मोटरसाइकिलों की भरमार है। कार का होना शान का प्रतीक है। गांव का करीब पचास प्रतिशत दिल्ली, कलकत्ता, लखनऊ, जमशेदपुर, वाराणसी आदि शहरों में जा बसा है।

# शानदार शॉपिंग


दीपक मिश्र
अध्यक्ष बौद्धिक सभा

देश, राष्ट्र, समाजवाद जैसे शब्द आकाश से उतरे हुए शब्द नहीं हैं, इसी धरा के शब्द हैं और इसी धरा की बेहतरी के लिए महान पूर्वजों द्वारा शिल्पित शब्द हैं। हम बहुत छोटे-छोटे कार्यों तीनों को साध सकते हैं। जैसे मैंने बरसात के बाद देखा कि एक बुजुर्ग साइकिल पर रेगुलर इस्तेमाल की चीजें सजाकर बेच रहे थे। उनकी कमीज खुली अलमारी की तरह थी। पूरा बदन पसीने और बरसात की पानी से भीगा हुआ था। देखने में लग रहा था, सलीके का भोजन लिए हुए उन्हें महीनों हुआ होगा। मेरे मन में आया कि उनसे कुछ खरीदूं, पर उनके पास जो चीजें तीन, उनकी मुझे जरूरत नहीं थी, फिर देश और समाजवाद को सशक्त करने के लिए इस गरीब से खरीदारी। बेवजह की खरीदारी को वे भी समझ गए, लगभग सात सौ की खरीदारी के बाद बोले कि बाबू जी अब बस करिए, इतने में हमारा परिवार पूरे हफ्ते अच्छा खाना खाएगा। हम इन गरीब व्यापारियों से खरीदारी कर देश की अर्थव्यवस्था को समग्रतः मजबूत करते हैं। क्रयशक्ति गरीब के घर जाएगी तो गरीबी घटेगी, राष्ट्र सशक्त होगा। बड़े-बड़े मॉल में खरीदारी का खरीदारियों के हम विरोधी नहीं, पर वहां की खरीदारी का मतलब समंदर पर मूसलाधार बरसात करना है। जम के सागर पे बरसते रहे बादल बंधु और एक बूंद को तरसते रहे मरुधर बंधु इसलिए बंधुओं खरीदारी जहां करते हैं, करते रहें, पर ठेला या साइकिल या सर पर सामान बेचने वालों से जरूर खरीदारी करें।

# बाढ़ की चपेट में शहर


अनूप शुक्ल
कानपुर



उत्तर प्रदेश का शहर शाहजहांपुर आजकल बाढ़ की चपेट में है। शहर गर्रा और खन्नौत नदियों के बीच बसा है। इन नदियों ने शहर को अपने आलिंगन में समेट रखा है। शहर इनसे बाहर निकलने की कोशिश करता है तो नदियां गुस्से से उफनकर दबोच लेती हैं उसको। शहर को अपनी औकात पता चलती है। वह नदियों के आगोश में सहम-सिकुड़ जाता है। नदियां फिर उसको प्यार से समेट लेती हैं।

कुछ दिनों पहले शाहजहांपुर गए थे तो पता चला खन्नौत की तरफ के इलाके पानी में डूबे हैं। लोदीपुर की तरफ का रास्ता बंद है। पानी से भरा है। केरूगंज की तरफ से शहर में घुसे, जिस जगह हम रहे वहां पानी नहीं भरा था। न बारिश हो रही थी। अंदाज नहीं था कि जिनके घर पानी में डूबे हैं उनके हाल कैसे होंगे। पता चला और हमने बाद में पुल से देखा भी कि इमारतों में पानी भरा है। घर आधे-आधे डूबे है पानी में। लोगों ने नदियों के किनारे घर बनाए हैं। कई साल पानी नहीं आता होगा उस इलाके में तो उसको सुरक्षित मानकर वहां घर बना लिए,लेकिन जब दस-बीस साल बाद नदी में पानी बढ़ता है तो उस जमीन पर फिर से कब्जा करता है। डूबो देता है जमीन को। नदियों किनारे बने नीचे इलाके में बने घर ऐसे होते हैं,जैसे किसी ट्रेन की कोई रिजर्व बोगी में अनारक्षित यात्री आकर बैठ जाए और कि पूरी यात्रा आराम कटेगी,लेकिन चार-छह स्टेशन बाद वह यात्री आए,जिसके नाम बर्थ रिजर्व है और ट्रेन में आराम से लेटे यात्री को उठाकर कहे - 'भाई साहब, यह बर्थ मेरी है। खाली कर दीजिए।' यात्री बेचारा दुखी होकर खुद को और सामान को भी समेटकर सीट छोड़ देता होगा।

नदियां भी इसी तरह अपनी जमीन पर कब्जा कायम करने को वापस लौटती हैं। लोगों को अपनी जमीन पर घर बसाए देखकर भन्ना जाती होंगी। बेदखल कर देती हैं लोगों को,लेकिन यह पानी यहां की बरसात का नहीं है। बांध से छोड़ा पानी है। कहीं और बरसा होगा पानी। बांध में आया होगा। बांध का पेट भरा है। उसने पानी इधर उलट दिया। बरसा कहीं,भरा कहीं कहावत है न : एक गांव में आग लगी, एक गांव में धुंआ।

एक दिन बाद खन्नौत की तरफ पानी कम हुआ तो गर्रा की तरफ बढ़ गया। नदी किनारे तमाम इलाके पानी में डूब गए। शहर के अस्पताल के सामने घुटनों, कमर तक के पानी में लोग भागते दिखे,जो बीमार हैं उनका क्या हाल होगा। लोग अपने घरों को छोड़कर दूसरे इलाके में भाग रहे हैं। सामान निकालना समस्या है। सामान ढोने वाली सवारियों के भाव बढ़े हैं। वो भी निकाल कहां पा रही हैं? लोग अपना सामान घर में ही छोड़कर सुरक्षित इलाकों में जा रहे हैं। बाढ़ के पानी ने रास्ते बदल दिए हैं। हमको 30 किलोमीटर दूर एक कार्यक्रम में जाना था। बरेली मोड़ पर पानी भरा होने के चलते दूसरे रास्ते जाना पड़ा। 30 किलोमीटर की दूरी 90 किलोमीटर में बदल गई। रास्ते में जाम। 90 किलोमीटर की दूरी छह घंटे में तय कर पाए।

शहर कई तरफ से पानी से घिरा है। जगह-जगह नदियों का पानी 'जनता दर्शन' के लिए मौजूद है। लोग फोटो-वीडियो बनाने में जुट रहे हैं। अनगिनत फोटो-वीडियो इधर-उधर टहल रहे हैं। लोगों के मोबाइल डिजिटल बाढ़ में डूब रहे हैं। दो दिन शाहजहांपुर रहने के बाद वापस लौट आए। खन्नौत की तरफ का पानी कम हो गया था। जाते समय जिधर से रास्ता पानी में डूबा था वह साफ हो गया था। उधर से ही आए। प्रेम-स्नेह की बारिश और बाढ़ में भीगे-डूबे। यह स्नेह/प्रेम की बारिश और बाढ़ ऐसी है,जिसमें हमेशा भीगने और डूबे रहने का मन करता है।

# संविधान हत्या दिवस


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

केंद्र सरकार ने 25 जून की तारीख को प्रतिवर्ष 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाए जाने की आधिकारिक घोषणा की है। चूंकि वर्ष 1975 में इसी तिथि को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से देश में आपातिक स्थिति यानी इमरजेंसी की उद्घोषणा करवाई थी। इस कालखंड में कुछ शासन और कुछ प्रशासन तंत्र द्वारा प्रावधानों के बेजा उपयोग के कारण लोगों को कष्ट हुए थे। इसे संविधान हत्या दिवस घोषित करने पर एक नई बहस छिड़ गई है। आरोपों प्रत्यारोपों का दौर जारी है।

आम जनता तो 49 साल पहले की बात काफी कुछ भूल चुकी है, नई पीढ़ी तो इसे जानती भी नहीं,किंतु प्रबुद्ध लोग इस अति पुरानी घटना को नए दिवस के रूप में मनाने पर चकित हैं और वे बुद्धि और लेखनी चलाने लगे हैं। वे कहते हैं कि संविधान में इमरजेंसी लगाने का तो प्रावधान है और यह उसी के अंतर्गत लगाई गई थी,फिर संविधान की हत्या कैसी? संविधान का अनुच्छेद 352 आपातिक स्थिति लगाने की व्यवस्था करता है,जो आज भी मौजूद है। दस वर्ष से तो भाजपा की सरकार केंद्र में सत्तारूढ़ है। न तो उसे संविधान हत्या की याद आई और न उक्त अनुच्छेद निरस्त करने का कोई प्रयास किया। दरअसल यदि 25 जून,1975 को संविधान की हत्या हो गई थी,तो इमरजेंसी के ठीक बाद हुए चुनावों के परिणामस्वरूप मोरारजी देसाई की सरकार कैसे बनी,जिसमें भाजपा की पार्टी के अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी मंत्री थे? क्या यह सरकार असंवैधानिक थी? क्योंकि संविधान तो मर चुका था। हत्या किया हुआ व्यक्ति तो जीवित हो ही नहीं सकता। दूसरा संविधान कब बना? यह केंद्र को स्पष्ट करना होगा। इमरजेंसी लगाने की सलाह जरूर इंदिरा गाधी कैबिनेट ने दी थी, किंतु तब तो कैबिनेट की सलाह मानने के लिए राष्ट्रपति बाध्य भी नहीं थे। वे न हस्ताक्षर करते, तो इमरजेंसी कैसे लगती? बाध्य होने वाला 44 वां संविधान संशोधन तो 1976 में हुआ है।

यदि ऐसा कोई दिवस मनाना जरूरी था, तो मोरारजी देसाई की 27 महीने चली और अटल बिहारी वाजपेयी की छह साल चली विपक्षी सरकारों ने इसे जरूरी क्यों नहीं समझा और मोदी को भी दस साल बाद ही क्यों याद आई? शायद अपनी पार्टी के गिरते और कांग्रेस के उठते ग्राफ से हतप्रभ हुए भाजपाई हताशा में अपनी स्थिति पुनर्स्थापित करने के लिए हाथ पैर मार रहे हैं,जिनका जनता पर प्रभाव न के बराबर होगा। अच्छा होता कि यह मिलीजुली सरकार कुछ ठोस सकारात्मक मुद्दे लेकर आगे बढ़ती।

## एक नजर

### छत पर खेल रहा 10 वर्षीय बच्चा करंट से झुलसा

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में छत पर खेल रहा बच्चा हाईटेंशन लाइन के करंट से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने आनन फानन में बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने बच्चे को हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव पवसरा निवासी कल्यान का 10 वर्षीय बेटा हेमराज शनिवार को सुबह खेलने के लिए पड़ोस के मकान की छत पर पहुंच गया। जहां खेलते समय हेमराज छत के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप झुलस गया। परिजनों ने जैसे ही हेमराज की चीख सुनी तो दौड़ पड़े। बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर डॉक्टर ने उपचार करते हुए गंभीर हालत में उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### दलित के साथ हुई घटना की निंदा, कार्रवाई की मांग

संभल, अमृत विचार : रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया व दलित मुस्लिम सुरक्षा मंच की बैठक में भीकम सिंह भारती ने श्रावस्ती में दलित युवक के साथ मारपीट और अन्य घटना की निंदा की। मामले में सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। बैठक में भोला, मोहसिन खां, दानिश कुरैशी, हेमलता वर्मा, रेखा गौतम, वीपी माथुर, मनोज कुमार, मुजफ्फर हुसैन आदि रहे। अध्यक्षता तहसीन पहलवान ने तथा संचालन हरपाल सिंह सागर ने किया।

### जहरीले कीड़े के काटने से ग्रामीण की हालत बिगड़ी

संभल, अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव कैलमुड़ी निवासी भूरे शुक्रवार की रात झोपड़ी में पलंग डालकर सो रहा था। देर रात करीब दो बजे किसी जहरीले कीड़े ने भूरे के हाथ में काट लिया। जानकारी होने पर परिवार वाले पहले भूरे को लेकर आसपास में झाड़ फूंक करने वाले के पास पहुंचे। हालत में सुधार होने की जगह भूरे की हालत और बिगड़ती चली गई। इसके बाद परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल आ गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर भूरे को हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उपचार कराने के लिए भूरे को लेकर मेरठ चले गए।

# चक्की के पाट की जगह को बनायेंगे पर्यटन स्थल

## संभल कोतवाली के थाना समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनीं शिकायतें, देखने गए चक्की का पाट

कार्यालय संवाददाता, संभल


संभल के मुख्य बाजार में दीवार पर टंगा प्राचीन चक्की का पाट देखने जाते डीएम व एसपी।

अमृत विचार : जनपद में लगे थाना समाधान दिवसों में अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सुनीं। कोतवाली में डीएम और एसपी ने जनता की फरियाद सुनी। आला अधिकारियों ने चक्की का पाट भी देखा। डीएम ने कहा कि दो से तीन महीने में चक्की के पाट स्थान की मरम्मत कराकर इसे पर्यटन स्थल बनाया जाएगा।

शनिवार को संभल कोतवाली में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया और एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने लोगों की फरियाद सुनी।

शिकायतें सुनने के बाद डीएम और एसपी अन्य अधिकारियों के साथ चक्की का पाट स्थल पर पहुंचे। डीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों से चक्की के पाट की जर्जर हालत के बारे में जानकारी ली। डीएम ने कहा कि चक्की का पाट इस समय जर्जर हालत में है। एएसआई के अधिकारियों ने टेक्निकल सुविधा दिए जाने की बात कही है। दो से तीन महीने में चक्की के पाट के स्थान की मरम्मत कराकर इसे संभल का टूरिज्म स्थल बनाया जाएगा। कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में चार शिकायतें आईं। इनमें से एक शिकायत का मौके पर समाधान करा दिया गया। इस दौरान एसडीएम विनय कुमार मिश्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी, कोतवाल पवन कुमार आदि रहे। वहीं हयातनगर थाने में आयोजित समाधान दिवस में तीन शिकायतें आईं जबकि नखासा थाने में चार शिकायतें आईं। शिकायतों के निस्तारण के लिए मौके पर टीमों को भेजा गया। इस दौरान कोतवाल हयातनगर संत कुमार, कोतवाल नखासा गजेंद्र सिंह के अलावा राजस्व विभाग के कर्मचारी रहे।


चक्की के पाट की जर्जर दीवार।

### राजस्व कर्मी मौके पर विवादित मामलों को निपटाएं

संभल/असमोली, अमृत विचार : असमोली थाने में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में डीएम डॉ.राजेन्द्र पैंसिया और एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने लोगों की समस्या सुनी। डीएम ने कहा कि पुलिस बल के साथ राजस्व कर्मी मौके पर जाएं और विवादित मामलों का निस्तारण करें। डीएम ने कांवड़ यात्रा के दौरान सड़क पर सीसीटीवी कैमरे और लाइटों की व्यवस्था के बारे में जानकारी की। गुमसानी स्थित झारखंडी महादेव शिव मंदिर पर व्यवस्थाओं के बारे में लेखपाल से पूछा। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने थाने में अपराध रजिस्टर चेक किया। सांप्रदायिक विवादों की जानकारी ली। एसडीएम विनय मिश्रा ने कहा कि इस बार दस फिट से अधिक ऊंचाई वाले ताजिये सड़क पर नहीं आएंगे। समाधान दिवस में पांच शिकायतें आईं। अधिकारियों को मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी असमोली आलोक सिंघु, प्रभारी निरीक्षक हरीश कुमार, एसआई संजय सिंह, उपेंद्र मलिक आदि रहे।

### गुन्नौर में आई चार शिकायतें, एक निस्तारित

गुन्नौर अमृत विचार : कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में चार शिकायतें आईं जिनमें एक का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शनिवार को कोतवाली में एसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने जनता की फरियाद सुनी। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर संबंधित अधिकारी को भेजें।

# पौत्री की शादी में जयमाला की रस्म होते ही मिली दादी की मौत की खबर

संवाददाता, बबराला

- शादी की खुशियां गम में बदलीं खुर्जा से बबराला पहुंचा परिवार

अमृत विचार : शादी की खुशियां उस समय गम में बदल गईं जबकि पोती की शादी में जयमाला की रस्म होते ही उसकी दादी की मौत की खबर आई।



व्यवसायी पंकज गोयल की बेटी पारूल की शादी थी। बुलंदशहर जनपद के खुर्जा में आयोजित शादी समारोह में भाग लेने के लिए सभी परिजन भी शाम को खुर्जा चले गए। अस्वस्थता के कारण पंकज गोयल की माता मालती देवी (77 वर्ष) घर में ही रूक गईं। उनकी देखरेख के लिए घर में मालती देवी की बहन भी यहीं रुक गईं। बताया गया है कि खुर्जा में बरात की अगवानी के बाद के प्रीतिभोज के साथ ही घराती बरातियों ने डीजे पर जमकर डांस किया। देर रात करीब साढ़े बारह बजे जयमाला का कार्यक्रम चल रहा था, तभी मालती देवी के निधन की मनहूस खबर पहुंची। जिसके बाद शादी की बाकी रस्में पूरी करने के लिए पारूल के माता पिता को खुर्जा में छोड़ कर बाकी परिवार बबराला लौट आया।

### ...पर तबीयत ठीक नहीं थी

घर में पोती की शादी की खुशी का माहौल था। दादी मालती देवी भी बेहद खुश थीं। शादी में शामिल होने खुर्जा जाना चाहतीं थीं लेकिन तबीयत ठीक न होने के कारण घर में ही रूक गईं लेकिन उनकी मौत हो गई। यह खबर मिलने पर शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। सुबह गमगीन माहौल में बेटी को विदा किया गया। उसके बाद चार घंटे बाद दादी मालती देवी की अर्थी उठी।

# पर्यावरण शुद्ध रखने को पेड़ पौधों की जरूरत

संवाददाता, बबराला



डीएसएम शुगर मिल परिसर में पौधरोपण करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

- रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण करने की जरूरत पर बल दिया

अमृत विचार : रोटरी क्लब बबराला गंगा के पदाधिकारियों ने डीएसएम शुगर मिल परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

शनिवार को क्लब के पदाधिकारियों ने चीनी मिल कैंपस में सामूहिक रूप से आम, जामुन, अमरूद, पीपल आदि के 500 पौधे लगाए। पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। क्लब के संस्थापक सदस्य अतुल गोयल ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता है। उन्होंने पेड़-पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण करने की जरूरत पर बल दिया। रोटरी क्लब अध्यक्ष और शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। इनसे पृथ्वी पर ऋतु चक्र बना रहता है। ऋतु चक्र को संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना जरूरी है। डॉ. राहुल यादव ने कहा कि कुछ लोग स्वार्थ के चलते पेड़ों की कटाई कर देते हैं। इससे पर्यावरण को नुकसान होता है। इस दौरान अभय शर्मा, सुमित यादव, रजत मित्तल, तुषार, सुरेश गुप्ता, इकबाल सिंह, एसके त्यागी, अमित अग्रवाल, राजन दीक्षित, अजय जिंदल आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### एक बार फिर पटरी पर लौटी छह दंपति की जिंदगी

बहजोई, अमृत विचार : पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र छोटी-छोटी बातों को लेकर टूटे परिवारों का पहुंचना प्रारंभ हुआ। जहां काउंसलर ने समझाया कि जिन खुशियों के लिए परिवार बनाया जाता है। वह खुशियां विवाद के कारण खत्म हो जाती हैं। छह परिवारों ने अपनी सहमति देते हुए विवाद को समाप्त किया। पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस परिवार परामर्श केंद्र पर महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद ने बताया कि पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया। जहां कुल 62 पत्रावली सुनकर 13 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। जहां 6 दंपति को मिलाया गया। एक पत्रावली विधिक कार्रवाई के लिए भेजी गई है। 6 पत्रावली को आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद कर दिया गया है। इस दौरान काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, कंचन माहेश्वरी, बबीता शर्मा, श्वेता गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### स्कूल में बिगड़ी इंटर की छात्रा की हालत

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में स्कूल में पढ़ाई के दौरान इंटर की छात्रा की हालत बिगड़ने पर स्कूल प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। उपचार के लिए छात्रा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कोट पूर्वी निवासी निधि 16 वर्षीय शंकर भूषण सरन इंटर कालेज में कक्षा 12 की छात्रा है। शनिवार को स्कूल में पढ़ाई करते समय निधि की तबियत खराब हो गई। अध्यापकों ने निधि को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने की सूचना मिलने पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि सुबह निधि ने खाना खाकर दांत दर्द की दवा खाई थी। जिसके थोड़ी देर बाद निधि को घर पर भी उल्टी हुई थी। मना करने के बाद भी निधि पढ़ने के लिए स्कूल आई थी। वहीं इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग की वजह से छात्रा की तबियत खराब हुई है।



डीएसएम शुगर मिल में वाटर कूलर सौंपते मिल के अधिकारी। ● अमृत विचार

### डीएसएम शुगर मिल ने आश्रमों के लिए सौंपे वाटर कूलर

संभल/रजपुरा अमृत विचार : डीएसएम शुगर मिल रजपुरा के यूनिट हेड आशीष कुमार शर्मा ने हरि बाबा आश्रम और जिंजौड़ा डांडा आश्रम के लिए वाटर कूलर प्रतिनिधियों को सौंपे। जिससे श्रद्धालुओं को शीतल पेयजल मिल सकेगा तो वह राहत महसूस करेंगे। इस दौरान वरिष्ठ गन्ना महाप्रबंधक इकबाल सिंह, उप महाप्रबंधक प्रशासन राजन कुमार दीक्षित, महाप्रबंधक इंजीनियरिंग अभय शर्मा, महाप्रबंधक फाइनेंस संजीव कुमार, उप महाप्रबंधक प्रोडक्शन सुधीर त्यागी, उप महाप्रबंधक आईटी संजीव, उप महाप्रबंधक सेल्स अमित अग्रवाल, पीए यूनिट हेड लवीश कुमार आदि रहे।

### डीएम और एसपी ने किया पौधरोपण

संभल,अमृत विचार : ग्रीन संभल कॉरिडोर की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए चौधरी सराय पुलिस चौकी पर डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत, एसडीएम विनय कुमार मिश्र ने पौधरोपण किया। जिसमें औषधीय पौधे अर्जुन और पीपल लगाए गए। डीएम ने औषधीय पौधे को प्रमुखता देने की बात कही। एसपी ने कहा कि ग्रीन संभल कॉरिडोर की मुहिम अच्छी मुहिम है। इससे लोगों को जुड़कर आगे बढ़ाना चाहिए। इस दौरान ग्रीन संभल कॉरिडोर से धर्मेंद्र सिंह, राजकुमार शर्मा, मुकेश शर्मा, जसपाल सिंह आदि रहे।

### ग्राम पंचायत सहायक पद के लिए हुई खुली बैठक

चन्दौसी, अमृत विचार : विकास खण्ड बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत अकबरपुर चितौरी में ग्राम पंचायत सहायक के पद के लिए खुली बैठक हुई। जिसमें ग्राम के समस्त आवेदन कर्ता, ग्राम प्रधान अनीता, ग्राम पंचायत अधिकारी मनोज कुमार मौजूद रहे। ग्राम पंचायत में आवेदन कर्ताओं में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परसेंटेज के आधार पर आवेदन मान्य था और इसमें टोटल 22 आवेदनकर्ताओ ने हिस्सा लिया। जिसमें 15 आवेदन कर्ता ग्राम पंचायत के ही थे। बाकी के सात आवेदन कर्ता गांव से बाहर के थे। जिनको अपात्र मानते हुए उनके आवेदन को निरस्त कर दिया गया। क्योंकि यह पद ग्राम पंचायत के ही लोगों के लिए था। सभी आवेदन कर्ताओ के परसेंटेज के आधार पर प्रथम स्थान पर प्रियंका भारती व द्वितीय स्थान पर कुणाल गौतम तथा तृतीय स्थान पर प्रिंस कुमार और चतुर्थ स्थान पर अंशुल रहे।

# सगे भाइयों के घरों में नकब लगा कर समेटा दो लाख का सामान

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा

अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में चोरों ने सगे भाइयों के घरों में नकब लगाकर नकदी, जेवर, बर्तन समेत करीब दो लाख रुपये का माल समेट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर निकल गए। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर गहरा निवासी दुष्यंत पुत्र राम सिंह का घर गांव के बाहरी छोर पर है। शुक्रवार को रात दुष्यंत परिजनों के साथ घर के आंगन में सो रहा था। देर रात चोरों ने घर के पीछे नकब लगाया और अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे से 16 हजार रुपये, सोने-चांदी के जेवर, बर्तन, कपड़े आदि समेत करीब डेढ़ लाख रुपये का माल समेटा और निकल गए। चोरों ने दुष्यंत के सगे भाई गुड्डू के घर को भी निशाना बनाया। नकब लगाकर घुसे चोरों ने चार हजार रुपये, पीतल के बर्तन, पांच किलो देसी घी समेत करीब पचास हजार रुपये का माल कब्जे में लिया। चोरों ने घर में रखा दूध भी पी लिया। शनिवार को सुबह जाग होने पर घरों में नकब लगे देखकर पड़ोसियों ने पीड़ितों को जानकारी दी तब चोरी के बारे में पता चला। पीड़ितों ने ग्रामीणों के साथ खोजबीन की लेकिन चोरों का पता नहीं चल सका। इस मामले में पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी।


संदूक का टूटा कुंडा दिखाता गृहस्वामी।

- एक घर से देसी घी भी ले गए चोर जबकि दूध पी लिया

### दो घरों में लगाया नकब पर नहीं कर सके चोरी

संभल/मनोटा अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव दबोई कला निवासी तेजराम पुत्र डोरी लाल के मकान के पीछे से चोरों ने नकब लगाया लेकिन जाग होने पर वापस लौट गए। चोरों ने तेजराम के बेटे महेंद्र के घर पर भी नकब लगाया लेकिन यहां भी जाग हो गई। ऐसे में लोगों ने खाली हाथ लौटना पड़ा। इसी गांव के शीशपाल के घर में भी नकब लगाया गया लेकिन उस कमरे में भूसा मिला तो चोरों को बैरंग लौटना पड़ा।

# चलती बाइक से गिर कर महिला की मौत

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में गवां-बबराला मार्ग पर चलती बाइक से महिला अचानक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए तो डॉक्टर ने गंभीर हालत देखकर रेफर कर दिया। अलीगढ़ में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

जनपद अलीगढ़ के थाना दादो अंतर्गत गांव गंगावास निवासी उमेश कुमार शुक्रवार को मां गायत्री देवी (55 वर्ष) पत्नी बलवीर के साथ थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव पबसरा में राकेश कुमार के यहां किसी कार्य से आया। देर शाम को दोनों बाइक से गवां-बबराला मार्ग पर गांव मेहुआ हसनगंज के पास पहुंचे तो चलती बाइक से गायत्री देवी सड़क पर गिर गई। गायत्री को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टर ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। शनिवार को अलीगढ़ के अस्पताल में उपचार के दौरान गायत्री की मौत हो गई।

# बस की टक्कर से पलटा ई-रिक्शा, 6 लोग घायल

संवाददाता, संभल

- संभल मुरादाबाद मार्ग पर रोडवेज बस ने पीछे से मारी टक्कर
- पुलिस ने बस कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर रोडवेज बस की पीछे से टक्कर लगने के बाद ई रिक्शा सड़क पर पलट गया। जिससे ई रिक्शा में सवार दो किशोरियों सहित छह लोग घायल हो गए।

हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव मिठौली निवासी चालक मोहम्मद आलिम शनिवार की दोपहर डेढ़ बजे अपनी बेटी राबिया 14 वर्ष व सायदा 12 वर्ष के साथ ई रिक्शा में बैठाकर पुत्रवधू तहसीन पत्नी तालिब को दवा दिलाने संभल आ रहा था। संभल मुरादाबाद मार्ग पर संभल आने के लिए वाहन के इंतजार में खड़ी सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव चिमयावली निवासी मोहम्मद उमर की पत्नी सीमा व उसकी सात वर्षीय पुत्री अदीबा को भी मोहम्मद आलिम ने ई रिक्शा में बैठा लिया। मोहम्मद आलिम ई रिक्शा लेकर जैसे ही संभल के मुहल्ला वाजिदपुरम के पास पहुंचा। पीछे से आ रही मुरादाबाद डिपो की अनुबंधित रोडवेज बस ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर के लगते ही ई रिक्शा सड़क पर पलट गया। इस हादसे में ई रिक्शा के नीचे दबकर मोहम्मद आलिम, सायदा, राबिया, सीमा, अदीबा व तहसीन घायल हो गई। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बस कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया।

### गाली गलौज में 4 गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : मुहल्ला दीपा सराय निवासी रियाजुल, रजाउल, नाजिम और फरदीन के बीच शनिवार को किसी बात को लेकर गाली गलौज होने लगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने रियाजुल, रजा उल, नाजिम व फरदीन को हिरासत में ले लिया और कानूनी कार्रवाई कर शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मौ० सादान गलत संगत में पड़ गया है। आए दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ झगड़ा-फसाद और कहना नहीं मानता है। मैं अपने पुत्र को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। उसके द्वारा किये गये लेन-देन व कुकृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। रईस अहमद पुत्र अब्दुल वहीद निवासी- ग्राम अकबरपुर चैदरी, तहसील व थाना- कांठ, जनपद मुरादाबाद (उ.प्र.)।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम लोटन (LOTAN) S/o छोटे (CHHOTE) से बदलकर अमीर हुसैन (AMEER HUSAIN) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी ग्राम व पो0 कूप, तह0 शाहबाद (रामपुर)

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम Kawal jeet kaur से बदलकर Kamal jeet kaur रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचान जाए। कमलजीत कौर पत्नी सूरजपाल सिंह, मोहल्ला सुल्तान नगर, गजरौला, अमरोहा।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम रूचि चड्ढा पुत्री बृज मोहनलाल महाजन से बदलकर रूचि महाजन पुत्री बृज मोहनलाल महाजन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचान जाए। महाजन हाउस, सिविल लाइन्स नियर टयूबवैल कालॉनी मुरादाबाद (उ.प्र.)।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम रहमत (RAHAMAT) W/o लोटन (LOTAN) से बदलकर रहमत (RAHAMAT) W/o अमीर हुसैन (AMEER HUSAIN) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी ग्राम व पो0 कूप, तह0 शाहबाद (रामपुर)

**आवश्यकता है**

(एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध)
डा0 रामबहादुर सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज
बिलासपुर रोड, मिलक-(रामपुर)

पत्रांक सं.- ...DRBS/24-25/ दिनांक- 10.07.2024

प्राचार्य- पद- एक, प्रवक्ता बी०एस.सी०- भौतिक विज्ञान, गणित, जन्तुविज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान- पद- एक-एक, प्रवक्ता बी०कॉम०- सभी ग्रुप- पद- एक-एक, प्रवक्ता एम०ए०- भूगोल, गृहविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र- पद-एक-एक, प्रवक्ता एम०एस.सी०- रसायन विज्ञान, जन्तुविज्ञान, वनस्पति विज्ञान- पद-एक-एक, प्रवक्ता एम०एस०सी० (गृहविज्ञान)- पद-एक-एक, पुस्तकालय- पद-एक-एक

साक्षात्कार:- शैक्षिक योग्यता अनुसार

मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं दो फोटो सहित निम्न लिखित पते पर पंजीकृत डाक द्वारा तथा स्वंय भी 7 दिन के भीतर भेजें।

प्रबन्धक
डा० रामबहादुर सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज
बिलासपुर रोड मिलक (रामपुर)
सम्पर्क सूत्र - 9557000425, 9720207474, 9761104879, 8445595885


सिरसी में मातम करते शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

# छठी मोहर्रम के जुलूस में की सीनाजनी

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

अमृत विचार : छठी मोहर्रम को सिरसी में इमाम हुसैन के छह माह के बेटे हजरत अली असगर और उनके भांजों ओन और मोहम्मद की शहादत मजलिसों में बयां की गई। जिसे सुनकर अजादार फूट फूट कर रोने लगे।

मुहल्ला चौधरियान में अजाखाना ओनो मोहम्मद में आयोजित हुई मजलिस में मर्सिया चौधरी बबर व उनके हमनवा ने पढ़ा। मजलिस को मौलाना इमामे जुमा सिरसी एहतेशाम अली नकवी ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन के छह माह के बेटे अली असगर को जालिम हुरमला ने तीर मार कर शहीद कर दिया था। इमाम हुसैन की बहन जैनब के दोनों बेटों ओन और मोहम्मद को भी जालिमों ने शहीद कर दिया। यह सुनकर अजादार फूट फूट कर रोने लगे। मजलिस के बाद शबीहे जुलजुनाह ओन और मोहम्मद निकाले गए। जिसमें सिरसी की मुकामी अंजुमनों ने नोहाख्वानी और सीनाजानी की। दूसरी ओर मुहल्ला शर्की कर्बला रोड पर नवाब हसन के मकान पर मजलिसे अजा शुरू हुई। मजलिस के बाद शबीहे जुलजुनाह निकाला गया।

तैयारी | मोहर्रम व कांवड़ यात्रा से पहले पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

# पुलिस ने किया दंगा नियंत्रण का रिहर्सल

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने व असामाजिक तत्वों द्वारा दंगा व बलवा के हालात से निपटने के लिए पुलिस द्वारा दंगा नियंत्रण का मॉक ड्रिल किया। जिसमें पुलिस ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर दंगाइयों से निपटने के लिए रिहर्सल किया।

नवीन पुलिस लाइन में थाना प्रभारी, अधिकारी व कर्मचारी पहुंचे। जहां उन्होंने सुरक्षा व शान्ति व्यवस्था बनाने को लेकर दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया। जिसमें भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज का रिहर्सल किया। थाना प्रभारी व पुलिस कर्मियों को दंगाइयों व बलवाइयों को खदेड़ने से लेकर पुलिस की दो टीम बनाईं। जिसमें एक टीम दंगाइयों की थी तो एक पुलिस की। दंगाइयों की टीम ने पुलिस पर हमला किया। पुलिस की टीम ने उन्हें इसका जवाब देकर दंगे पर नियंत्रण किया। घायलों को अस्पताल ले जाने और बलवाइयों की गिरफ्तारी करके पुलिस जवानों ने क्षमता का प्रदर्शन किया। फोर्स के साथ भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों की जानकारी साझा करते हुए अभ्यास किया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का इन हालातों में किस प्रकार प्रयोग करें इसकी जानकारी दी गई। इस दौरान जनपद के सीओ, थाना प्रभारी व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।


पुलिस लाइन मैदान में दंगा नियंत्रण ड्रिल करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### महिला पुलिस ने सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

बहजोई, अमृत विचार: धार्मिक स्थलों पर मनचलों पर शिकंजा कसने को लेकर महिला पुलिस कर्मियों ने नगर के मंदिरों पर पहुंचकर महिलाओं व युवतियों को सुरक्षा की जानकारी दी। हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी बताया।

महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक संदीपा चौधरी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों की टीम मिशन शक्ति के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा बेटियों की सुरक्षा को लेकर नगर के भगवंतपुर देवी मंदिर काली मंदिर पहुंची।

जहां पर उन्होंने मंदिरों पर खड़े युवकों से पूछताछ कर उन्हें वहां से जाने की हिदायत दी। मंदिरों पर मौजूद महिलाओं को सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस उनके साथ है। अगर कोई घटना महिलाओं के साथ होती है तो बेहिचक पुलिस से शिकायत करें। सरकार ने डायल 112 व 1090 हेल्पलाइन नंबर महिला सुरक्षा के लिए जारी किए हैं।

कार्यालय सम्पत्ति प्रबंधक (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)
उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक
ऑफिस काम्पलेक्स, भूतल, सेक्टर-5, मझोला योजना सं.-4 भाग-2 मुरादाबाद
Email: emombd@upavp.com

पत्र सं0- 1161/स0प्र0 (चन्दौसी)-मुरादाबाद दिनांक- 02/07/2024

**सर्वसाधारण को सूचना**

परिषद की सम्भल गेट योजना संख्या-1, चन्दौसी में स्थित दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या 2/329 प्रदेशन पत्रांक 264 दिनांक 31.03.1998 द्वारा श्रीमती प्रभा देवी पत्नी श्री लाखन सिंह के पक्ष में आवंटित किया गया। आवंटी ने दिनांक 28.06.2000 को अपने पक्ष में किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर उक्त भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिनांक 15.07.2000 को प्राप्त कर लिया था। श्री लाखन सिंह पुत्र श्री हप्पू सिंह ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 13.06.2024 द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती प्रभा देवी की दिनांक 30.07.2019 को मृत्यु होना सूचित करते हुए दुर्बल आय वर्ग संख्या 2/329, सम्भल गेट योजना संख्या-1, चन्दौसी को अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय (चन्दौसी), उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद, सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

आज्ञा से-सम्पत्ति प्रबन्धक

## एक नजर

### कहासुनी में युवक को किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव कुदारसी निवासी जयराम शनिवार को संभल गवां मार्ग के किनारे स्थित गांव लखनपुर के पेट्रोल पंप पर जयराम की बाइक पेट्रोल ड़लवा रहे युवक की बाइक में पीछे से भिड़ गई। आरोप है कि इसी बात को लेकर युवक गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज का विरोध करने पर जयराम व युवक के बीच विवाद बढ़ गया। युवक ने पेट्रोल पंप पर रखा डंडा उठा जयराम के सिर मारकर उसे घायल कर दिया।

### ससुराल वालों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** गांव पीपली रहमापुर निवासी अबरार की पत्नी समरीन ने पुलिस को तहरीर दी है कि वह घर पर काम कर रही थी। आरोप है कि बाहर से घर पहुंची समरीन की सास गाली गलौज करने लगी। विरोध किया तो समरीन के जेठ, देवर व ससुर आकर लात घूसों से मारपीट करने लगे और अबरार के छोटे भाई ने किसी लोहे की चीज से हमलाकर अपनी भाभी समरीन को घायल कर दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने समरीन का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

# टाटा मैजिक और बाइक की टक्कर में युवक की मौत, पत्नी घायल, बच्ची गिरी

## नव विवाहिता की मुंह दिखाई की रस्म में शामिल होने जा रहा था वेदपाल का परिवार

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में रजपुरा-बहजोई लिंक मार्ग पर तेज रफ्तार टाटा मैजिक और बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। एक वर्षीय बच्ची भी हाथ से छूटकर दूर जा गिरी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




जुनावई थाना क्षेत्र के गांव मणिकावली निवासी वेदपाल (26 वर्ष) पुत्र छत्रपाल शनिवार को पत्नी नीतू और एक वर्षीय बच्ची मोना के साथ थाना धनारी क्षेत्र के गांव भिरावटी निवासी राजेश पुत्र वीरपाल की नव विवाहिता पत्नी की मुंह दिखाई की रस्म में शामिल होने के लिए जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही बहजोई-रजपुरा लिंक मार्ग पर गांव सैंडोरा के पास पहुंचे तो सामने से आए तेज रफ्तार टाटा मैजिक से टक्कर हो गई। जिसमें पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि मोना भी दूर जाकर गिरी। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा पहुंचाया।

जहां डाक्टर ने वेदपाल को मृत घोषित कर दिया जबकि उपचार करते हुए नीतू को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया।

### हेलमेट होता तो शायद बच जाती जान

**रजपुरा, अमृत विचार :** वेदपाल बाइक पर सवार होकर पत्नी के साथ रिश्तेदारी में जाने के लिए निकला तो उसने हेलमेट नहीं लगाया और बिना हेलमेट लगाये ही बाइक लेकर चल पड़ा। चर्चा रही कि हेलमेट लगा होता तो शायद वेदपाल की जान बच जाती।

### तालाब में पशुओं को नहलाने गए किसान की डूब कर मौत



**कुढ़फ़तेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बेरनी में शनिवार की सुबह तालाब पर पशुओं को नहलाने गए किसान की तालाब में डूब कर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों ने मृतक के परिवार की हालत दयनीय होने पर सरकारी आर्थिक मदद दिलाने की मांग की है। गांव बेरनी निवासी रामभरोसे सिंह 78 वर्ष पुत्र भीमसेन यादव रोजमर्रा की तरह शनिवार की सुबह 10 बजे पशुओं को गांव के बाहर स्थित तालाब में नहलाने ले गए थे। काफी देर बाद पशुओं को तालाब से बाहर निकालते समय अचानक रामभरोसे का पैर फिसल गया और गहरे पानी में चले गए। आसपास खेतों में मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचा दिया और बचाने के लिए दौड़ कर मौके पर पहुंचे। कुछ ग्रामीण तालाब में उतर गए। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से किसान रामभरोसे को तालाब से बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## बेटे की गिरफ्तारी का डर दिखा कर ठगी का प्रयास

**गुन्नौर, अमृत विचार :** 'हेलो, मैं क्राइम ब्रांच से बोल रहा हूं। तुम्हारा बेटा दोस्तों के साथ रेप केस में पकड़ा गया है। तुम्हारा लड़का निर्दोष है, अगर बचाना है तो जल्दी से एक लाख रुपए भेजो।' पुलिस के नाम से इस तरह की कॉल करके साइबर फ्रॉड गिरोह के शातिर ने कोतवाली क्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी राजबहादुर को अपने जाल में फंसाने की कोशिश की।

शातिर ने राजबहादुर को व्हाट्सएप पर युवकों की पिटाई का फेक वीडियो भेज कर डराने की कोशिश की। राजबहादुर ने बताया कि शातिर का भेजा वीडियो और फोटो देख कर वह बुरी तरह घबरा गया। फिर भी उसने धैर्य नहीं खोया और दिल्ली के कोचिंग सेंटर में नीट की तैयारी कर रहे बेटे हरीश से बात की तो उसने बताया कि ऐसा कुछ नहीं है। इसके बाद राजबहादुर ने अपनी संतुष्टि के लिए हरीश को वीडियो कॉल भी की। राजबहादुर का कहना है कि यदि वह धैर्य से काम नहीं लेता तो शातिर के झांसे में आ ठगी का शिकार बन जाता। राजबहादुर ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## सार-संक्षेप



पौधरोपण करते महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण किया। पर्यावरण संतुलन के लिए एक पेड़ अवश्य लगाए जाने का आमजन से आह्वान किया। गांव बहजोई देहात की पक्की मढैया जन कल्याण योग आश्रम में प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता, रामतीर्थ व आश्रम के संरक्षक आनंद प्रकाश के साथ ही स्वयंसेवियों ने पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों के महत्व को बताया। स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि आज के समय की सबसे बड़ी प्रमुख समस्या प्रदूषण को ख़त्म करना है। इसके लिए पौधे लगाना अतिआवश्यक है।

### एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत किया पौधरोपण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के मुरादाबाद रोड स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर में सागौन, लेमन ग्रास, अमलतास आदि के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य अतिथि आरएसएस के जिला प्रचारक प्रवीण ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल कर सुरक्षित रखने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि के साथ मुरादाबाद से आए आरएसएस प्रचारक सुधांशु, चन्दौसी नगर प्रचारक रौनक, हरीश कठेरिया, कृष्ण कुमार आदि ने पौधे रोपित किए। कार्यक्रम अधिकारी शरद शर्मा ने सभी अतिथियों का परिचय कराते हुए उनका पटका पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य भूपाल सिंह शास्त्री समेत रासेयो के वालिंटियर अभय कुमार उपस्थित रहे।



नरौली के गांव बेहटा साहू स्थित मंदिर पर जात लगाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### माता रानी को जात लगा कर खुशहाली की कामना की

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के कस्बा नरौली की ग्राम पंचायत बेहटा साहू स्थित भीमपुर वाली देवी मंदिर में अषाढ़ माह में माता की जात लगाई जाती है। ये परंपरा वर्षों से चली आ रही है। आसपास क्षेत्रों के देवी भक्तों ने मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की और माता रानी को जात लगा कर परिवार की खुशहाली व बच्चों की लंबी उम्र के लिए मन्नत मांगी। महिलाएं घर से काले चने, मीठे पुए व हल्दी का लेप लेकर मंदिर पहुंची और विधि विधान से माता रानी की पूजा अर्चना की। वहीं तमाम श्रद्धालुओं ने छोटे बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। मान्यता है कि किसी युवा की शादी होती है या किसी को संतान प्राप्ति होती है तो उसे सबसे पहले यहां मंदिर लाया जाता है और बच्चों का मुंडन कराया जाता है। इस अवसर पर सुशील गुप्ता, नीरज गुप्ता, राहुल गुप्ता, प्रिन्शू गुप्ता, अनमोल गुप्ता, कौशल, सुनीता गुप्ता, ममता, रजनी, शशि, पिंकी, नीलम, सारिका, झरना, आकांक्षा, श्रुति, नितिन शर्मा, संतोष देवी, विमलेश देवी आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।



स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं व अतिथि। ● अमृत विचार

### 104 छात्राओं को वितरित किए गए स्मार्टफोन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश शासन की ओर से संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्ट फोन वितरण किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, कार्यक्रम अध्यक्ष पंकज शर्मा, प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल व कार्यक्रम की नोडल अधिकारी अमनदीप कौर ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि व कार्यक्रम अध्यक्ष को बैज लगा कर सम्मानित किया। तदोपरांत एमए अंतिम वर्ष की उत्तीर्ण 104 छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष ने छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में स्मार्टफोन का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। पंकज शर्मा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इससे छात्राएं अपनी क्षमताओं एवं ज्ञान का विकास करें। प्रबंध समिति सदस्य संगीता भार्गव, मेघा गुप्ता, निदा ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन डॉ. सपना अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ. रीता, डॉ. भावना विष्ट, डॉ. सुमन श्रेष्ठ, डॉ. बबिता, हेमलता भारती, विभा सिंह, डॉ. नीता गुप्ता का सहयोग रहा।

## बच्चे शिक्षकों से कहेंगे जय हिंद शिक्षिकाओं को बोलेंगे नमस्ते दीदी

संवाददाता, बहजोई/संभल

- जींस टीशर्ट पहनकर परिषदीय स्कूलों में नहीं जाएंगे शिक्षक
- डीएम के निर्देश के बाद बीएसए ने सभी स्कूलों में जारी किए आदेश

**अमृत विचारः** बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों से नमस्ते या जय हिंद बोलकर अभिवादन किया जाएगा। वहीं महिला शिक्षकों से बच्चे अभिवादन में नमस्ते दीदी या बहन जी बोलेंगे। डीएम के आदेश के बाद बीएसए ने शिक्षकों को जींस शर्ट पहनने पर भी प्रतिबंध लगाया है।

अब तक परिषदीय विद्यालयों में बच्चे शिक्षक के पहुंचने पर गुड मॉर्निंग, गुड इवनिंग या अन्य शब्द प्रयोग में लाते थे, लेकिन अब परिषदीय विद्यालयों में ऐसा नहीं चलेगा। पुरुष शिक्षकों के पहुंचने पर सर की जगह गुरुजी से संबोधित किया जाएगा। तो वहीं महिला शिक्षक जैसे ही कक्षा में पहुंचेंगी तो बच्चों द्वारा मैडम की जगह बहन जी या दीदी कहकर संबोधित किया जायेगा। यह आदेश डीएम राजेंद्र पैंसिया के निर्देश के बाद परिषदीय स्कूलों में लागू हो गया है। बीएसए अलका शर्मा ने सभी परिषदीय विद्यालयों के लिए आदेश जारी कर दिए हैं। कहा है कि अब भारतीय संस्कार के तहत शिक्षकों को संबोधित किया जाएगा। बच्चे कक्षा में चप्पल उतार कर प्रवेश करेंगे तो शिक्षक जींस व टीशर्ट पहनकर स्कूलों में नहीं आएंगे। भारतीय परिधान के तहत ही वह कपड़े पहनकर स्कूल जाएंगे। साथ ही स्कूल के समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करेंगे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 20021 वादों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तर प्रदेश के द्वारा शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें 20021 वादों का निस्तारण किया गया।

जनपद न्यायाधीश कमलेश कच्छल ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का आरंभ किया। लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट चन्दौसी व वाह्य स्थित न्यायालय संभल व गुन्नौर समेत समस्त राजस्व, चकबंदी न्यायालयों एवं बैंकों द्वारा प्रातः 10 बजे से किया गया। जिसमें जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी व वाह्य न्यायालय संभल व गुन्नौर द्वारा कुल 4721 वादों का तथा जनपद न्यायाधीश द्वारा एक वाद का निस्तारण किया गया। पीठासीन अधिकारी एमएसीटी संभल प्रदीप कुमार द्वारा मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिकरण के 110 वादों का निस्तारण करते हुए 1,043,91659 रुपये प्रतिकर के रुप में दिलवाए गए। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी अशोक कुमार यादव द्वितीय द्वारा 119 वादों का निस्तारण करते हुए 6000 रुपये जुर्माना किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश/रेप एण्ड पाक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी निर्भय नारायण राय द्वारा 5 वाद का निस्तारण करते हुए 3200 रुपये जुर्माना किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश चन्दौसी आरती फौजदार द्वारा 3 वाद का निस्तारण करते हुए 600 रुपये जुर्माना किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट चन्दौसी रागिनी द्वारा 4 वाद का निस्तारण कर 76000 रुपये जुर्माना, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चन्दौसी अर्चना सिंह द्वारा 1718 वादों का निस्तारण कर 61300 रुपये जुर्माना, सिविल जज सीनियर डिविजन चन्दौसी आदित्य सिंह द्वारा 125 वाद का निस्तारण कर 17,91730 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। सिविल जज (सीडि) चन्दौसी मनोज कुमार यादव द्वारा 821 वादों का निस्तारण कर 310510 रुपये जुर्माना, एसीजेएम चन्दौसी तुषारिका सिंह द्वारा 253 वादों का निस्तारण कर 2500 रुपये जुर्माना वसूला गया। अन्य वाह्य न्यायालयों द्वारा भी वादों का निस्तारण कर जुर्माना वसूला गया।



राष्ट्रीय लोक अदालत का आरंभ करतीं जिला जज कमलेश कच्छल।

- जिला न्यायाधीश कमलेश कच्छल ने दीप प्रज्वलित कर किया आरंभ

राजस्व न्यायालय के कुल 14812 वादों का निस्तारण किया गया। उपभोक्ता फोरम द्वारा 04 वादों का निस्तारण कर 74275 रुपये समझौते की धनराशि प्राप्त कराई गई। जनपद के विभिन्न बैंकों द्वारा कुल 488 मामलों का निस्तारण कर 7,88,12000 रुपये की धनराशि समझौते के उपरांत प्राप्त की गई।

# फैंसी ड्रेस में रैंप पर उतरे बच्चों ने मनमोहा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** जीके सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। विभिन्न वेशभूषा में सज कर आए बच्चों ने रैंप पर उतर कर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया।



जीके सिल्वर स्टोन स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

- जीके सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

प्रतियोगिता के सभी वर्गों के लिए अलग-अलग थीम निर्धारित की गई। जिसमें कक्षा एक के लिए भारत के स्वतंत्रता सेनानी, कक्षा दो के लिए कहानी की किताब का चरित्र या परी कथा का चरित्र, कक्षा तीन के लिए भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक और जनजातीय पोशाकें, कक्षा चार के लिए प्रकृति और उसके तत्व और कक्षा पांच के लिए बेकार की चीजों में से उत्तम चीज बनाना। प्रतिभागियों ने अपने विभिन्न परिधानों से सबका मन मोह लिया। कक्षा एक में सारांश ने प्रथम, अध्यन ने द्वितीय व आहना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में कक्षा दो में आराध्या, राधिका व मारिया, कक्षा तीन में जस्टी, अर्श व अरहम, कक्षा चार में आराध्या, गर्व व शिवाय क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पांच में अवनि और तनिष्का प्रथम, आदित्य द्वितीय व नव्यम तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक मनोज गुप्ता व उप प्रबंधक योजना गुप्ता ने विजेताओं को पुरुस्कृत किया।

कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र कुमार ने किया। खुशबू, शिवा, अदिति, आभा, पूजा, अमन, प्रतीक, करिश्मा का सहयोग रहा। प्रधानाचार्य अभिनव भारद्वाज ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## बाजार में मनचले की युवतियों ने की धुनाई पुलिस को सौंपा

**संभल /ओबरी, अमृत विचारः** साप्ताहिक बाजार मनोटा में शनिवार शाम बाजार में छेड़खानी कर रहे युवकों की पहले तो दो युवतियों ने जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने भी उनकी जमकर पीटकर कर एक मनचले को पुलिस को सौंप दिया। जबकि एक दो मनचले भाग निकले।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव निवासी दो युवतियां कुछ सामान खरीदने आईं थीं। इसी बीच दो तीन युवक युवतियों से पकोड़ी खाने को कहते हुए छेड़खानी करने लगे। युवतियों से उनकी हरकत बर्दाश्त नहीं हुई और दोनों ने छेड़छाड़ करने वाले युवकों की पकड़ कर चप्पलों से पिटाई कर दी। इस दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई। एक मनचले को पुलिस को सौंप दिया गया।

# रेलवे स्टेशन पर पिलर लगाने को गड्ढा खोदा तो दिखा कुआं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन का किया जा रहा सौंदर्यीकरण

**अमृत विचारः** रेलवे स्टेशन पर अमृत योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन कायाकल्प के तहत सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। शनिवार को उस समय स्टेशन स्टाफ दंग रह गया जब स्टेशन परिसर में पिलर लगाने के लिए खोदे गए गड्ढे के नीचे पुराना कुआं दिखा।

रेलवे स्टेशन परिसर में टिकट विंडो के निकट राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति स्थापित है। स्टेशन कायाकल्प के तहत निर्माण कार्य के चलते शनिवार की दोपहर मजदूर गांधी मूर्ति के पास ही पिलर लगाने के लिए गड्ढा खोद रहे थे। यहां पर पहले से ही पक्का फर्श था। मजदूरों ने फर्श तोड़ कर नीचे बिछे पत्थर हटाए ही थे कि पत्थर की पटियों के नीचे गहरा कुआं दिखाई दिया। कुआं की दीवारें ईंटों से बनी हैं। कुआं टिकट विंडो से सटा होने से कई लोग गिरने से बाल-बाल बच गए। पता लगने पर रेलवे अधिकारी भी पहुंच गए और जानकारी की। रेलवे परिसर में कुआं कब बना था ये जानकारी नहीं हो सकी। वहीं अधिकारी भी कुछ बताने से बचते नजर आए। स्थानीय नागरिकों का भी कहना है कि पांच दशक पहले भी इस कुआं को यहां नहीं देखा गया।



रेलवे स्टेशन परिसर में पिलर लगाने को खोदे गए गड्ढे के नीचे दिख रहा कुआं।

## अनदेखी

### मोहल्ला लक्ष्मण गंज पजाया में इन घरों को नहीं मिले बिजली के कनेक्शन

# अंधेरे में रहने को मजबूर हैं 35 घरों के लोग, प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला लक्ष्मणगंज स्थित पजाया में 35 घरों के लोग अंधेरे में गुजर-बसर करने को मजबूर हैं। बिजली कनेक्शन को लेकर मामला हनुमानगढ़ी और आईटीआई बिजलीघर के बीच अटका हुआ है। गुस्साए लोगों ने शनिवार को ट्रांसफार्मर के निकट प्रदर्शन किया और कनेक्शन दिए जाने की मांग की।

मोहल्ला पजाया में वर्ष 2018 में 250 केवीए के ट्रांसफार्मर लगाया गया था, लेकिन हाईटेंशन लाइन से आगे के लिए खंभे नहीं लगाए गए। जिससे काफी समय तक यहां के लोगो को बिजली आपूर्ति नहीं मिली। काफी शिकायतों के बाद दो खंभे लगा कर सप्लाई दी गई। करीब 150 घरों में ही सप्लाई दी जा सकी। जबकि 30-35 घर बिजली कनेक्शन से वंचित रह गए। इन लोगों का कहना है कि उन्होंने बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन भी कर दिया। पहले हनुमानगढ़ी बिजली घर से कनेक्शन दिए जाने की बात कही गई लेकिन हनुमानगढ़ी बिजली घर ने लोड अधिक होने की वजह से कनेक्शन नहीं दिए। जिसके बाद आईटीआई के सामने स्थित बिजलीघर से कनेक्शन दिए जाने का आश्वासन दिया गया लेकिन अभी तक कनेक्शन नहीं दिए गए। जिससे वह अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। प्रदर्शन करने वालों में मीना, रिहाना, तबस्सुम, गुड़िया, शहनाज, नूरजहां आदि रहे।



बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

- हनुमानगढ़ी और आईटीआई बिजली घर के बीच अटका मामला

### साफ सफाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**संभल, अमृत विचार :** संभल विकासखंड क्षेत्र के गांव शरीफपुर में साफ सफाई व निकासी नहीं होने की वजह से एक मुहल्ला में पानी भरा रहता है। पानी व गंदगी की वजह से ग्रामीणों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी के बीच आते जाते हर रोज बच्चे व बड़े फिसलकर गिरते रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार कहने के बाद एक माह पहले ग्राम प्रधान ने सफाई कर्मचारी से सफाई कराई थी, लेकिन गंदगी नहीं उठाई। जो बारिश के पानी के साथ बहकर फिर से नालियों में आ गई है। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने गंदगी व पानी के पास खड़े होकर ग्राम प्रधान व सफाई कर्मचारी के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान लेखराज, देवराज, योगेंद्र, रोहताश, चंद्रपाल, बब्बल, सुरेश, काले सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीज की मदद को आगे आए माधव

**चन्दौसी, अमृत विचारः** लिवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे युवक की मदद को सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के राष्ट्रीय संयोजक व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने युवक के इलाज का बीड़ा उठाया है। माधव अभी तक 1057 मरीजों का खुद व सरकारी मदद से इलाज करा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार की शाम पंजाबी समाज के महेंद्र कुमार मखीजा ने गोशाला रोड निवासी सोनू सिंह पुत्र मदन सिंह की गंभीर बीमारी के बारे में बताया कि सोनू सिंह को लीवर की बीमारी है और पूरा शरीर सूजा हुआ है। उसकी देखभाल के लिए भी कोई नहीं है।

शनिवार की सुबह माधव युवक के घर पहुंचे और एंबुलेंस बुलाकर संयुक्त चिकित्सालय की इमरजेंसी में दाखिल कराया। जहां चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरवेंद्र सिंह ने जांच की और मुरादाबाद जिला अस्पताल में इलाज होने की संभावना जाहिर करते हुए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल मुरादाबाद में विभिन्न प्रकार की जांच कराई गई हैं।

चिकित्सकों का कहना है कि जांच के बाद मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जितना संभव होगा सोनू सिंह को बचाने का प्रयास किया जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

## एक नजर

### बीलना गांव में हुआ मां काली का भंडारा

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** गांव बिलना में मां काली के भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। गांव बीलना में आलमपुर जड़वा निवासी जसवंत सिंह का परिवार रहता है। वह प्रत्येक वर्ष अपने आवास पर मां काली का भंडारा करते हैं। उन्होंने अपने आवास पर 11 जुलाई को अखंड रामायण का पाठ शुरू कराया। शनिवार को पाठ संपन्न होने पर कलश यात्रा निकाली गई।

### मैंगो पार्टी में छात्र छात्राओं ने लिया आनंद

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित गोल्डन पेटल्स इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को मैंगो पार्टी में बच्चों ने आमों का आनंद लिया। फन विद मैंगो पार्टी में नर्सरी से यूकेजी के बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चे मैंगो कलर की वेशभूषा धारण कर विद्यालय पहुंचे। फलों के राजा आम के महत्व और उसकी पौष्टिक गुणवत्ता के बारे बताया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमेन खुर्रम आजाद खान, डायरेक्टर दानिश, उपप्रधानाचार्य अफजल सिद्दीकी उपस्थित रहे।



रहरा थाने का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह।

# एसपी ने निर्माणाधीन रहरा थाने का किया निरीक्षण

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने थाना रहरा व आदमपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने रहरा थाना भवन में चल रहे निर्माण की गुणवक्ता का जायजा लिया। थाना आदमपुर में रिसेप्शन हेल्प डेस्क पर तैनात महिला आरक्षी को नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।

शनिवार को एसपी ने थाना समाधान दिवस के मौके पर थाना आदमपुर में लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम को मौके पर जाकर शिकायतों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी ने थाना आदमपुर व थाना रहरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान त्योहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, अभिलेखों का अवलोकन किया। अपराधियों की सूची का अवलोकन कर उन पर और अधिक प्रभावी कार्रवाई करने के लिए कहा। अपराधियों के विरुद्ध हिस्ट्रीशीट, गैंग पंजीकरण, माफिया घोषित, गुंड एक्ट, गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के अभियान की समीक्षा की। थाना आदमपुर में महिला आरक्षी दीपिका को पुरस्कारदिया। रहरा में निर्माणाधीन थाने के नए भवन का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया।

### चकौरी गांव में जिलाधिकारी ने हर घर जल योजना के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण, अधिशासी अभियंता को फटकार

# जल सखियों से बोले डीएम- घरों में पानी आ रहा है या नहीं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने हर घर जल योजना के तहत गांव चकौरी में हो रहे निर्माण का निरीक्षण किया। कार्य ठीक न मिलने पर अधिशासी अभियंता जल निगम को फटकार लगाई। कहा कि पंप किस कंपनी का है, उसकी गहराई कितनी है। इस संबध में जानकारी ली।

भवन में ईंटें व घटिया पाइप देखकर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को फटकार लगाई। कहा कि आपकी कार्यशैली संदेहात्मक है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि गांव में 628 परिवार रहते हैं। इनमें से 558 परिवारों को पानी के आपूर्ति के कनेक्शन दिए गए है।

जिलाधिकारी ने जल सखियों से पूछा कि पानी घरों में आ रहा है या नहीं। जिन लोगों ने कनेक्शन नहीं लिया है, उन्हें प्रेरित करें ताकि वह कनेक्शन लेकर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सके। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिए कि जब तक कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से न हो जाए तब तक कार्यदायी संस्था को भुगतान नहीं किया जाए। अगर बिना कार्य पूर्ण हुए भुगतान कर दिया गया तो एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

उन्होंने टंकी के पास सामुदायिक शौचालय में पानी का कनेक्शन न होने पर भी फटकार लगाई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।



चकौरी गांव में जल सखियों से जानकारी लेते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

### गुरैठा गोशाला में गंदगी देख भड़के जिलाधिकारी

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने विकासखंड गंगेश्वरी में गुरैठा गोशाला का निरीक्षण किया। गोशाला में गंदगी देखकर प्रभारी को फटकार लगाई। ईंटों की गुणवत्ता में कमी मिलने पर अच्छी किस्म की ईंटें बिछाने के लिए कहा। उन्होंने नंदी विहार में जल्द तालाब बनाने के निर्देश दिए। बीमार पशुओं की अलग से देखभाल एवं उन्हें ड्रिप लगाने के निर्देश मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को दिए। कहा कि बिजली कनेक्शन कराए, पशुओं के लिए पानी की समस्या न हो।

### कार्यदायी संस्थाएं अधूरा निर्माण कार्य करें पूरा

**अमरोहा, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने 50 लाख रुपये से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इसमें जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं से जिले में कराए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाएं अधूरे कार्यों को गुणवत्ता सहित शीघ्र पूरा कराएं। जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य के लिए धनराशि उपलब्ध नहीं हुई है। उसके लिए अर्थ एवं संख्याधिकारी से शासन को पत्र प्रेषित कराए। बैठक में डीएम ने सीएनडीएस मुरादाबाद के सहायक अभियन्ता से कहा कि तहसील हसनपुर एवं नौगांवा सादात में आवासीय भवनों में क्षेत्रफल कम है। उधर, डीएम ने नई तहसील परिसर हसनपुर में आवासीय भवनों का निरीक्षण किया। मिट्टी भराव न होने पर कड़ी नाराजगी जताई। सीएनडीएस से कहा कि जल्द मिट्टी भराव का कार्य पूरा हो जाए।

# जाति धर्म से आगे बढ़कर अखंड भारत का करें निर्माण

### कन्या गुरूकुल महाविद्यालय में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने किया संबोधित

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

**अमृत विचार :** स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर कन्या गुरूकुल महाविद्यालय में शनिवार को वसुधैव कुटुंबकम विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। इसमें देश के 72 साहित्यकारों के लिए भारत विभूति का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शिक्षाविदों एवं साहित्यकारों को संबोधित करते हुए कहा कि दयानंद सरस्वती ने जाति धर्म से आगे बढ़कर अखंड भारत का निर्माण करने की बात कही थी।


चोटीपुरा स्थित कन्या गुरूकुल महाविद्यालय में शनिवार को स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। महर्षि दयानंद सभागार में आयोजित वसुधैव कुटुंबकम विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं भारत विभूति का आरंभ राज्यपाल केरल आरिफ मोहम्मद खान, गुरुकुल चोटीपुरा की मुख्य प्रशासिका आचार्या डॉ. सुमेधा, डॉ. राजीव त्यागी ने किया। इसमें केरल के राज्यपाल ने कहा कि दयानंद सरस्वती ने जाति, धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठकर सामाजिक कुरीतियों को मिटाकर सभी से अखंड भारत के निर्माण में जुटने का आह्वान किया था। छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान भारत सरकार की सलाहकार डॉ. शालिनी सिंह, प्रधान सलाहकार प्रो. वीपीएस अरोड़ा, कुलपति प्रो. कृष्णकांत दवे, राहुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

- **स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर हुआ आयोजन**
- **छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम**



केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को सम्मानित करतीं कन्या गुरूकुल की संचालिका आचार्या डॉ. सुमेधा, साथ में अन्य।



हसनपुर में लोगों से मुलाकात करते राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान। ● अमृत विचार

### देश विकास की राह पर, आपस में मोहब्बत के साथ रहें : आरिफ

**हसनपुर, अमृत विचार :** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शनिवार को कहा कि सभी लोग आपस में प्यार मोहब्बत के साथ रहें। बहुत तेजी के साथ देश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। देश में अमन शांति का माहौल है। एक सप्ताह पहले नगर के मोहल्ला नवाबान में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक मोहम्मद खान की चाची का इंतकाल हो गया था। इसकी खबर मिलने के बाद शनिवार को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान कांग्रेस नेता के परिवार से मुलाकात करने पहुंचे। यहां राज्यपाल ने मीडियाकर्मियों से वार्ता करते हुए कहा कि यहां उनकी रिश्तेदारियां, दोस्त व मिलने वाले उनके हमदर्द रहते हैं। हसनपुर नगर के लोग बहुत ही मिलनसार व ताल्लुकात का जज्बा रखने वाले हैं। उन्होंने कहा कि देश विकास की राह पर है और बहुत जल्द वह बुलंदियों पर पहुंचेगा। राज्यपाल बीमार चल रहे पूर्व सभासद अकरम खान का हाल जानने के लिए उनके आवास चमन मंजिल पहुंचे। यहां से वह बीमार चल रहे राहत करीम खान के आवास पर पहुंच गए व उनकी तबीयत के बारे में जानकारी की। इस दौरान एडिशनल एसपी राजीव कुमार, विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, एसडीएम सुनीता कुमारी, सीओ दीप कुमार पंत, शोएब खान, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# भाकियू की पंचायत में उठा गोवंशीय पशुओं का मुद्दा

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कुटी दौलतपुर कलां स्थित शिव मंदिर परिसर में शनिवार को हुई भारतीय किसान यूनियन अंबावता की पंचायत में किसानों ने छुट्टा गोवंशीय पशुओं का मुद्दा उठाया।

पंचायत में युवा जिलाध्यक्ष लोकेश बिधुड़ी ने पुरानी कार्यकारणी को भंग कर नई कार्यकारणी का विस्तार किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि छुट्टा पशु किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। गांवों में सांड़ हिंसक हो गए हैं, इन्हें पकड़कर गोशाला भिजवाया जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो भाकियू आंदोलन करेगी।

बिजली विभाग में किसानों का शोषण किया जा रहा है। इसे रोका जाए। ब्लॉक गंगेश्वरी के सभी गांव में सफाई कर्मी नियुक्त कर सफाई कराई जाये। इस मौके पर युवा मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, जफर पूजा, सूरज पाल, ओंमकार सिंह, टिंकू गुर्जर, हिमांशु गुर्जर, बेगराम सिंह, संजय सिंह, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



पंचायत में शामिल भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# भोवपुरा गांव के लोग दूषित पानी पीने के लिए हैं मजबूर

संवाददाता आदमपुर

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत चचौरा का मजरा भोवपुरा के लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। यहां के ग्रामीणों को नल के पानी से प्यास बुझानी पड़ रही है।

भोवपुरा में छह इंडिया मार्का हैंडपंप ग्राम पंचायत की ओर से लगवाए थे। इससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिलता था, जो इस समय नहीं मिल पा रहा है। यहां के लोगों को पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण खराब हैंडपंप की शिकायत जिलाधिकारी तक कर चुके हैं। लेकिन अभी तक इसे सही कराने के लिए जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। गांव निवासी चरन सिंह, सतवीर, शिव कुमार, चंद्रसेन, जसवंत, धर्मवीर, मोहन आदि लोगों ने हैंडपंप सही कराने की मांग की है।



खराब पड़े हैंडपंप। ● अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं को दिलाई कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में हुए अलंकरण समारोह में सीओ श्वेताभ भास्कर ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया और उन्हें पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम में अखिल विद्यार्थी परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। 10वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान पर रहे दिव्य दर्पण, द्वितीय अदिती श्रीवास्तव और तृतीय हर्षदीप औलख को सम्मानित किया गया। हेड ब्वॉय हर्षदीप औलख, हेड गर्ल मानसी ढिल्लो आदि ने विचार रखे। इस दौरान चेयरमैन गुरू बचन सिंह, एमडी विरेन्द्र सिंह, डायरेक्टर पुनीत सिंह, प्रधनाचार्य डीके चतुर्वेदी, कॉर्डिनेटर साक्षी सिंह रहीं।

# नगर पालिका की टीम ने हटवाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नगर पालिका टीम ने शनिवार को शहर में गुरु गोबिंद सिंह चौक से लेकर बिजनौर रोड स्थित अटल चौक तक अवैध कब्जों को हटवाया। कार्रवाई से दुकानदारों व व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा। दोबारा अतिक्रमण करने वालों को कार्रवाई की चेतावनी दी।

ईओ डॉ. बृजेश कुमार सिंह के निर्देश पर शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को नगर पालिका की टीम ने गुरु गोबिंद सिंह चौक से बिजनौर रोड पर मार्ग के चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान नगर पालिका की टीम के अधिकारियों ने जेसीबी से अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। दुकानों के बाहर टिनशेड, नालों व नालियों पर किए गए अतिक्रमण पर भी जेसीबी चली। होर्डिंग तोड़ दिए। बताया कि इस अभियान के दौरान कुछ व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर दिया था। हालांकि अभियान चलाने से पहले नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने अतिक्रमण करने वालों को सचेत किया था। ईओ डॉ. बृजेश सिंह ने बताया कि यह अभियान अभी चलता रहेगा। शासन के निर्देश पर मार्ग का चौड़ीकरण कराया जाना है। अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या बनी रहती है।




जेसीबी से अवैध अतिक्रमण हटवाती पालिका की टीम। ● अमृत विचार

**सख्ती**

- **गुरु गोबिंद सिंह चौक से अटल चौक तक चलाया गया अभियान**
- **दोबारा अतिक्रमण करने पर ईओ ने दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी**

### महिला को पीटकर घर से निकाला, दी तहरीर

**आदमपुर, अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर निवासी इन्दर सिंह ने आदमपुर थाने की पुलिस को तहरीर दी।

इसमें बताया कि तीन वर्ष पहले उसने पुत्री पूनम की शादी गांव शहबाजपुर ढोला निवासी देवेन्द्र सिंह के बेटे कमल के साथ की थी। दहेज सहित दो लाख रुपये की नकदी दी थी।

शादी के कुछ समय बाद ससुराल वाले उनकी पुत्री से दहेज की मांगें करने लगे। इसे लेकर ससुराल वालों ने उसे पीटकर घर से निकाल दिया। कई बार पंचायतें भी हुईं। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

**समस्या** गंदे पानी के बीच होकर गुजर रहे छात्र और ग्रामीण, प्रदर्शन कर समस्या के समाधान की मांग की

# विद्यालय के सामने जलभराव से परेशानी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के गांव शेखुपुर झकड़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय के सामने मार्ग पर जलभराव है। इससे छात्र-छात्राओं को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने समस्या का समाधान कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

गांव शेखुपुर झकड़ी में गंदगी का अंबार लगा है। नालियों की सफाई नहीं होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। प्राथमिक विद्यालय के छात्र गंदे पानी के बीच से होकर विद्यालय जाने को मजबूर हो रहे हैं।

शनिवार को इसके विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों और छात्रों ने कहा कि सरकार स्वच्छता अभियान चला रही है। सफाई और गांवों में दवा का छिड़काव भी कराया जा रहा है। लेकिन शेखुपुर झकड़ी में नालियां गंदगी से भर गई हैं।

नालियों का गंदा पानी सड़क पर ही फैल रहा है। पानी में गिरकर छात्र चोटिल हो रहे हैं। लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अनेक बार इसकी की शिकायत कर दी गई है। अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। प्रदर्शन करने वालों में बृजपाल सिंह, जीवन कुमार, लवकुश सागर, भारतपाल, हरवीर चौधरी, राजीव पाल, ग्राम प्रधान विनोद कुमार, प्रधानाध्यापिका सुमन रानी, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र, प्रबंधक महेश कुमार, संजीव पाल, दीपचंद पाल, छाया शर्मा आदि मौजूद रहे।



जलभराव को लेकर विरोध करते छात्र छात्राएं और ग्रामीण। ● अमृत विचार

### बेटे ने मां-बाप को लाठी से पीटकर किया घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बेटे ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर मां और बाप को लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। चिकित्सकों ने घायल पिता को जिला अस्पताल रेफर किया है।

गांव भैसरोली में बीरबल का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी व तीन बेटे हैं। दो बेटों की शादी हो चुकी है। शनिवार को बीरबल और उनकी पत्नी हेमवती घायल अवस्था में कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनके दोनों शादीशुदा बेटों के बीच सोने-चांदी के आभूषणों को लेकर विवाद चल रहा था।

उन्होंने दोनों बेटों की पत्नियों से आभूषण देने को कहा तो उनका मझला बेटा आग बबूला हो गया। उसने व उसकी पत्नी ने उन्हें लाठी डंडों से पीटा और सिर में ईंट मारकर घायल कर दिया।

# बिजली के लिए सात घंटे तरसे नगर के 14000 लोग

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** शुक्रवार रात नगर के 14000 लोग सात घंटे बिजली आपूर्ति के लिए तरसते रहे। 33 केवीए की लाइन का तार टूटने व केवल बॉक्स फटने से आपूर्ति बाधित रही। लेकिन नगर के उपभोक्ताओं को शासन की मंशा के अनुरूप बिजली आपूर्ति देने में विद्युत निगम सफल नहीं हो रहा है। कभी तार टूटना, तो कभी ओवरलोडिंग के कारण आपूर्ति नहीं मिल पा रही। शुक्रवार रात 12:30 बजे रहरा बस स्टैंड पर 33 केवीए की लाइन का तार टूटने से आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत कर्मियों लाइन को ठीक किया तो 2:30 बजे उझारी बिजली घर में केबल बॉक्स फट गया।

इस दौरान रात 12:30 बजे से लेकर सुबह 7छ30 बजे तक नगर के 14000 उपभोक्ताओं को सात घंटे विद्युत आपूर्ति के लिए तरसना पड़ा। कई मोहल्लों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई।

### दो ट्रांसफार्मर फुंकने से आपूर्ति बाधित

**बुरावली, अमृत विचार :** न्याय पंचायत बुरावली में दो दिन से दो ट्रांसफार्मर फुंके पड़े हैं। लेकिन अधिकारियों का इस ओर ध्यान नहीं है। शिकायत के बावजूद भी ट्रांसफार्मर नही बदले जा सके। गांव की बिजली आपूर्ति ठप है। ग्रामीणों ने दोनों ट्रांसफार्मर को जल्द बदलवाने की मांग की है। बुरावली में हाजी असलम के घर के पास रखा ट्रांसफार्मर गुरुवार रात फुंक गया। इससे बिजली गुल हो गई है। दो दिन बाद भी फुंके ट्रांसफार्मर न बदले जाने से गांव के लोग परेशान है। लोगों के घरों में इनवर्टर भी जवाब दे गए। ग्रामीणों को रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी। मोबाइल तक चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। उधर, एक निजी अस्पताल के पास रखा ट्रांसफार्मर भी शो पीस बना है। इससे फ्रिज, कूलर, पंखे, मिक्सी, प्रेस आदि शोपीस बनकर रह गए हैं।

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan | Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने
आशियाना फेस- 1
24 घन्टे सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

## एक नजर

### तीन किसानों के नलकूपों का सामान चुराया

**गजरौला, अमृत विचार :** गांव रहदरा में शुक्रवार रात सुभाष, जाकिर, प्रवीण व अरविंद के नलकूपों की कोठरियों में नकब लगाकर चोरों ने स्टार्टर चोरी कर लिए गए। शनिवार सुबह किसान खेतों पर पहुंचे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

### पोषक नहर में गिरी कार तीन युवक घायल

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** रामगंगा पोषक नहर में कार गिरने से तीन युवक घायल हो गए। लोगों ने कार को बाहर निकाला। गनीमत रही कि इन दिनों नहर में पानी नहीं चल रहा है। गांव जलालपुर निवासी प्रदीप, सुमित व राहुल शुक्रवार रात अपनी कार से बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव हताई रिश्तेदारी में गए थे। वापस आते समय गांव पालनपुर के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर रामगंगा पोषक नहर के पुल की रेलिंग से टकराकर नहर में गिर गई। इससे कार सवार तीनों युवक घायल हो गए। कार से बाहर निकल कर उन्होंने फोन कर नजदीकी गांव में अपने रिश्तेदारों को जानकारी दी। इसके बाद कार को नहर से बाहर निकाला जा सका।

# आज शाहे बेकस की आखरी सवारी है...

## अंजुमने तहफ्फुज-ए-अजादारी की ओर से छह मोहर्रम का जुलूस बरामद

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**



जुलूस में शामिल अजादार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अंजुमने तहफ्फुज-ए-अजादारी की ओर से छह मोहर्रम को जुलूस निकाला गया। मोहल्ला काली पगड़ी स्थित अजाखाना मुसम्मात नूरन से यह जुलूस सुबह नौ बजे बरामद हुआ। जुलूस में या हुसैन या हुसैन की सदाएं बुलंद हुईं।

इस दौरान दाराब जैदी ने मरसिया पढ़ा, कहा आज शाहे बेकस की आखरी सवारी है। अजादार नंगे पैर, नंगे सिर नौहे पढ़ते हुए सफों में चल रहे थे। अंजुमने रजाकाराने हुसैनी की एक एम्बुलेंस जुलूस के साथ चल रही थी। इसमें मुख्य चिकित्साधिकारी की ओर से नियुक्त चिकित्सक दवा देते हुए चल रहे थे। जुलूस में शामिल लोग अलग-अलग अजाखानों, घरों में की गई नियाज नजर में शामिल हुए। बताया गया कि छह मोहर्रम को जुलूस में शामिल होने वाले अजादारों की संख्या बढ़ जाती है।

आज दुलदुल व तख्त पर छतरी चलती है। जुलूस मच्छरट्टा, मंडी चैब, दरबारे कलां, कटकुई, काली पगड़ी, घेर करम अली खां, लकड़ा, सट्टी, हक्कानी, जाफरी, काजी गली, पचदरा, काजी जादा, सद्दो, नकशबी, दरबार मीरा खां, चाहगोरी, मजापोता, कोट, दानिशमंदान, बगला, शफातपोता, कटरा गुलाम अली, गुजरी होते हुए नूरन के अजाखाने में संपन्न हुआ।

दुलदुल के पीछे अजादार इमाम हुसैन, शहीदे कर्बला हुसैन, मेहमाने कर्बला हुसैन, राकिबे दोशे मुस्तफा हुसैन, हुसैन, हुसैन, हुसैन के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान लियाकत अली, बाकर रजा, नदीम नकवी, शहजाद रजा, कासिम जैदी आदि शामिल रहे।

### कर्बला का बयान सुनकर रोए अजादार

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** कस्बे में अंजुमन-ए-हैदरी ने अपना तारीखी जुलूस अजाखाना पुख्ता बगला से दोपहर एक बजे बरामद किया। इसमें सबसे पहले ने मर्सिया पढ़ा। इसमें मौलाना अब्बास ने उस वक्त की याद दिलाई, जब इमाम हुसैन अपने बचपन के दोस्त हबीब इब्ने मजाहिर कर्बला पहुंचे, उस वक्त का बयान सुनकर अजादार रोने लगे। जलूस में जुलजनाह, आलम व जरी बरामद हुई। इसके पीछे अन्जुमने हैदरी का परचम कामिल लेकर चल रहे थे। जलूस हटावला होता हुआ हफ्ता बाजार, दौलत शहीद, बड़ी इमली पहुंचा। फिर यह जुलूस कटकुई, फखर पुरा, मंगल बाजार, हुसैनी चौक, पनिहारी, शफरीद पहुंचा। यहां अली शब्बार व आदिल अब्बास ने नोहा पढ़ा। इस अवसर पर शबाब हैदर, जाने आलम, अहसान अख्तर, गुलाम अस्करी, मोहम्मद हैदर, हसन मुजताबा, कमर अब्बास, मुना मरगुब, शेर अली, गफ्फार, हुसैन हैदर आदि उपस्थित रहे।



मजलिस को खिताब फरमाते डॉ. अहमद मुर्तजा। ● अमृत विचार

## मजलिस के बाद शबीहे ताबूत कासिम बरामद

**संवाददाता, सैदनगली**

**अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला सादात में इमामबारगाहे पीरजी मुस्तकीम अली में मजलिस हुई। इसमें मर्सियाख्वानी डॉ. लईक हैदर और उनके साथियों ने की। मजलिस को मौलाना मुताहिर हुसैन ने खिताब फरमाया।

उन्होंने कहा कि हजरत ऑन और हजरत मोहम्मद जैनब के बेटे, हजरत अली के नवासे और जाफर के पोते थे। उन्होंने कर्बला के मैदान में अपनी अजीम शहादत पेश की। मजलिस के बाद मोहम्मद अब्बास के मकान से जुलूस बरामद हुआ। यह जुलूस पीरजी वाले ईमान वाले पर पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में आलम और जुलजनाह शामिल थे। फहीम मुज्तबा के मकान पर शाम को एक मजलिस हुई। इसके बाद शबीहे ताबूत कासिम और जुलजनाह भी निकाला गया। जब यह ताबूत व जुलजनाह अजादारों के बीच लाया गया तो वे इसे देख कर फूट फूट कर रोने लगे। यह ताबूत व जुलजनाह का जलूस अपने रास्तो से होता हुआ ईमामबारगाह फात्मा में जाकर बढ़ा दिया गया। इस जलूस में अजादार मातम व नौहाख्वानी करते चल रहे थे। इन मजालिसों में अली मेंहदी, फहीम, कासिम, मोहम्मद जमा, मेंहदी रजा, जावेद रजा, रजा, नौशी हसन मेंहदी आदि रहे।



थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनते वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार गोले।

## लोगों की चार शिकायतों में से दो का हुआ निस्तारण

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** कोतवाली में शनिवार को थाना समाधान दिवस में वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार गोले ने लोगों की शिकायतें सुनीं। मात्र चार शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया. दो शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर मौके पर भेजी गई। इस दौरान राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### अलीगढ़-हसनपुर मार्ग पर जलभराव, परेशानी

**रहरा, अमृत विचार :** अलीगढ़-हसनपुर मार्ग पर कई जगह जलभराव होने से राहगीरों एवं वाहन चालकों को परेशान का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

गांव चंदनपुर में अलीगढ़ हसनपुर मार्ग पर जलभराव है। बताया कि जलनिकासी की व्यवस्था नहीं है। घरों व बारिश का पानी सड़क पर भरा रहा है। मार्ग भी जर्जर हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस समस्या को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बताया गया। अब ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से समस्या के समाधान की मांग की है। इस मौके पर अशोक कुमार, सचिन शर्मा, राजवीर सिंह, भूरा सिहं, ताहिर हुसैन, रामपाल सिंह, शिवराम सिंह, बंटी, सूरजपाल, देवेंद्र नागर और इलियास आदि लोग रहे।

# बच्चे को हटाने पर दो पक्षों में मारपीट, दादा-पोती घायल

**संवाददाता, हसनपुर**

- वृद्ध की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल किया रेफर
- मोहल्ला कनैटा की घटना, दोनों पक्षों ने कोतलावी में तहरीर दी

**अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ले में बच्चे को हटाने पर तहेरे-चचेरे भाइयों में विवाद हो गया। इस दौरान लाठी डंडे चले। इससे दादा-पोती घायल हो गए। दोनों कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। वृद्ध की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

नगर के मोहल्ला कनैटा रोड पर शौकत अली का परिवार रहता है। उनका पुत्र अकरम ई-रिक्शा चलाता है। वह ई-रिक्शा के टायर में हवा भर रहा था। तभी उसके चाचा छोटे का बेटा आया तो उसने उसे हटा दिया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में लाठी डंडे चलने लगे। मारपीट में दादा बसारत अली व उनकी पोती रानी पुत्री शौकत अली घायल हो गए। वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार गोले ने बताया कि मारपीट में दो लोग घायल हुए हैं। तहरीर प्राप्त हुई है जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

**गाड़ी खड़ी करने को मना करने पर पड़ोसियों में मारपीटः** हसनपुर नगर के मोहल्ले में पड़ोसी के घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने को लेकर दोनों पड़ोसियों में मारपीट हो गई। इसमें एक युवक घायल हो गया। घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। नगर के मोहल्ला होलीवाला चर्च के सामने अंकित वर्मा पुत्र सुभाष वर्मा अपने परिवार के साथ रहता है। वह शनिवार को अपनी दवा लेकर स्कूटी से घर आ रहा था। उसके घर के बाहर पड़ोसी ने गाड़ी खड़ी कर दी थी। इसी बात को लेकर दोनों पड़ोसियों में मारपीट हो गई। इसमें अंकित वर्मा घायल हो गया। अंकित का आरोप है कि आरोपियों ने चाकू से बार कर उसे घायल कर दिया।

## सार-संक्षेप



मंच पर मौजूद सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर, विधायक व पालिका अध्यक्ष।

### जनता ने राष्ट्रीय अखंडता के लिए किया मतदान : सांसद

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के मतदाताओं का आभार जताने के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार को अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संसद ने चुनाव जीतने के लिए आभार व्यक्त किया। नगर में बाईपास स्थित एक बैंक्वेट हॉल के सभागार में शनिवार को भाजपा का मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम हुआ। इसमें सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर व विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी का कार्यकर्ताओं और मतदाताओं ने स्वागत किया। सांसद ने कहा कि जनता ने राष्ट्रीय अखंडता एवं समृद्धि के लिए मतदान किया था। लोगों को भाजपा सरकार पर पूर्ण विश्वास है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी और संचालन पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने किया। इस दौरान हसनपुर ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी, शरद गर्ग, मनोज कुमार शर्मा, चंद्रभान भाटी, देवेंद्र सिंह खड़गवंशी, सतीश अग्रवाल, हेमराज सैनी, राजीव गोयल, मयंक अग्रवाल, संजय सहदेव आदि मौजूद रहे।




पौधरोपण के प्रति जागरूक करते रोटरी क्लब के सदस्य। ● अमृत विचार

### रोटरी क्लब के सदस्यों ने विद्यालय में लगाए पौधे

**हसनपुर, अमृत विचार :** करनपुर स्थित लाला सत्य प्रकाश लक्ष्मी देवी विद्या मंदिर स्कूल में शनिवार को रोटरी क्लब हसनपुर के सदस्यों ने पौधरोपण किया। इस दौरान छायादार, फलदार पौधे लगाए गए। अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने स्कूल के बच्चों को पौधों का महत्व समझाया। कहा कि वृक्षों के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। वृक्ष हमें भोजन ऑक्सीजन फल एवं छाया प्रदान करते हैं। क्लब की ओर से 50 पौधे लगाए गए। इनमें अमरूद, नीम, जामुन, पीपल, बरगद आदि के पौधे लगाए। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, सचिव प्रदीप अग्रवाल, क्लब ट्रेनर महेंद्र अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष अर्पण गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ. योगेश चौहान, चंद्रसेन अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, सचिन कंसल, कुलभूषण सक्सेना, आशुतोष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




पर्यावरण संवाद एवं वृक्ष भंडारा कार्यक्रम में पौधरोपण के लिए प्रेरित करते लोग। ● अमृत विचार

## पेड़ों के बिना जीवन की कल्पना असंभव

**संवाददाता, गजरौला**

**अमृत विचार :** शहर के नवादा रोड स्थित कार्मेल पब्लिक स्कूल में आयोजित पर्यावरण संवाद एवं वृक्ष भंडारा में जिला प्रभागीय वनाधिकारी सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि प्रकृति सिर्फ देती है और प्रकृति से छेड़छाड़ का नतीजा हम सब को किसी न किसी रूप में भुगतना पड़ता है। इसलिए प्रकृति के साथ खिलवाड़ न करें।

भारतीय किसान यूनियन शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि भाकियू शंकर पर्यावरण हित में हर समय साथ है, क्योंकि किसानों से बड़ा कोई भी पर्यावरण के लिए कार्य करने वाला नहीं हो सकता। संयोजक पर्यावरण सचेतक समिति के राष्ट्रीय सचिव पर्यावरण प्रेमी संजीव पाल ने कहा कि वृक्ष ऑक्सीजन देते हैं। इसके बिना जीवन की कल्पना नहीं हो सकती है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में पौधरोपण करना चाहिए। विद्यालय प्रबंधक विक्रम सिंह व प्रधनाचार्य सुधंशु शर्मा ने पौधरोपण का आह्वान किया। वृक्ष भंडारे में 500 बच्चों को पौधे वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. उत्तम सिंह प्रजापति, डॉ. मान सिंह राणा, संजय सिंह गौर, विवेक त्यागी, शत्तिफ सिंह, मलखान सिंह आदि रहे।

### तेंदुए ने गाय और बछड़े पर किया हमला, दहशत

**अमरोहा, अमृत विचार :** पशुपालन में घुसकर तेंदुए ने गाय और बछड़े पर हमला कर दिया ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग निकला। घटना से लोगों में दहशत का मौहाल है। उन्होंने तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

यह मामला थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव पखरपुर का है। दरअसल शुक्रवार की शाम तेंदुआ गांव के निवासी पुष्पेंद्र सिंह की पशु शाला में घुस गया। तेंदुए ने गाय और बछड़े पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग निकला। तेंदुए के आने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन अधिकारियों को दी।

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अगर तेंदुआ है तो पिंजरा लगाकर पकड़ा जाएगा।

## बदमाश का साथी बोल रहा हूं... तेरे परिवार को मार दूंगा

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**धमकी**
- रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अहमदपुर देवीपुरा का मामला
- पीड़ित की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** रजबपुर थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने धमकी देने के आरोप में दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि उसे फोन पर नीरज बवाना के नाम से धमकी मिली है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह मामला रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अहमदपुर देवीपुरा का है। यहां के रहने वाले पुनीत कुमार का आरोप है कि उसके फोन पर नौ जुलाई की सुबह मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव हिरण खेड़ा निवासी मटरू उर्फ प्रशांत कुमार ने कॉल की। खुद को नीरज बवाना बदमाश का साथी बताया। इसके अलावा गजरौला बस्ती के रहने वाले विपिन पाल ने भी फोन करके गाली गलौज की। परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। धमकियों के बाद पुनीत कुमार और उनके परिवार के सदस्य डर रहे हैं।

पीड़ित ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि इस मामले में पुनीत कुमार की तहरीर पर मटरू उर्फ प्रशांत और विपिन पाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

**अनदेखी** दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर कट और गड्ढों को बंद करने के लिए जिम्मेदरा गंभीर नहीं

# हाईवे पर अवैध कटों से कांवड़ियों के लिए खतरा

**संवाददाता, गजरौला**



गजरौला स्थित नेशनल हाईवे पर गड्ढा।



हाईवे पर अवैध कट से गुजरते वाहन सवार। ● अमृत विचार

- कांवड़ यात्रा मार्गों पर सफाई और अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त
- हाईवे पर अवैध कट और गड्ढों को लेकर की जा रही अनदेखी

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस-प्रशासन तैयारियों में जुटा है। कांवड़ यात्रा वाले मार्गों पर सफाई व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जा रही हैं। लेकिन दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर अवैध कटों पर वाहनों से कांवड़ियों को हादसों का खतरा बना हुआ है। हालांकि पुलिस प्रशासन ने इन अवैध कटों को जल्द बंद कराने का दावा किया है।

हाईवे पर कुछ जगह अवैध कटों को बंद किया जा चुका है। लेकिन वहीं अभी कुछ अवैध कट खुले हुए हैं। ये अवैध कट कांवड़ यात्रा में अड़चन बनेंगे। इस बार 22 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू होगी। आठ दिन बाद कांवड़ यात्रा शुरू हो जाएगी। ऐसे में पुलिस-प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। मुरादाबाद, संभल, रामपुर, बदायूं, अमरोहा, बुलंदशहर, मेरठ, हापुड़ समेत अन्य जिलों से शिवभक्त गंगा जल भरने बृजघाट पहुंचेंगे।

इसको लेकर पुलिस-प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। सुरक्षा का खाका खींचा जा रहा है। हाईवे पर सुरक्षा प्वाइंट बनाए जा रहे हैं। पुलिस की तैनाती की जा रही है। लेकिन एनएचएआई के अधिकारियों ने अभी तक अपना काम पूरा नहीं किया है। हाईवे पर मोगा ढाबा के सामने अवैध कट खुला है।

इसके अलावा भी कई जगहों पर कट बने हुए हैं। गड्ढे भी कांवड़ यात्रा में अड़चन डालेंगे। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि ज्याद ही हाईवे पर खुले अवैध कटों को बंद कराया जाएगा। साथी गड्ढों को भरवाया जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
BIU College of Pharmacy BIUCOP Bareilly Towards Professional Excellence
**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
Faculty of Paramedical Sciences FOPS Bareilly Towards Professional Excellence
**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)


**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# यूपी में बंद चल रहीं सभी बिजली उत्पादन इकाइयां हुईं चालू

## गांवों में निर्धारित से आधा घंटे बढ़ाई गई बिजली आपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** रिजर्व शट डाउन के नाम पर पिछले दिनों बंद की गईं राज्य बिजली उत्पादन निगम की सभी इकाइयां शनिवार को चालू हो गईं। बंदी का भारी विरोध होने व राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से जवाब तलब करने के बाद निगम ने सभी को चालू करते हुए गांवों की बिजली आपूर्ति निर्धारित से आधे घंटे और बढ़ा दी है। दूसरी ओर, तकनीकी खराबी के कारण दो इकाइयों में अभी उत्पादन ठप है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बीती तीन-चार जुलाई को रिजर्व शट डाउन के तहत टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट की चार इकाइयां और हरदुआगंज की ढाई सौ मेगावाट व 110 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां बंद की गई थीं। इन इकाइयों को बीती 8 जुलाई को चालू होना था, पर इन इकाइयों को 15 जुलाई तक के लिए फिर बंद करने का निर्णय लिया गया था। इसी दिन हरदुआगंज की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई को भी और बंद कर दिया गया था। इस मामले में राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका भी दाखिल की गई थी। जिस पर आयोग ने पावर कॉरपोरेशन से जवाब-तलब किया था। कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि सभी इकाइयों को चालू कर दिया गया है, पर तकनीकी खराबी के कारण ऊंचाहार बिजलीघर की 110 मेगावाट व हरदुआगंज की ढाई सौ मेगावाट क्षमता की इकाइयों में उत्पादन अभी ठप पड़ा हुआ है। शनिवार को बिजली की अधिकतम मांग 27,721 मेगावाट दर्ज हुई। गांवों में निर्धारित 18 घंटे से आपूर्ति आधा घंटे बढ़ा दी गई है।

### बिजली चोरी रोकने के लिए वितरण बाक्स में लगेंगे ताले

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में ज्यादा बिजली चोरी वाले चिह्नित क्षेत्रों के बिजली वितरण बाक्स में ताले लगाए जाएंगे। बिजली चोरी पाए जाने पर क्षेत्रीय अभियंताओं की जिम्मेदारी तय होगी। उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन की ओर तैयार राजस्व रणनीति के तहत इस पर कार्य शुरू करने के निर्देश दिये गये हैं। कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि वितरण निगमों को इसे प्रभावी ढंग से लागू करने को कहा गया है। बिजली वितरण बाक्स में सिंगल चाबी वाले ताले लगाने को कहा गया है।

## रेरा ने आवंटी को ब्याज के एवज में एक वर्ष का दिलाया मेंटीनेंस लाभ

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने फ्लैट में कब्जा मिलने में देरी पर आवंटी को ब्याज के एवज में एक वर्ष का मेंटीनेंस लाभ दिलाया है। आवंटी को 2017 में फ्लैट पर कब्जा मिलना था, लेकिन साढ़े चार वर्ष बाद भी नहीं मिल पाया। इस पर आवंटी ने फरवरी 2022 में रेरा में शिकायत दर्ज कर विलंबित अवधि के ब्याज सहित कब्जा दिलाने की मांग की थी। आवंटी ने गौतमबुद्ध नगर स्थित प्रोमोटर हेबे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रालि. की महागुन मंत्र-2 परियोजना में एक फ्लैट की बुकिंग की थी। एग्रीमेन्ट फॉर सेल के अनुसार लगभग 23.77 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया था। प्रोमोटर द्वारा जून 2022 में आवंटी को कब्जा लेने का प्रस्ताव दिया गया था लेकिन आवंटी ने फ्लैट का कब्जा जुलाई 2023 में लिया। इसके बाद आवंटी ने विलंबित अवधि का ब्याज दिलाने की मांग की थी। इस पर प्रोमोटर द्वारा फंड की कमी की समस्या बताई गयी और विवाद का समाधान कराने का अनुरोध किया गया था।

## 11 आईएएस अफसरों के तबादले, निधि बनीं बदायूं की जिलाधिकारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने शनिवार की देर रात 11 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिये। इनमें पांच जिलों के डीएम बदल दिये गये हैं। निधि श्रीवास्तव को बदायूं का डीएम बनाया गया है। मुख्यमंत्री के विशेष सचिव व अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी इन्वेस्ट यूपी प्रथमेश कुमार को लखनऊ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहे इन्द्रमणि त्रिपाठी को औरैया का डीएम बनाया गया है। औरैया की डीएम नेहा प्रकाश को निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन पद पर भेजा गया है। देवरिया के डीएम अखंड प्रताप सिंह को राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण लखनऊ का सीईओ बनाया गया है। सोनभद्र के डीएम चन्द्र विजय सिंह को अयोध्या का डीएम बनाया गया है। अयोध्या के डीएम नितीश कुमार को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम आगरा का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। राज्यपाल के विशेष सचिव बद्रीनाथ सिंह को सोनभद्र का डीएम बनाया गया है।




बिल्ली का आकार भले ही शेर के समान न हो, लेकिन उसका का रंग, नस्ल और रूप शेर जैसा ही दिखाई देता है। शायद इसीलिए बिल्ली को शेर की मौसी कहा जाता है। शनिवार को राजधानी लखनऊ के चिड़ियाघर में कुछ ऐसा नजारा दिखा कि लोग हैरान रह गए। दरअसल, एक बिल्ली शेर-शेरनी के बाड़े में गई। वहां शेरनी से सामना होने के बाद भी बिल्ली की सिट्टी-पिट्टी गुम नहीं हुई, बल्कि उसने शेरनी की 'बोलती' बंद कर दी। इस बीच चिड़ियाघर के कर्मचारियों ने शेरनी को बाड़े में बंद कर बिल्ली को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। ● प्रमोद शर्मा

## सार-संक्षेप

### 10 आईपीएस समेत 21 पुलिस अफसरों का तबादला

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने शनिवार को 10 आईपीएस समेत कुल 21 पुलिस अफसरों का तबादला किया है। लखनऊ पश्चिमी के डीसीपी डॉ. दुर्गेश को जालौन का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा दो और डीसीपी को जिले का चार्ज दिया गया है। लखनऊ कमिश्नरेट पश्चिम के डीसीपी डॉ. दुर्गेश को पहली बार जिला दिया गया है। इसके अलावा श्याम नारायण सिंह वाराणसी कमिश्नरेट से एटा पुलिस अधीक्षक और राम सेवक गौतम कानपुर कमिश्नरेट से शामली के पुलिस अधीक्षक बनाए गए हैं। अभिषेक को पुलिस अधीक्षक शामली से हटाकर पुलिस अधीक्षक बिजनौर बनाया गया। नीरज कुमार जादौन को पुलिस अधीक्षक बिजनौर से हटाकर पुलिस अधीक्षक हरदोई बनाया गया है। ईराज राजा को पुलिस अधीक्षक जालौन से हटाकर पुलिस अधीक्षक गाजीपुर बनाया गया। रामसेवक गौतम को डीसीपी कानपुर कमिश्नरेट से हटाकर पुलिस अधीक्षक शामली बनाया गया।

### 11 किलो सोने के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**लखनऊ, अमृत विचार :** डीआरआई ने शुक्रवार की देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर स्थित टोल प्लाजा के पास से 11 किग्रा सोने के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सोने की कीमत 8 करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। डीआरआई ने आरोपी को कस्टम कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिनों की कस्टडी में जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के करोलबाग का रहने वाला सोहन गोयल दुबई मेड सोना लेकर तेलीबाग स्थित वृंदावन ज्वैलर्स आ रहा था। इसी बीच, डीआरआई को सूचना मिलने पर टीम के अधिकारी टोल प्लॉजा पहुंच गए। इस दौरान रात में लखनऊ नंबर की एक्सयूबी कार को टोल प्लॉजा पर ही रोक लिया गया और वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 10 किग्रा सोना और 1 किग्रा सोने के आभूषण बरामद किये गये। पकड़े गए आरोपी की पहचान सोहन गोयल के रूप में हुई।

### 6 जून को 'राष्ट्रीय खेद दिवस' घोषित करे सरकार

**कानपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि 6 जून को 'राष्ट्रीय खेद दिवस' घोषित किया जाए। साल 1984 में 1 जून से 6 जून तक केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने श्री अकाल तख्त साहिब में गोलियां चलवाई थीं और अभी तक इसके लिए माफी नहीं मांगी है। सर्किट हाउस में शनिवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रायोजित तरीके से कांग्रेस ने बेगुनाह सिखों पर गोलियां बरसाईं थीं। श्री अमृतसर साहिब तथा श्री अकाल तख्त साहिब पर टैंक एवं तोपों से हमला करके पावन तीर्थ को तहस-नहस करने का कुत्सित प्रयास किया गया था। इस घटना में बड़ी संख्या में निर्दोष सिख मारे गए थे।

### नहीं बढ़ने दी जाएंगी बिजली दरें: उपभोक्ता परिषद

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली दरें नहीं बढ़ने दी जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने साप्ताहिक वेबीनार में उपभोक्ताओं को यह भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के 33,122 करोड़ रुपये निकल रहे हैं। राज्य विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई में इसका विरोध किया गया, आगे भी विरोध जारी रहेगा। वेबीनार में हरेंद्र कुमार, राजपाल सिंह, निर्दोष कुमार सिंह, विनोद कुमार गुप्ता, सुनील कुमार, संदीप कुमार गुप्ता, अरविंद, हरिराम यादव आदि शामिल थे।

### आईआरसीटीसी कराएगा लद्दाख की सैर

**लखनऊ, अमृत विचार :** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने पर्यटकों को लद्दाख की सैर कराने की तैयारी की है। लखनऊ और कानपुर से पर्यटकों को इस यात्रा पर जाने की सुविधा मिलेगी। आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि लखनऊ से लद्दाख (वाया नई दिल्ली) की यह यात्रा 6 रात्रि व 7 दिन की होगी। उन्होंने बताया कि 2 से 8 अगस्त के बीच इस पैकेज की बुकिंग की शुरुआत हो चुकी है। यात्रा में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 60,100 रुपये और तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 54,600 रुपये है।

# संविदा पर भी रखे जाएंगे अध्यापक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवक्ता और अध्यापकों के पद रिक्त
- निदेशालय की ओर से तैयार किया जा रहा है प्रस्ताव

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय में गुरुजनों के आशीर्वाद से वंचित छात्रों की समस्या जल्द दूर हो सकती है। विभाग अध्यापकों को संविदा पर भी रखने का विचार कर रहा है। साथ ही नियुक्ति के लिए प्रस्ताव बनाकर आयोग और शासन को भेजा जाएगा।

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय में 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति, 25 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग और 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों को प्रवेश की व्यवस्था है। छात्र-छात्राओं को निशुल्क छात्रावास, पाठ्य पुस्तकें और यूनिफार्म आदि की व्यवस्था सरकार की ओर से की जाती है। 94 विद्यालयों में 40 सीबीएसई और 54 माध्यमिक शिक्षा परिषद से संबंद्ध हैं। 32 हजार छात्र-छात्राओं के लिए प्रवक्ता के 930 और सहायक अध्यापक के 930 पद स्वीकृत हैं और इनके सापेक्ष 650 प्रवक्ता और 557 सहायक अध्यापक कार्यरत हैं। प्रवक्ता के 280 और सहायक अध्यापक के 373 पद खाली पड़े हैं। विभाग की ओर से नियुक्ति के लिए समय-समय पर आयोग को पत्र लिखा जाता है। पिछली बार 151 अध्यापक मिले थे मगर 53 ने ही कार्यभार संभाला था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि नियुक्ति के लिए दोबारा प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

### विभाग ने लगाए सीसीटीवी विद्यालय कर रहे बंद

**लखनऊ, अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में अध्यापकों पर नजर रखने के लिए लगाए गए सीसीटीवी बंद किए जा रहे हैं और बिजली की आवाजाही का तर्क दिया जा रहा है। विभाग अब इर्न्वटर से इसको जुड़वाने की तैयारी में है। बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय आने के बाद अध्यापक उपस्थिति पंजिका में उपस्थिति दर्ज करने के बाद नदारद हो जाते थे। साथ ही कई अध्यापक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते थे।

## कूलर के सामने बैठने को लेकर विवाद, दुल्हन का शादी से इनकार

**बलिया, एजेंसी।** चितबड़ागांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात कूलर के सामने बैठने को लेकर बारातियों के विवाद करने के बाद दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया और बारात बैरंग लौट गई। पुलिस ने बताया कि इस मामले में दूल्हे सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के चितबड़ा गांव में एक शादी समारोह में कूलर के सामने बैठने को लेकर बारातियों द्वारा विवाद कर लिया गया, जिसके बाद दुल्हन नाराज हो गई और उसने शादी से इनकार दिया। इससे दोनों पक्षों में भारी विवाद हो गया। थाना प्रभारी प्रशांत चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों के काफी प्रयास के बावजूद दुल्हन शादी करने के लिए तैयार नहीं हुई। पुलिस ने इस मामले में दूल्हे, उसके बहनोई के साथ ही दुल्हन के पिता और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया।

# रामलला के ननिहाल से लाए हैं शबरी के बेर : विष्णु देव

अयोध्या कार्यालय



- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के साथ रामलला का दर्शन कर भेंट किए उपहार

**अमृत विचार :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार को अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ अयोध्या पहुंचे। महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत हुआ। इसके बाद सभी ने हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन पूजन किया। सरयू में अभिषेक किया।

दोपहर बाद एक होटल में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की नगरी है। भगवान राम का ननिहाल है। उन्होंने कहा कि राम का आशीर्वाद लेने के लिए मंत्रिमंडल के साथ अयोध्या आया हूं। हम लोग मामा गांव से आए हैं। प्रभु राम अपने वनवास का अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में बिताया था। हम लोगों का सौभाग्य है कि शबरी धाम भी वहीं है, जहां राम ने जूठे बेर खाए थे। हम प्रसाद चढ़ाने के लिए बेर भी लाए हैं। छत्तीसगढ़ का जल, सुगंधित चावल व कई तरह का प्रसाद भी लाए। उधर, अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री का स्वागत करने के लिए छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी पहले ही अयोध्या पहुंच गए थे।

## प्रदेश के हर गांव में 24 घंटे पानी आपूर्ति की तैयारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के तहत अब गांवों में 24 घंटे पानी आपूर्ति की तैयारी शुरू हो गई है। इसके पहले चरण में राजधानी के कई गांवों में 'ट्रायल' शुरू किया गया है। योजना के सफल होने पर बाकी जिलों के गांवों में लागू किया जाएगा। शासन के अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में लखनऊ व आस-पास की चार तहसीलों के कुछ गांवों में 'ट्रॉयल' शुरू किया गया है। इसमें मोहनलालगंज तहसील के उदयपुर, भावाखेड़ा, कुबहरा, कुढ़ा, दहियर गांव, पाराभदराही गांव, मलिहाबाद तहसील के खड़ता, शेरपुर भौसा गांव और सरोजनीनगर तहसील के गोदौली गांव शामिल हैं।

# जांच नियमों का पालन न करना दंड आदेश की वैधता पर प्रश्नचिह्न: कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक न्यायिक अधिकारी के मामले पर विचार करते हुए कहा कि किसी दोषी अधिकारी के खिलाफ जांच के स्तर पर प्रक्रियागत जरूरतों का पालन न करना दंड आदेश की वैधता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। यह जरूरी है कि प्रक्रिया इस तरह से की जाए कि प्रभावित पक्षकारों को खुद का बचाव करने का उचित अवसर मिले।

उक्त आदेश दो जजों की खंडपीठ ने सिविल न्यायाधीश पंकज की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। याची को सिविल जज के रूप में जिला मऊ में नियुक्त किया गया। सेवा में भर्ती होने के तुरंत बाद उन्हें सोशल मीडिया पर प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित प्रश्नों वाले शिकायतकर्ता के कई संदेश मिले। इसके बाद 26 दिसंबर 2018 को शिकायतकर्ता ने याची के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई, जिसका जवाब जनवरी 2019 में याची द्वारा दिया गया। फिर भी याची के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया गया और जिला न्यायाधीश, मऊ को याची के मामले में जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। आरोप पत्र में याची पर यह आरोप लगाया गया कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में मदद करने के बहाने उन्होंने शिकायतकर्ता के साथ दुष्कर्म किया।


## वर्ग पहेली-130

**बाएं से दाएं**

1. छिछला, उथला, कम गहरा।
3. दे. मंझोला।
4. हलवाई।
6. 1. पाला-पोसा हुआ 2. पाला जाने वाला
7. 1. गीलापन दूर होना 2. जलहीन होना, जल न रहना 3. रस आदि से रहित होना 4. उदास होना 5. रोग
8. 1. घोड़े या गधे के पैर का निचला भाग जो ज़मीन पर पड़ता है, सुम 2. घोड़े के चलने पर उसके सुम से होने वाली आवाज़ 3. किसी खंभे या चारपाई के पाए का ज़मीन पर टिका हुआ भाग 4. मुरगियों को बंद करके रखने का टोकरा या खांचा।

**ऊपर से नीचे**

2. स्फटिक, रवा, (क्रिस्टल)।
3. जो कत्ल कर डाला गया हो।
5. ज़ोर से हंसने की ध्वनि, तीव्र हंसी का स्वर 2. हीनता या तुच्छता को प्रदर्शित करते हुए हंसना। (मु.) -करना : निर्लज्जतापूर्वक हंसना।
6. 1. विष्ठा, मल 2. गंदी और त्याज्य वस्तु।




### वर्ग पहेली -129 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 घा | घ | | | |
| 2 च | | | 3 ब | ख | री |
| ट | | | ल | | |
| 4 प | छ | ता | वा | | 5 अ |
| टा | | | ई | | बा |
| | 6 व | | | | दा |
| 7 पॉ | लि | टी | शि | य | न |

## सुडोकू -43

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | | | 2 | | |
| | 8 | | 5 | | 7 | | | 4 |
| | 1 | | | 6 | 2 | | | 7 |
| | | 1 | 2 | | 8 | 9 | | 6 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| 6 | | 4 | 3 | | 9 | 7 | | |
| 5 | | | 6 | 7 | | | 1 | |
| 3 | | | 1 | | 4 | | 8 | |
| | | 9 | | | 5 | | | |

### सुडोकू -42 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 |
| 1 | 5 | 8 | 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 9 |
| 9 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 | 8 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 7 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जुलाई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 17 .25 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में योजनाबद्ध रूप से कार्य संचालन करना शुभ रहेगा। साझेदारी के रूप में व्यापार करने के योग बन सकते हैं। आजीविका क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को अपने सहयोगियों के साथ तालमेल युक्त व्यवहार करने से नई आशा की किरण जागेगी।

**वृष** – आज नौकरी करने वाले लोगों को उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त होगा। दूसरों के द्वारा परेशानियां बढ़ सकती हैं। व्यवसाय क्षेत्र में कार्यरत लोगों को अपने व्यवहार में अधिक सकारात्मकता लाने की कोशिश करनी चाहिए।

**मिथुन** – आज बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को पदोन्नति प्राप्त होगी। रोजगार की तलाश पूरी होगी। विद्यार्थी वर्ग को विद्या अध्ययन से संबंधित कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क** – आज सरकारी नौकरी में संलग्न लोगों को पदोन्नति मिलने के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। उच्च अधिकारियों से घनिष्ठता बढ़ेगी। नए मित्र बनेंगे। व्यवसाय करने वाले लोगों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने से सफलता प्राप्त होगी।

**सिंह** – आज कोर्ट-कचहरी के मामले में सफलता प्राप्त होगी। किसी पुराने विवाद से छुटकारा मिलेगा। संतान की ओर से अपेक्षित सुख सहयोग प्राप्त होगा। नवीन उद्योग अथवा व्यापार शुरू करने की योजना सफल होगी।

**कन्या** – आज आपको धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। वैवाहिक संबंध मधुर रहेंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम संपन्न हो सकता है। रोजगार की तलाश पूरी होगी। कोई महत्वाकांक्षा पूरी हो सकती है।

**तुला** – आज व्यापार में अपनी सूझबूझ से कोई बड़ी सफलता हासिल करेंगे। बौद्धिक कार्यों में लोगों को सरकार से लाभ प्राप्त होगा। खेल, प्रतियोगिता में आपको कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। परिवार में आपके निर्णय की सराहना होगी।

**वृश्चिक** – आज नौकरी में अधीनस्थ व उच्च अधिकारियों से तालमेल अच्छा रहेगा। व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। बौद्धिक कार्य को अपने सहयोगियों से विशेष सहयोग के सानिध्य मिलेगा। समाज में आपके उज्ज्वल चरित्र के प्रशंसा चारों तरफ होगी।


**धनु** – आज शत्रु गुप्त नीति से हानि पहुंचाने का प्रयास करेंगे। आप अपनी बुद्धि से परिश्रम से कठिन परिस्थितियों का सामना करने में सफल होंगे। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने से आपके मनोबल में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा।

**मकर** – आज लंबी दूरी की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यवसाय करने वाले लोगों को व्यर्थ तनाव का सामना करना पड़ सकता है। नीतिगत रूप से निर्णय लेने से लाभ की संभावनाएं रहेंगी। अपनी व्यक्तित्व समस्याओं के प्रति अधिक जागरूक रहने की आवश्यकता रहेगी।

**कुंभ** – आज भूमि के कार्य में संलग्न लोगों को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। अपनी कार्य योजना का विरोधियों के सामने खुलासा न करें। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के संकेत प्राप्त होंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**मीन** – आज नवीन व्यवसाय करने की कार्य योजना बनेगी। बनते-बनते कार्यों में बाधा आ सकती हैं। अतः सजगता पूर्वक कार्य करें। विरोधी पक्ष की गतिविधियों पर ध्यान रखें, वह हानि पहुंचा सकते हैं। सत्ता शासन में बैठे किसी उच्च पदस्थ व्यक्ति से घनिष्ठता बढ़ेगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- चित्रा 22 .06 तक तत्पश्चात स्वाती।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
धड़कन – सुबह : 10 .43
क्रांति – रात : 07 .00

&pictures
फुकरे 3 – सुबह : 11 .13
बधाई दो – रात : 08 .00

SONY PIX
अनचार्टेड – सुबह : 11 .09
ओलिम्पस हेज फॉलेन – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
रक्षाबंधन – दोपहर : 12 .00
आरआरआर – रात : 08 .30

colors CINEPLEX
बू – सुबह : 10 .30
दृश्यम 2 – शाम : 05 .32

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक कंजूस लड़के को कंजूस लड़की से प्यार हो गया।
लड़की- जब पिताजी सो जाएंगे तो मैं सिक्का फेंकूंगी। तुम आवाज सुनकर ऊपर आ जाना लड़की सिक्का फेंकती है, पर लड़का ऊपर नहीं आता एक घंटे बाद जब लड़का आया तो लड़की पूछती इतनी देर कहां लगा दी?
लड़का-अरे मैं तो सिक्का ढूंढ रहा था।
लड़की-अरे पागल वो तो धागा बांधकर फेंका था। वापिस खींच-खींच लिया।

पत्नी मायके से वापिस आई तो उसका पति जोर-जोर से हंसने लगा।
पत्नी- ऐसे क्यों हंस रहे हो?
पति- बुजुर्गों ने कहा है जब भी मुसीबत को देखो उसका सामना हंसते हुए करो।

## एक नजर

### तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक के वरिष्ठ नेता एवं जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन की शनिवार को तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुरईमुरुगन विक्रवंडी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में द्रमुक की भारी जीत के लिए पार्टी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को बधाई देने के लिए आज दोपहर पार्टी मुख्यालय अन्ना अरिवलयम आए थे। इस बीच उनकी तबियत बिगड़ गई। द्रमुक उप महासचिव को प्राथमिक उपचार के बाद अपोलो अस्पताल ले जाया गया। उनके बेटे एवं द्रमुक सांसद कथिर आनंद उनके साथ अस्पताल पहुंचे।

### गुरदासपुर जिले में हेरोइन की खेप जब्त

**जालंधर।** बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर जिले में संयुक्त रूप से हेरोइन की खेप बरामद की है। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि गुरदासपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक संदिग्ध पैकेट की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ खुफिया विंग द्वारा साझा की गई सूचना पर, पंजाब पुलिस के सहयोग से बीएसएफ ने सुबह 8 :40 बजे, रत्तर छत्तर गांव के पास एक धान के खेत से पैकेट (कुल वजन– 2 .300 किलोग्राम) बरामद किया। पैकेट खोलने पर, संदिग्ध हेरोइन वाले दो छोटे पॉलीथीन पैकेट मिले।

### रायपुर में कोयला कारोबारी के ऑफिस पर गोलीबारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तेलीबांधा थाने के पास कोयला कारोबारी के ऑफिस पर शनिवार को गोली चलने की बड़ी घटना सामने आई है। झारखंड के अमन साहू गिरोह द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने के कयास लगाए गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा थाना अंतर्गत पचपेड़ी नाका से तेलीबांधा के बीच सर्विस रोड पर कोयला कोराबार से जुड़े पीपीए ग्रुप के ऑफिस के सामने मोटरसाइकिल सवार दो लोग हवाई फायर कर भाग निकले। एसएसपी संतोष सिंह ने बताया कि गोलीबारी की घटना सामने आई है। पिछली बार गोलीबारी की घटना होने से ठीक पहले हमने आरोपियों को पकड़ा था।

### खेत से 54 किलो चांदी पुलिस ने की बरामद

**गुना।** मध्यप्रदेश के गुना जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम बीलाखेड़ी में खेत से पुलिस ने 53 लाख मूल्य की 54 किलो 300 ग्राम बरामद की है। जिले के पारदी बदमाशों द्वारा पिछले माह राजस्थान के मनोहर थाना कस्बे में स्थित ज्वेलर्स की दुकान से 50 किलो चांदी के जेवरात चोरी किये गये थे। चोरी हुए चांदी के जेवर धरनावदा थाना पुलिस ने ग्राम बीलाखेड़ी के खेत से खोदकर निकाली हैं।

# भारत जल्द बन जाएगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : प्रधानमंत्री मोदी

## प्रधानमंत्री ने मुंबई में 30 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण

मुंबई, एजेंसी



प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी के सचिवालय आईएनएस टावर का उद्घाटन करने के बाद वह बोले। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में सम्पर्क सुविधाओं के लिए 30 हजार करोड़ की सड़क और रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

मोदी ने इसका भी जिक्र किया कि कैसे भारत डिजिटल भुगतान में अग्रणी बन गया है। भारत के यूपीआई व डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे से लोगों की जिंदगी आसान हुई है और उनके लिए एक देश से दूसरे देश में पैसे भेजना आसान हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रित गठबंधन (राजग) सरकार ही स्थिरता और स्थायित्व दे सकती है। उनकी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में तीन गुना रफ्तार से काम करेगी। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, पीयूष गोयल और रामदास अट्ठावले, देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार उपस्थित थे।

### तीन-चार वर्षों में आठ करोड़ नौकरियां हुईं सृजित

मोदी ने कहा कि आरबीआई के अनुसार, तीन–चार वर्षों में आठ करोड़ नई नौकरियां उपलब्ध हुईं। मोदी मुंबई के गोरेगांव उपनगर में क्षेत्र में सड़क, रेलवे और बंदरगाह क्षेत्रों में 29,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत और आधारशिला रखने के बाद कार्यक्रम को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि आरबीआई ने रोजगार पर विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस आंकड़े ने नौकरियों पर फर्जी खबरें फैलाने वालों को चुप कर दिया है। देश में कौशल विकास और रोजगार की जरूरत है और हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है। मुंबई और उसके आसपास की आगामी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से शहर के आसपास के इलाकों से कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

# संविधान की आत्मा पर प्रहार करने वाले संविधान हत्या दिवस मनाएंगे : प्रियंका

नई दिल्ली, एजेंसी



• कांग्रेस महासचिव ने केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधा

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार और भाजपा पर शनिवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसमें आश्चर्य की क्या बात है कि संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार करने वाले लोग संविधान हत्या दिवस मनाएंगे। केंद्र ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि संविधान हत्या दिवस 25 जून को मनाया जाना हमें याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था।

प्रियंका ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि भारत की महान जनता ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है। जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान लागू होने का विरोध किया, संविधान की समीक्षा करने के लिए आयोग बनाया, संविधान खत्म करने का आह्वान किया, अपने फैसलों और कृत्यों से बार-बार संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार किया, वे नकारात्मक राजनीति वाला संविधान हत्या दिवस मनाएंगे ही, इसमें आश्चर्य कैसा?

### शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) ने की आलोचना

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) ने केंद्र सरकार की 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने के फैसले की आलोचना की। 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि 50 साल पहले आपातकाल लागू हुआ था, लेकिन भाजपा भविष्य के बजाय अतीत को ही देखती रहती है। राकांपा (एसपी) ने कहा कि अगर भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 400 सीटें जीती होतीं, तो वह संविधान बदली दिवस की घोषणा करती।

## चार पर धोखाधड़ी, साजिश का आरोप तय करने का आदेश

फिक्सिंग मामला

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका में 2000 में खेले गए क्रिकेट मैच को फिक्स करने के आरोपी चार लोगों के खिलाफ कोर्ट ने साजिश और धोखाधड़ी के आरोप तय करने का आदेश दिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा प्रिया इस मामले में राजेश कालरा, कृष्ण कुमार, सुनील दारा और संजीव चावला के खिलाफ सुनवाई कर रही थीं। इनके खिलाफ चाणक्यपुरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

मामले में उस समय की द. अफ्रीकी टीम के कप्तान हैंसी क्रोन्ये को भी आरोपी बनाया गया था जिनकी बाद में मौत हो गई थी। कोर्ट ने मौजूद सबूतों पर गौर करते हुए कहा कि घटनाओं के क्रम, बातचीत के रिकॉर्ड, आचरण और परिस्थितियों से पता चलता है कि चावला द्वारा हैंसी क्रोन्ये के साथ किए सौदों में कालरा, कृष्ण और दारा की मिलीभगत है। इस मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी।

## जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार खुलेगा आज

**भुवनेश्वर।** पुरी में 12वीं सदी के श्रीजगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार रविवार को खोला जाएगा। राज्य के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भंडार खोलने की मंजूरी दी है, जो 1978 में खोला गया था। राज्य सरकार ने 4 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अरिजीत पशायत की समिति को भंग कर उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बिस्वनाथ रथ की अध्यक्षता में समिति का गठन किया। भंडार में आभूषणों सहित कीमती सामानों की सूची के लिए 16 सदस्यीय समिति का गठन किया गया था।

# जीप ने सड़क किनारे सो रहे चार को कुचला, दो की मौत

जालंधर, एजेंसी

पंजाब के महानगर जालंधर के पठानकोट चौक में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार जीप ने सड़क किनारे सो रहे चार लोगों को कुचल दिया। जिनमें से दो की मौत हो गई और दो की हालत गंभीर है।

नॉर्थ जालंधर के सहायक आयुक्त (एसीपी) दमनबीर सिंह ने शनिवार को कहा कि जीप चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतकों या घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### जम्मू के डोडा में बस खाई में गिरी, दो की मौत

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में शनिवार को बस के सड़क से फिसलकर 200 फुट गहरी खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और 25 घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना पूर्वाह्न 10 .25 बजे भटयास के पास हुई। बस भलेसा से थाथरी जा रही थी। बचावकर्मियों को घटनास्थल पर एक महिला मृत मिली, जबकि एक यात्री ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। नौ घायलों की हालत गंभीर है।

## बांधों से सतलज छोटी नदी में तब्दील: करोल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय करोल ने कहा है कि सतलज पर बांधों के निर्माण से ये छोटी नदी में तब्दील हो गई है, जिससे संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र बदल गया है। वकील जतिंदर (जय) चीमा की पुस्तक क्लाइमेट चेंजः द पॉलिसी, लॉ एंड प्रेक्टिस के विमोचन पर शुक्रवार को न्यायमूर्ति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन देश के कृषि पर भारी प्रभाव डाल रहा है। न्यायाधीश ने कहा कि बढ़ते तापमान और मानवीय गतिविधियों से नदियां सूख रही हैं। सतलज नदी बांधों से छोटी हो गई है, जिससे पारिस्थितिकी शृंखला बदल गई है।

## तमिलनाडु के पूर्व मंत्री बालाजी की जमानत पर 22 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सुनवाई 22 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी है। बालाजी को पिछले साल धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने समय की कमी से शुक्रवार को मामले की सुनवाई रदकर दी। शीर्ष अदालत ने एक अप्रैल को एजेंसी को नोटिस जारी करते हुए बालाजी की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा था। बालाजी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को कहा था कि अगर उन्हें इस तरह के मामले में जमानत पर रिहा किया जाता है तो इससे गलत संकेत जाएगा और यह जनहित के खिलाफ होगा। याचिकाकर्ता 8 महीने से अधिक जेल में रह चुका है, इसलिए विशेष अदालत को मामले का निपटारा करने का निर्देश देना अधिक उपयुक्त होगा।

# केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी




• आप नेता बोले- जेल में रहने के दौरान केजरीवाल का वजन 8.5 किलो घटा

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा और केंद्र सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही है, जिनका वजन जेल में रहने के दौरान 8.5 किलोग्राम कम हो गया है और रक्त में शर्करा का स्तर 50 मिलीग्राम/डीएल से नीचे पांच बार जा चुका है। सिंह के दावों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सिंह ने कहा कि केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति ऐसी है कि अगर उन्हें जल्द जेल से बाहर नहीं लाया गया और इलाज नहीं किया गया तो उनके साथ कोई भी गंभीर घटना घट सकती है। जब 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था, तब उनका वजन 70 किलोग्राम था, जो कम होकर 61.5 किलोग्राम रह गया है। सिंह ने दावा किया कि उनका वजन लगातार घटने का कारण अज्ञात है, क्योंकि कोई जांच नहीं हुई है।

सिंह ने कहा कि वजन घटना किसी गंभीर बीमारी का संकेत है। केजरीवाल का परिवार, आप और उनके शुभचिंतक जेल में उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर चिंतित हैं। उच्चतम न्यायालय ने ईडी द्वारा दर्ज मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी थी। हालांकि, आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कारण वह अभी भी जेल में ही हैं।

## अजमेर की लोक अदालत में 45 मामले निस्तारित

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर स्थित राजस्व मंडल मुख्यालय पर शानिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत 45 प्रकरण निस्तारित किये गए। राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत राजस्व प्रकरणों के निस्तारण को लेकर राजस्व मंडल के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के निर्देशानुसार राजस्व मंडल के स्तर पर गठित पीठ के माध्यम से शनिवार को 45 प्रकरणों का निस्तारण किया जा सका। इससे पहले अजमेर मण्डल परिसर में दीप प्रज्वलित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत शुभारम्भ किया गया।

# असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर

गुवाहाटी, एजेंसी

• सात और लोगों की मौत, 23 जिलों में 12.33 लाख से अधिक लोग प्रभावित
• बाढ़, भूस्खलन, तूफान और बिजली गिरने से जान गंवाने वाले की संख्या हुई 106

असम में शनिवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है, हालांकि राज्य के कई हिस्सों में जलस्तर घटने लगा है। गुवाहाटी स्थित भारत मौसम विभाग के क्षेत्रीय केंद्र ने बताया कि असम के अधिकांश स्थानों पर मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि कोकराझार जिले के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है।

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की ओर से शुक्रवार रात जारी की गई रिपोर्ट में बताया कि राज्य में बाढ़ के कारण सात और लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 23 जिलों में 12.33 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। असम में इस साल बाढ़, भूस्खलन, तूफान और बिजली गिरने से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 106 हो गई है। एएसडीएमए की रिपोर्ट के अनुसार, धुबरी जिले में सबसे अधिक 3.18 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। इसके बाद कछार में लगभग 1.5 लाख लोग और गोलाघाट में 95,000 से अधिक लोगों को प्राकृतिक आपदा के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एएसडीएमए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में बाढ़ का पानी कम हो रहा है। वर्तमान में, 2,95,651 विस्थापित लोगों ने 18 जिलों के 316 राहत शिविरों में शरण ले रखी है। राज्य सरकार ने पिछले 24 घंटों के दौरान, बाढ़ से प्रभावित लोगों को 3,621.01 क्विंटल चावल, 666.3 क्विंटल दाल, 6,266.61 क्विंटल नमक व 11,446.82 लीटर सरसों का तेल उपलब्ध कराया है।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष शुरू करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** सरकार कृषि उद्यमियों को समर्थन देने के लिए स्टार्टअप और ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष (एग्रीश्योर) शुरू करने की तैयारी कर रही है। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को कहा गया कि इस कोष के जरिए विशिष्ट क्षेत्रों में निवेश किया जाएगा और कृषि तथा संबद्ध क्षेत्रों में काम करने वाले स्टार्टअप को ऋण वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के साथ ही प्रत्यक्ष इक्विटी समर्थन भी दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य 750 करोड़ रुपये की श्रेणी–2 वैकल्पिक निवेश कोष की स्थापना के जरिए कृषि क्षेत्र में नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देना है। यह कोष इक्विटी और ऋण दोनों को समर्थन देगा और कृषि मूल्य शृंखला में जोखिम, उच्च प्रभाव वाली गतिविधियों को लक्षित करेगा।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव :** दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

### मेंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक–955 फ्लैग–1075 डीएमओ–815 बोल्ड–1130
**चन्दौसी :** शिवालिक– 940 फ्लैग–1070 बोल्ड–1120 डीएमओ– 820

### सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,350 |
| चांदी आभूषण | 91,800 |

# इस्पात पिघला, आया 4,000 रुपये टन का अंतर

## डिमांड घटने से स्टील के दाम में दर्ज की गई गिरावट, स्टील पाइप के दरों में भी आई कमी

• बारिश के चलते निर्माण कार्य पर ब्रेक लगने से फुटकर बाजार में डिमांड घटी
• लोकल रायपुर और गैलेंट, टाटा-जिंदल आदि नामी-गिरामी ब्रांड के भाव भी गिरे

नीरज मिश्र



**अमृत विचार :** बारिश के मौसम में डिमांड के घटते ही स्टील के दाम में लंबे समय के बाद बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। करीब 4,000 रुपये प्रति टन का अंतर बाजार भाव में आया है। वहीं प्रति क्विंटल देखा जाए तो सरिया की कीमत में 400 रुपये का फर्क पड़ा है।

62 हजार रुपये से घटकर इसका भाव 58,000 रुपये प्रति टन हो गया है। यही नहीं बड़े ब्रांड की कंपनियों ने भी अपने सरिया की कीमतों में कमी की है। वहीं भाव में गिरावट से लोहे के पाइप के दाम भी नीचे आए हैं। लगातार गिरते भाव से इस्पात पिघलता सा नजर आ रहा है।

| ब्रांड | पुरानी दर | मौजूदा दर (कीमत प्रति टन) |
|---|---|---|
| लोकल एवं रायपुर | 60,000 | 56,000 से 57,000 |
| गैलेंट | 62,000 | 58,000 से 60,000 |
| टाटा–जिंदल आदि | 78,000 | 75,000 से 76,000 |
| स्टील पाइप | 70,000 | 65,000 से 67,000 |

"निर्माण कार्य रुकने से डिमांड नहीं है। थोक बाजार हो या फुटकर सभी में महज 30 से 40 फीसद मजबूरी वाला सौदा रह गया है। सभी ब्रांड सस्ते हैं। चाहे वह लोकल हो या बड़े ब्रांड के टाटा और जिंदल जैसे नाम। सभी के भाव में लगातार गिरावट बनी हुई है।
–विशाल अग्रवाल, आयरन स्टील के थोक कारोबारी

"स्टील सस्ती हो गई है। अरसे बाद इस्पात का भाव नीचे आया है। या यूं कहे कि पुराने रेट को छू रहा है तो गलत न होगा। स्टील की डिमांड कम है। ऐसे में कीमतें गिर रही हैं। सरिया सस्ती है लेकिन खपत नहीं है।
–श्याममूर्ति गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष उप्र. सीमेंट व्यापार संघ

### फुटकर कारोबार रह गया है महज 30 से 40 फीसद

निर्माण कार्य बंद होने से बाजार शांत है। सरिया का फुटकर बाजार का लगातार डाउन है। माल डंप है। डिमांड बिल्कुल नहीं है।

# कॉरपोरेट अग्रिम कर में वृद्धि से प्रत्यक्ष कर संग्रह 5.74 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

• अग्रिम कर की पहली किस्त 27.34% बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये हुई

कॉरपोरेट कंपनियों के अग्रिम कर भुगतान में वृद्धि से चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.54% बढ़कर 5.74 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। अग्रिम कर की पहली किस्त 27.34% बढ़कर 1.48 लाख करोड़ हो गई। यह 15 जून को देनी होती है। इसमें 1.14 लाख करोड़ का निगम आयकर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 11 जुलाई तक का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 5,74,357 करोड़ रुपये है। इसमें 2,10,274 करोड़ का सीआईटी और 3,46,036 करोड़ का पीआईटी है। प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) ने प्रत्यक्ष कर संग्रह में 16,634 करोड़ का योगदान दिया। गत वर्ष इसी अवधि में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4,80,458 करोड़ था। चालू वित्त वर्ष में 11 जुलाई तक 70,902 करोड़ रुपये का रिफंड जारी हुआ है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान जारी रिफंड से 64.4% अधिक है। अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (रिफंड समायोजन से पहले) 6.45 लाख करोड़ रहा, जबकि एक वर्ष पूर्व यह 5.23 लाख करोड़ था, जो 23.24% की वृद्धि है।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.54% बढ़ा

आयकर विभाग ने आयकर संग्रह के आंकड़े जारी किये, जिसके अनुसार इस अवधि में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 645259 करोड़ रुपये रहा है जो वित्त वर्ष 2023–24 की समान अवधि के 523563 करोड़ रुपये की तुलना में 23 .24% अधिक है। चालू वित्त वर्ष में 11 जुलाई तक 70902 करोड़ का रिफंड जारी किया जा चुका है जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 43105 करोड़ रुपये की तुलना में 64 .49 % अधिक है।

# बीएसएनएल को एमटीएनएल सौंपने पर विचार, विलय की संभावना नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार समझौते के जरिए महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) का संचालन बीएसएनएल को सौंपने के विकल्प पर विचार कर रही है। सरकार विलय की जगह इस विकल्प पर विचार कर रही है। इस पर अंतिम फैसला एक महीने में लिए जाने की संभावना है।

एमटीएनएल का संचालन समझौते के जरिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को सौंपने के विकल्प पर विचार हो रहा है। एमटीएनएल के कर्ज को देखते हुए बीएसएनएल के साथ विलय अनुकूल विकल्प नहीं है। फैसले के बाद प्रस्ताव सचिवों की समिति के सामने रखा जाएगा और मंत्रिमंडल इस पर अंतिम निर्णय लेगी। एमटीएनएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा था कि वह बॉण्डधारकों को ब्याज का भुगतान करने में असमर्थ है। यह ब्याज 20 जुलाई को देय है। एमटीएनएल, दूरसंचार विभाग और बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौते के अनुसार एमटीएनएल को 10 दिन पहले एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि के साथ अर्धवार्षिक ब्याज का भुगतान करना होगा।

### रॉबर्ट को मिलेगा अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बीएसएनएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पीके पुरवार को सेवा विस्तार देने से इनकार किया है। यह प्रभार वरिष्ठ अधिकारी रॉबर्ट जे रवि को दिया जा सकता है। जुलाई, 2019 से सीएमडी का प्रभार संभालने वाले पुरवार ने विस्तार के लिए आवेदन किया था। वहीं सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार डीडीजी रॉबर्ट जे रवि को सौंपने पर विचार चल रहा है।

# सब्जियों की कम आपूर्ति, ऊंचे दामों से बिगड़ा बजट

नई दिल्ली, एजेंसी



• आलू, प्याज, टमाटर, फूलगोभी, पत्तागोभी और लौकी जैसी हरी सब्जियों के दामों में आया उछाल

हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में देर से हुई बारिश से फसलों को हुए नुकसान से दिल्ली में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को टमाटर जैसी रोजमर्रा की चीजें दोगुनी कीमत पर खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। थोक बाजारों में दुकानदारों ने बताया कि खासतौर पर आलू, प्याज और टमाटर जैसी वस्तुओं के साथ फूलगोभी, पत्तागोभी और लौकी जैसी हरी सब्जियों के दामों में उछाल आया है।

आजादपुर सब्जी मंडी के व्यापारी संजय भगत ने बताया कि फिलहाल टमाटर का थोक भाव 50 से 60 रुपये प्रति किलो है। स्थानीय किस्म का टमाटर 1,200 रुपये प्रति 28 किलो (एक क्रेट) और हाइब्रिड 1,400 से 1,700 रुपये में बिक रहा है। पहले टमाटर का भाव 25-30 रुपये प्रति किलो था। थोक बाजार में अन्य सब्जियों की कीमत 25 से 28 रुपये प्रति किलो है। जो सब्जियां 10 से 15 रुपये में बिकती थीं, वे अब 25 से 30 रुपये में मिल रही हैं। बीन्स की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है, जो 40 से 50 रुपये प्रति किलो बिक रही हैं। इस साल तेज गर्मी और बारिश में देरी के कारण कीमतों में उछाल आया है। ओखला सब्जी मंडी के व्यापारी ने कहा कि अभी केवल दो जगहों से टमाटर की आपूर्ति हो रही है - कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश। महाराष्ट्र से 10-15 अगस्त के आसपास नई फसल आने तक कीमतें ऊंची रहेंगी।

### टमाटर की कीमतों में आ सकती है गिरावट

**नई दिल्ली।** टमाटर की खुदरा कीमत 75 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। एक सरकारी अधिकारी के अनुसार दक्षिणी राज्यों से आपूर्ति बढ़ने से आने वाले हफ्तों में इसमें नरमी आने की उम्मीद है। आपूर्ति में बाधा से बढ़ीं टमाटर और प्याज की कीमतों के जल्द स्थिर होने की उम्मीद है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि दिल्ली और कुछ अन्य शहरों में टमाटर, आलू और प्याज की कीमतें बहुत ज्यादा हैं। फिलहाल दिल्ली को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से टमाटर की आपूर्ति हो रही है। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से हाइब्रिड टमाटर राष्ट्रीय राजधानी में पहुंचने के साथ ही कीमतों में नरमी आने लगेगी। सरकार सब्सिडी वाले टमाटर की बिक्री को फिर से शुरू करने की योजना नहीं बना रही है।

# गोल्फर अदिति ने हासिल किया कट, दीक्षा बाहर

एवियन ले बेंस, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक दल की महिला गोल्फर अदिति अशोक ने अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में कट में प्रवेश किया जबकि हमवतन दीक्षा डागर ने चिकित्सीय आधार पर दूसरे दौर से हटने का फैसला किया।

खराब मौसम में बिजली चमकने के कारण दिन का खेल निलंबित कर दिया गया। अदिति ने पहले दौर के 71 के कार्ड खेला था और वह दूसरे दौर में एक अंडर 70 के कार्ड से 36 होल में एक अंडर पर बनी हुई थीं। दीक्षा ने पहले दौर में 76 का कार्ड बनाया था लेकिन चिकित्सीय आधार पर उन्होंने हटने का फैसला किया।


अदिति अशोक

## अर्जुन ने हासिल किया कट

**एक्रोन (ओहियो, अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल (74-71) ने यहां फायरस्टोन कंट्री क्लब में खेले जा रहे कॉलिग कंपनीज चैंपियनशिप गोल्फ के कट प्रवेश कर लिया है। अटवाल ने दूसरे दौर में दो बर्डी और तीन बोगी के साथ एक ओवर 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में चार ओवर 74 का स्कोर किया। वह पांच ओवर 145 के स्कोर के साथ संयुक्त 49वें स्थान पर है।

# भारत के श्रीलंका दौरे के कार्यक्रम में हुआ बदलाव

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को कहा कि भारत के आगामी सफेद गेंद के श्रीलंका दौरे के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है और अब यह एक दिन आगे 27 जुलाई से शुरू होगा।

भारतीय टीम इस महीने के अंत में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। कार्यक्रम के पहले के कार्यक्रम के अनुसार पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 26 जुलाई को खेला जाना था, लेकिन अब यह 27 जुलाई को होगा। इसके बाद दो टी-20 मैच 28 जुलाई और 30 जुलाई को होंगे। सभी मुकाबले पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे।


महिला एकल फाइनल में हार के बाद निराश जैस्मीन पाओलिनी।

# जैस्मीन को हराकर बारबोरा बनीं चैंपियन

लंदन, एजेंसी

चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा ने महिला एकल फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को हराकर विंबलडन खिताब अपने नाम किया और अपनी दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती।

28 साल की क्रेजिसिकोवा ने 2021 में फ्रेंच ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। इस सत्र में पीठ की चोट के कारण ऑल इंग्लैंड क्लब में भी वह 32 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में 31वें नंबर पर थीं। टूर्नामेंट के पिछले आठ चरण से नई महिला चैंपियन निकली हैं और तब से क्रेजिसिकोवा विंबलडन चैंपियन बनने वाली आठवीं महिला खिलाड़ी हैं। पिछले साल का खिताब भी चेक गणराज्य की ही खिलाड़ी के नाम रहा था जो गैर वरीय मार्केटा वोंद्रोयूसोवा थीं जो पिछले हफ्ते यहां पहले दौर में हार गयी थीं। सातवीं वरीय पाओलिनी पिछले महीने फ्रेंच ओपन में उप विजेता रही थीं और वह 2016 में सेरेना विलिम्यस के बाद एक ही सत्र रोलां गैरों और विंबलडन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं।


● क्रेजिसिकोवा ने जीती दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी

<< विंबलडन खिताब को चूमतीं चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा।

## फाइनल देखने आएंगी वेल्स की राजकुमारी केट

**लंदन।** कैंसर का उपचार करा रही ब्रिटेन के वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन विम्बलडन टेनिस चैंपियनशिप में पुरूष एकल फाइनल के विजेता को ट्रॉफी प्रदान करेंगी। मिडलटन ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस की संरक्षक के रूप में फाइनल देखने आएंगी।



## डिएडे डि ग्रूट ने लगातार 15वां खिताब जीता

लंदन। डिएडे डि ग्रूट ने शनिवार को ऑल इंग्लैंड क्लब में महिला व्हीलचेयर फाइनल में अपनी छठी विंबलडन एकल ट्रॉफी जीतकर लगातार 15वां ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। उन्होंने हमवतन नीदरलैंड की अपनी साथी खिलाड़ी एनीक वैन कूट को हराया। डिएडे डि ग्रूट ने लगातार मेजर खिताबों के रिकॉर्ड में इजाफा करते हुए अपनी ट्रॉफियों की कुल संख्या 23 कर दी।

# जिम्बाब्वे पर भारी पड़ी भारतीय सलामी जोड़ी

## शतक से चुके जायसवाल, गिल ने जड़ा अर्धशतक, बिना विकेट गंवाए जीता चौथा मैच, शृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त




हरारे, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (नाबाद 93) के ताबड़तोड़ और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 58) के संयमित अर्धशतक तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 156 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने शनिवार को यहां चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदकर पांच मैच की शृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की।

भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे पर दूसरी दफा 10 विकेट के अंतर से जीत हासिल की। 2016 में इसी स्थल पर भारत ने मेजबान टीम को 10 विकेट से हराया था। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए कामचलाऊ गेंदबाज शिवम दूबे और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 152 रन पर रोक दिया। फिर जायसवाल और गिल की मदद से उछाल भरी पिच पर यह लक्ष्य महज 15.2 ओवर में 156 रन बनाकर हासिल कर लिया। जायसवाल ने 53 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और दो छक्के जड़े थे। गिल ने 39 गेंद की नाबाद पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जमाए।

इससे पहले जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 28 गेंद में 46 रन की पारी खेली, लेकिन भारत के पांचवें गेंदबाज अभिषेक (तीन ओवर में 20 रन देकर एक विकेट) और छठे विकल्प दूबे (दो ओवर में 11 रन देकर एक विकेट) ने अच्छे गेंदबाजी प्रयास से जिम्बाब्वे को दबाव में रखा। इन्होंने खतरनाक दिख रही वेस्ले माधेवेरे (24 गेंद में 25 रन) और टाडीवानाशे मारूमनी (31 गेंद में 32 रन) की सलामी जोड़ी को आउट करके मध्य ओवरों में लगाम कसी। कप्तान रजा ने अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाकर जिम्बाब्वे को 150 से अधिक रन के स्कोर तक पहुंचाया।

पदार्पण करने वाले मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे (तीन ओवर में 30 रन देकर एक विकेट) का पहला स्पैल काफी अधिक फुल लेंथ वाली गेंद या बहुत शॉर्ट गेंद लेंथ वाला रहा। पहले तीन मैच में जिम्बाब्वे के लिए पहले विकेट की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी नौ रन की थी लेकिन माधेवेर और मारूमनी ने 63 रन की साझेदारी निभायी, हालांकि यह इतनी तेज नहीं थी। बायें हाथ के स्पिनर अभिषेक ने पहले विकेट की साझेदारी तोड़ी। उनकी गेंद पर मारूमनी पुल शॉट को टाइम नहीं कर सके और रिंकू सिंह के हाथों कैच आउट हुए। दूबे ने फिर माधेवेरे को आउट किया। उनका कैच भी रिंकू ने ही लपका। दूसरे मैच में अच्छी बल्लेबाजी करने वाले ब्रायन बेनेट (14 गेंद में नो रन) को वाशिंगटन ने अपना शिकार बनाया। दूबे और अभिषेक ने 'विकेट टू विकेट' गेंदबाजी करते हुए स्कोर गति पर लगाम कसी।

### स्कोर बोर्ड

| जिम्बाब्वे | 152/7 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| वेस्ली माधेवेर का रिंकू सिंह बो शिवम दूबे | 25 | 24 | 4/0 |
| मारूमनी का रिंकू सिंह बो अभिषेक | 32 | 31 | 3/0 |
| ब्रायन बेनेट का जायसवाल बो सुंदर | 9 | 14 | 0/0 |
| सिंकदर रजा का गिल बो देशपांडे | 46 | 28 | 2/3 |
| जोनाथन कैंपबेल रन आउट | 3 | 3 | 0/0 |
| डायन मेयर्स का एवं बो खलील अहमद | 12 | 13 | 0/0 |
| मडांडे का रिंकू सिंह बो खलील अहमद | 7 | 5 | 1/0 |
| फराज अकरम नाबाद | 4 | 3 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 14, **गेंदबाजी :** खलील अहमद 4-0-32-2, तुषार देशपांडे 3-0-30-1, रवि बिश्नोई 4-0-22-0, वाशिंगटन सुंदर 4-0-32-1, अभिषेक शर्मा 3-0-20-1, शिवम दूबे 2-0-11-1

| भारत | 156/0 (15.2 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 93 | 53 | 13/2 |
| शुभमन गिल नाबाद | 58 | 39 | 6/2 |

**अतिरिक्त :** 5, **गेंदबाजी :** नगारवा 3-0-27-0, ब्लेसिंग मुजारबानी 3.2-0-25-0, टेंडाई चतारा 2-0-23-0, फराज अकरम 4-0-41-0, सिकंदर रजा 2-0-24-0, ब्रायन बेनेट 1-0-16-0

# ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स की मेंटॉर होंगी झूलन

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय महिला टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को विमेंस कैरिबियाई प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) 2024 में ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने अपना मेंटॉर नियुक्त किया है।

नाइट राइडर्स की ओर साझे किए गए बयान में गोस्वामी के हवाले से कहा गया है, मेरे लिए इस फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनना गर्व की बात है। नाइट राइडर्स ने भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मैं इस टूर्नामेंट में उनका हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्सुक हूं। मुझे मेंटॉर की भूमिका देने के लिए नाइट राइडर्स का धन्यवाद। टीकेआर के साथ जुड़ने की मेरी शुरुआती चर्चा वेंकी मायसोर (केकेआर के सीईओ) के साथ हुई थी। प्रबंधन के मुख्य व्यक्ति होने के नाते जिस तरह से वह सभी का ध्यान रखते हैं, वह काबिले तारीफ है। आईपीएल के दौरान कोलकाता में जिस तरह से वेंकी सर और शाहरुख खान ने मेरा स्वागत किया और मुझसे बात की, मैं उससे काफी खुश थी। टीकेआर की कप्तान वेस्टइंडीज डिएंड्रा डॉटिन के हाथों में है। टीकेआर ने टीम में इस बार जेमिमाह रॉड्रिग्स, शिखा पांडे, मेग लानिंग और जेस जॉनासन को भी जोड़ा है। यह चारों खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलती हैं। उल्लेखनीय है कि गोस्वामी ने 2022 में महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज के रूप में क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वह वर्तमान में विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी कोच हैं। डब्ल्यूसीपीएल 2024, 21 अगस्त से 29 अगस्त तक खेला जाएगा। गत विजेता टीकेआर के अलावा बारबेडोस रॉयल्स और गयाना अमेजन वॉरियर्स इस टूर्नामेंट का हिस्सा होंगी। इस टूर्नामेंट में कुल सात मैच खेले जाएंगे और यह सभी टरुबा के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# अनाहत, टियाना विश्व जू. स्क्वैश के तीसरे दौर में

**ह्यूस्टन।** भारत की अनाहत सिंह और उनकी हमवतन टियाना पारसरामपुरिया विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में में जीत दर्ज करते हुए लड़कियों के वर्ग में तीसरे दौर में पहुंच गईं है।

ह्यूस्टन में खेले गए मुकाबले में 16 वर्षीय राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने दक्षिण अफ्रीका की डेने वान जिल को 11-3, 11-2, 11-6 से हराया। अगले दौर में अनाहत का मुकाबला अमेरिका की सामंथा जाफी से होगा। लड़कों के वर्ग में पहले दौर में पांच भारतीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की। अयान वजीरल्ली ने सऊदी अरब के मोहम्मद अलनासफान को हराया। शौर्य बावा ने पाकिस्तान के मोहम्मद अम्माद को पराजित किया। अरिहंत केएस ने फिलीपींस के जोनाथन रेयेस को हराया। युवराज ने जापान के शू ताकाहाशी को पराजित किया। अवलोकित ने कैस्पर चेउंग को हराया।

# पूर्व ओलंपियंस बोले- सतत चलनी चाहिए तैयारी

कोलकाता, एजेंसी

पूर्व ओलंपियनों का मानना है कि ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारी सतत चलने वाली प्रक्रिया होनी चाहिए और अधिकारियों को खेलों के कुछ महीने पहले ही नहीं जागना चाहिए। इंडियन चैंबर आफ कॉमर्स द्वारा शुक्रवार की रात आयोजित परिचर्चा इन सर्च आफ ग्लोरी इंडियाज प्रोस्पेक्टस इन द 2024 ओलंपिक में पूर्व ओलंपियनों ने भाग लिया था।

ओलंपिक 1964 की स्वर्ण पदक विजेता और 1968 की कांस्य पदक विजेता हॉकी टीम के सदस्य रहे

PARIS 2024 | ओलंपिक 13 दिन शेष

● 'इन सर्च ऑफ ग्लोरी इंडियाज प्रोस्पेक्टस इन द 2024' कार्यक्रम में पूर्व ओलंपियनों ने रखे अपने विचार

गुरबख्श सिंह ने कहा ओलंपिक आने पर ही हम जागते हैं, पूरा देश जागता है। यह रवैया बदलना चाहिए। हॉकी में 2024 ओलंपिक में भारत की संभावना के बारे में उन्होंने कहा हमें कठिन पूल मिला है। पहला लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचना होना चाहिए। सिर्फ जीत की सोच के साथ मैदान पर उतरना होगा। जिम्नास्ट दीपा करमाकर ने कहा अपने भीतर सब कुछ हासिल करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए। रियो ओलंपिक 2016 में कांस्य पदक से मामूली अंतर से चूकी करमाकर ने कहा चौथे स्थान पर रहने के बाद मैचे कोच बिश्वेश्वर नंदी सर से कहा कि मुझ पर भरोसा करने वाले करोड़ों भारतीयों का सामना कैसे करूंगी। उन्हें मुझसे इतनी अपेक्षाएं थीं। मैं सीधे अगरतला जाना चाहती थी लेकिन उन्होंने कहा कि पूरा देश तुम्हारा इंतजार कर रहा है।

उन्होंने कहा और मेरे आने के बाद जिस तरह से स्वागत हुआ, मैं दंग रह गई। मुझे याद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कितने प्रेरक शब्द कहे थे और उन्हें मेरे प्रदर्शन के हर मिनट की जानकारी थी। नंदी ने कहा भारत में जिम्नास्टिक पांच या छह राज्यों में ही खेला जाता है। इसमें बदलाव जरूरी है ताकि दीपा के नक्शे कदम पर और भी युवा चल सकें। पूर्व ओलंपियन तीरंदाज राहुल बनर्जी ने कहा कि एक खिलाड़ी को हमेशा नाकामियों से सीखना चाहिए। अगर आप पहला टूर्नामेंट जीतते हैं तो जश्न मनाते हैं और दूसरा हारने पर आपको नाकाम करार दिया जाता है।

# ओलंपियाड के लिए गुकेश और प्रज्ञानानंदा को टीम में मिली जगह

चेन्नई, एजेंसी

भारत के स्टार खिलाड़ी डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा हंगरी के बुडापेस्ट में सितंबर में होने वाले आगामी शतरंज ओलंपियाड में भाग लेंगे। नवंबर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले गुकेश के लिए यह टूर्नामेंट ड्रेस रिहर्सल की तरह होगा।

गुकेश ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। वह अप्रैल में टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष नितिन नारंग ने पीटीआई को पुष्टि करते हुए बताया कि टीम में अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा भी शामिल हैं। महिला टीम में डी हरिका, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव मौजूद हैं। ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी टीम से बाहर हैं।


आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश। ● एजेंसी

# बॉलीवुड हलचल



## स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं आदित्य रॉय कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर अपनी आने वाली फिल्म के स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं। आदित्य रॉय कपूर अपनी अगली फिल्म में दमदार एक्शन सीन करते नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक हो सकती है।कहा जा रहा है कि वह इस फिल्म के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं और इसके लिए खास ट्रेनिंग भी ले रहे हैं। उनकी ट्रेनिंग सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर रोहित नायर के अंडर चल रही है। आदित्य रॉय इस एक्शन फिल्म के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रेनिंग कर रहे हैं। आदित्य रॉय कपूर के लिए यह खास ट्रेनिंग कानपुर में रखी की गई है। इस स्पेशल ट्रेनिंग में किक बॉक्सिंग और मार्शल आर्ट्स तकनीक पर फोकस किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इस ट्रेनिंग के जरिए आदित्य रॉय कपूर को न सिर्फ फिल्म के लिए तैयार किया जा रहा है बल्कि उनकी ओवरऑल फिजिकल कंडीशन भी बेहतर की जा रही है। आदित्य की ट्रेनिंग दो महीने तक चलने वाली है।

## हाउसफुल 5 में काम करेंगे संजय दत्त



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त, की एंट्री हाउसफुल 5 में हो गई है। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल का पांचवा संस्करण बनाने जा रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख की अनाउंसमेंट पहले ही चुकी थी और अब हाउसफुल 5 में संजय दत्त की एंट्री कन्फर्म हो चुकी है। सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर साजिद नाडियाडवाला ने लिखा, ''#एनजीइएफ फैमिली को ये घोषणा करते हुए खुशी महसूस हो रही है कि संजय दत्त, हाउसफुल 5 की फैमिली को ज्वाइन कर रहे हैं। पागलपंती से भरी इस अगली जर्नी पर काम करने के लिए उत्साहित हूं।

**यूरो कप फाइनल** 1966 विश्वकप के बाद पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने का इंग्लैंड के पास मौका, आज स्पेन से होगा मुकाबला

# 58 साल का सूखा खत्म करना चाहेगा इंग्लैंड

बर्लिन, एजेंसी

स्पेन की टीम रविवार को जब यूरो 2024 के फाइनल में उतरेगी तो उसकी कोशिश रिकॉर्ड चौथा खिताब जीतने की होगी जबकि प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड 1966 विश्व कप खिताब के बाद इस खेल में पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगा।

स्पेन और जर्मनी ने तीन-तीन यूरो खिताब जीते हैं और रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच में स्पेन का पलड़ा भारी होगा। स्पेन की टीम टूर्नामेंट में अब तक अपने सभी मैच जीतने में सफल रही है। टीम पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। उसने पिछले साल जून में यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीता था। 17 साल के लामाइन यमल स्पेन के तुरुप के इक्के साबित हुए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में तीन बार गोल के मौके बनाए और फिर सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ अपना पहला गोल किया। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। यमल के लिए यह टूर्नामेंट वैसा ही रहा है जैसा कि 2018 विश्व कप में फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे और 1958 विश्व कप में 17 साल के पेले के लिए था। स्पेन 12 साल के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। टीम ने अपना पिछला फाइनल यूरो 2012 में इटली के खिलाफ खेला था। टीम ने तब इटली को 4-0 से करारी शिकस्त देकर खिताब जीता था।

इंग्लैंड के कोच जेरेथ साउथगेट की देखरेख में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। 2016 में उनके टीम से जुड़ने के बाद इंग्लैंड 2018 में विश्व कप सेमीफाइनल और अब लगातार यूरोपीय चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंच गया है। स्पेन के कप्तान अलवारो मोराटा चोट से उबर कर अभ्यास करते दिखे जो टीम के लिए अच्छा संकेत है। मोराटा को यह चोट पिछले मैच में जीत का जश्न मनाते हुए लगी थी।


अभ्यास सत्र में पसीना बहाते स्पेन के यमल व अन्य खिलाड़ी। ● एजेंसी

## स्पेन तीन बार का चैंपियन

स्पेन की टीम 1964, 2008 और 2012 में चैम्पियन रही है। यूरो 2024 में छह खिलाड़ी टूर्नामेंट के सबसे अधिक तीन गोल पर हैं और इनमें दो फाइनल में खेल रहे हैं। इसमें इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन और स्पेन के डानी ओल्मो शामिल है। इंग्लैंड की और स्पेन की टीम छह साल के अंतराल पर एक दूसरे का सामना करेगी। दोनों ने 2018 नेशंस लीग में डबल-हेडर खेला था, जिसमें स्पेन ने 2-1 से जीत दर्ज की और इंग्लैंड ने एक महीने बाद सेविला में 3-2 से जीत दर्ज की थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

प्रकृति का प्रकोप



बिहार के रोहतास जिले के सासाराम में शनिवार को भारी बारिश के बाद तुतला भवानी जलप्रपात में बाढ़ आ गयी। • एजेंसी

# सिएटल में वीजा आवेदन केंद्र की शुरुआत हुई

ह्यूस्टन, एजेंसी

• भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को वीजा आवेदन केंद्र का उद्घाटन किया

अमेरिका के सिएटल में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को वीजा आवेदन केंद्र का उद्घाटन किया। सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल, पोर्ट कमिश्नर सैम चो सहित स्थानीय नेता इस उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। मेयर हैरेल ने आवेदकों को भारतीय पासपोर्ट और वीजा प्रदान किया, जो समुदाय के लिए एक खास पल था।

सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल ने वहां रह रहे भारतीयों की तारीफ की, साथ ही भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को समृद्ध बनाने में उनके योगदान की सराहना की। सिएटल के अलावा बेलेव्यू में भी एक ड्रॉप-ऑफ प्रतिष्ठान प्रारंभ किया है ताकि पूर्वी क्षेत्र के लोगों को वीजा और पासपोर्ट संबंधी सुविधाएं आसानी से मिल सकें। सिएटल और बेलेव्यू भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) का संचालन वीएफएस ग्लोबल कर रहा है,यह विदेश मंत्रालय का आउटसोर्स्ड वीजा सेवा साझेदार है। ये केंद्र भारतीय नागरिकों के लिए वीजा प्रक्रिया को सरल बनाने और इससे संबंधित अन्य समस्याओं से निपटने में मदद के लिए स्थापित किए गए हैं।

# रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने तिब्बत के लिए अमेरिकी समर्थन बढ़ाने और इस हिमालयी क्षेत्र के दर्जे व शासन से संबंधित विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चीन और दलाई लामा के बीच संवाद को बढ़ावा देने संबंधी एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके बाद यह एक कानून बन गया है। चीन ने रिजॉल्व तिब्बत एक्ट का विरोध करते हुए इसे अस्थिरता पैदा करने वाला कानून बताया था। पिछले साल फरवरी में प्रतिनिधि सभा ने जबकि मई में सीनेट ने इस विधेयक को मंजूरी दी थी।

बाइडन ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में कहा, मैंने एस. 138, तिब्बत-चीन विवाद समाधान को बढ़ावा देने वाला अधिनियम पर हस्ताक्षर किए हैं। बाइडन ने कहा, मेरा प्रशासन पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से दलाई लामा या उनके प्रतिनिधियों के साथ बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान करता रहेगा, ताकि मतभेदों को दूर किया जा सके और तिब्बत पर बातचीत के जरिए समझौता किया जा सके। चौदहवें दलाई लामा 1959 में तिब्बत से भागकर भारत चले गए थे।



• अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के हस्ताक्षर के बाद बना कानून

## होनहार विदेशी छात्रों के लिए विधेयक पेश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्य थानेदार ने एच-1बी वीजा की उपलब्धता बढ़ाकर होनहार विदेशी छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका में रहने के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विधेयक पेश किया है। एच-1बी वीजा की भारतीय आईटी पेशेवरों द्वारा सर्वाधिक मांग है। डेमोक्रेटिक पार्टी से अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य थानेदार ने कहा, एक आप्रवासी के तौर पर, अमेरिका में शिक्षा के अवसरों ने मुझे हर मौका दिया और मैं देश में हमारे सबसे प्रतिभाशाली छात्रों को रखने के महत्व को समझता हूं।

## एक नजर

### किसी देश के दबाव में नहीं आएंगे : पेजेश्कियन

**तेहरान।** ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा है कि उनकी सरकार राष्ट्रीय हितों और शांति की पूर्व शर्त के अनुरूप सभी देशों के साथ संतुलित संबंध स्थापित करेगी, लेकिन अमेरिका पर जोर देते हुए कहा कि उनका देश दबाव में नहीं आएगा। मसूद पेजेश्कियन ने शुक्रवार देर रात देश के सरकारी अखबार तेहरान टाइम्स में नयी दुनिया के लिए मेरा संदेश शीर्षक से लिखा जिसमें नवीनतम राष्ट्रपति चुनाव की प्रशंसा की गई है जिसने उल्लेखनीय स्थिरता का प्रदर्शन किया। इसमें उन्होंने लिखा कि वह चुनाव प्रचार के दौरान किये गय वादों को बरकरार रखने का संकल्प लेते हैं। ईरान के 69 वर्षीय हार्ट सर्जन और लंबे समय तक सांसद रहे पेजेश्कियन ने पांच जुलाई के चुनाव में कट्टरपंथी पूर्व परमाणु वार्ताकार सईद जलीली को हराकर राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की जगह ली।

### अर्जेंटीना ने हमास को आतंकी समूह घोषित किया

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)।** अर्जेंटीना ने शुक्रवार को हमास को आतंकी समूह घोषित किया और इस फलस्तीनी समूह की वित्तीय संपत्तियां जब्त करने का आदेश दिया। राष्ट्रपति जेवियर माइली अर्जेंटीना को अमेरिका और इजराइल के साथ मजबूती से जोड़ना चाहते हैं। उस दिशा में इसे बहुत हद तक एक सांकेतिक कदम माना जा रहा है। माइली के कार्यालय ने पिछले सात अक्टूबर को इजराइल में फलस्तीनी समूह द्वारा किये गये हमले का हवाला देते हुए यह घोषणा की। यह हमला इजराइल के 76 साल के इतिहास में सबसे घातक हमलों में से एक था। बयान में, हमास से ईरान के घनिष्ठ संबंधों का भी उल्लेख किया गया है, जिसे अर्जेंटीना देश में यहूदी स्थलों पर दो घातक आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार ठहरा रहा है।

### वियतनाम में भूस्खलन 11 लोगों की मौत की पुष्टि

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी प्रांत हा गियांग में शनिवार सुबह भूस्खलन से दबकर एक मिनीबस में सवार कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वियतनाम समाचार एजेंसी के ताजा अपडेट में यह जानकारी दी गयी। जब बाक मी जिले में एक सड़क पर भूस्खलन के कारण वाहन फंस गया, तो उसमें सवार सभी लोग मदद के लिए बाहर निकल आए। बताया जा रहा है कि मिनीबस में लगभग 16 लोग सवार थे। राष्ट्रीय जल-मौसम पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार, जिस क्षेत्र में दुर्घटना हुई, वहां शुक्रवार शाम 7 बजे से शनिवार सुबह 7 बजे तक तक 280-290 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# केपी शर्मा ओली बनेंगे नेपाल के प्रधानमंत्री

## मंत्रियों की सूची को लेकर विचार-विमर्श, सोमवार को शपथ लेंगे


काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के नए प्रधानमंत्री बनने जा रहे के पी शर्मा ओली ने अपने गठबंधन सहयोगी नेपाली कांग्रेस के साथ नयी गठबंधन सरकार में शामिल किए जाने वाले मंत्रियों की सूची तैयार करने को लेकर शनिवार को विचार विमर्श किया। नयी गठबंधन सरकार के सोमवार को शपथ लेने की संभावना है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल रविवार दोपहर तक ओली (72) को नेपाली कांग्रेस-सीपीएन (यूएमएल) गठबंधन का नया प्रधानमंत्री नियुक्त कर सकते हैं। नेपाली कांग्रेस और यूएमएल के करीबी सूत्रों ने बताया, राष्ट्रपति सोमवार सुबह नए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों को शपथ दिला सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह शुरू होने से पहले सोमवार को एक छोटे मंत्रिमंडल की घोषणा होने की संभावना है।

नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली (72) का एक बार फिर प्रधानमंत्री बनना तय है, क्योंकि मौजूदा प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड शुक्रवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने में असफल रहे। शुक्रवार देर रात ओली ने शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) के समर्थन से अगला प्रधानमंत्री बनने का दावा पेश किया था और संविधान के अनुच्छेद 76-2 के तहत सरकार बनाने के लिए प्रतिनिधि सभा के 165 सदस्यों के हस्ताक्षर सौंपे थे। इन सांसदों में ओली की पार्टी के 77 और नेपाली कांग्रेस के 88 सांसद शामिल हैं।

ओली के एक करीबी सूत्र ने बताया कि कुल 21 मंत्रालयों में से नेपाली कांग्रेस को नौ मंत्रालय और सीपीएन-यूएमएल को आठ मंत्रालय मिलेंगे, साथ ही प्रधानमंत्री का पद भी मिलेगा।

सूत्र ने बताया, गृह, विदेश, वित्त और ऊर्जा जैसे प्रमुख पदों को एनसी और यूएमएल के बीच बांटा जाएगा। नेपाली कांग्रेस को गृह मंत्रालय मिलने की संभावना है, जबकि वित्त मंत्रालय यूएमएल को मिलेगा। इससे पहले, शनिवार को सीपीएन-यूएमएल ने भविष्य की रणनीति पर चर्चा करने और नए मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ नेता और स्थायी समिति के सदस्य राजन भट्टराई के अनुसार, शुरुआत में एक छोटा मंत्रिमंडल होगा, जिसका बाद में विस्तार किया जाएगा।



• निवर्तमान प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की सरकार ने शुक्रवार को संसद का विश्वास मत खो दिया

# इजरायल में वेस्ट नाइल बुखार से अब तक 31 की मौत

**यरूशलम।** इजरायल में मई की शुरुआत में वेस्ट नाइल बुखार फैलने के बाद से शुक्रवार को 12 नई मौतों की पुष्टि के साथ मौत का आंकड़ा 31 हो गया है। यह जानकारी स्वास्थ्य अधिकारियों ने दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में 49 नए संक्रमण की सूचना दी, जिससे देश में संक्रमित लोगों की कुल संख्या 405 हो गई, जो वर्ष 2000 में 425 की वार्षिक रिकॉर्ड के समीप है।

मंत्रालय ने इस वायरस के लिए मच्छरों के लिए अनुकूल गर्म और अधिक आर्द्र मौसम को जिम्मेदार ठहराया, जो मच्छरों के काटने से पक्षियों में और पक्षियों से मनुष्यों तक पहुंचाता है। इजरायल की समाचार वेबसाइट वाईनेट ने कहा कि अधिकांश संक्रमित 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोग हैं, हालांकि बच्चों में भी वायरस का पता चला है। अधिकांश संक्रमणों में हल्के सर्दी के लक्षण दिखाई नहीं देते हैं, लेकिन कभी-कभी, कुछ लोगों में केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाली गंभीर बीमारियां विकसित हो जाती हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में, इज़राइल के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, तामीर गोशेन ने समाचार वेबसाइट को जानकारी दिया कि पिछले दो महीनों में 159 पक्षी वायरस से संक्रमित पाए गए।

# दक्षिणी गाजा में हमला 71 लोगों की गई जान

यरूशलम, एजेंसी

• हमास की सैन्य शाखा के प्रमुख को निशाना बनाने के लिए किया गया था हमला

दक्षिणी गाजा पट्टी में शनिवार को हुए एक इजराइली हमले में 71 लोग मारे गए और कई घायल हो गए। यह जानकारी गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। वहीं एक इजराइली अधिकारी ने कहा कि हमला हमास की सैन्य शाखा के प्रमुख को निशाना बनाने के लिए किया गया। इजराइली अधिकारी ने बताया कि खान यूनिस में हमला मोहम्मद दीफ को निशाना बनाने के लिए किया गया, जिसके बारे में कई लोगों का मानना है कि वह सात अक्टूबर के हमले का मुख्य साजिशकर्ता था। उक्त हमले में दक्षिणी इजराइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और इजराइल-हमास युद्ध शुरू हो गया था।

दीफ कई वर्षों से इजराइल की सबसे वांछित सूची में सबसे ऊपर है और माना जाता है कि वह अतीत में कई इजराइली हमलों में बच निकला है। अभी औपचारिक घोषणा नहीं होने के चलते एक अधिकारी ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि हमास के एक अन्य शीर्ष अधिकारी राफा सलामा को भी हमले में निशाना बनाया गया। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमले में कम से कम 289 अन्य घायल हुए हैं और कई घायलों और मृतकों को पास के नासिर अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल में एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकारों ने 40 से अधिक शवों की गिनती की और गवाहों ने हमले का वर्णन किया।

## वरिष्ठ हमास कमांडर को मार गिराया

**गाजा।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि इजरायल पर गत वर्ष सात अक्टूबर के हमले की साजिश में शामिल हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को हाल ही में गाजा शहर पर हुए हवाई हमले में मारा गया। आईडीएफ ने अपने बयान में कहा कि हमास का उप कमांडर अयमान शोवादेह , वर्तमान में शेजैया बटालियन और पूर्व में हमास के संचालन मुख्यालय में एक प्रमुख संचालक मारा गया। सूत्रों के मुताबिक आईडीएफ सैनिकों पर शोवादेह ने कई हमले किए थे। इजरायली सेना ने शेजैया शहर में दो सप्ताह में सक्रिय आतंकवादियों और उनके बुनियादि ढांचे को खत्म करने का काम किया। बुधवार को आईडीएफ ने शेजैया मिशन समाप्त करने की घोषणा की।

# गुरुद्वारा में हमले में एक किशोर को आरोपी बनाया गया

**लंदन।** ब्रिटेन में एक गुरुद्वारा में धारदार हथियार से किये गये हमले में दो महिलाओं के घायल होने के बाद गिरफ्तार 17 वर्षीय लड़के पर शनिवार को विभिन्न आरोप लगाए गए। किशोर के खिलाफ हमला करने और जान से मारने की धमकी देने जैसे आरोप लगाये गये हैं।

केंट एवं एसेक्स गंभीर अपराध निदेशालय के जांचकर्ताओं ने लड़के पर गुरुवार शाम की उस घटना के लिए आरोप लगाया है जिसे स्थानीय पुलिस दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के ग्रेवसेंड में स्थित श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारे में अशांति के रूप में संदर्भित कर रही है। नाबालिग होने के कारण लड़के के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। भारत के बाहर सबसे बड़े गुरुद्वारों में से एक इस गुरुद्वारा की ओर से कहा गया है कि वह जांच में सहयोग कर रहा है और घटना के समय गुरु ग्रंथ साहिब जी दरबार हॉल में नहीं थे।

केंट पुलिस ने एक बयान में कहा, शनिवार को केंट एवं एसेक्स गंभीर अपराध निदेशालय के जांचकर्ताओं ने 17 वर्षीय एक लड़के पर हिंसा करने, जान से मारने की धमकी देने, धारदार हथियार से किसी व्यक्ति को धमकाने और सार्वजनिक स्थान पर धारदार वस्तु रखने का आरोप लगाया।

# मध्य नाइजीरिया में स्कूल की इमारत ढही 22 लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य पठारी राज्य में शुक्रवार को दो मंजिला स्कूल की इमारत गिरने से कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और 132 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। जोस शहर में एक प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय, निजी स्वामित्व वाली सेंट अकादमी की इमारत उस समय ढह गई जब छात्र शुक्रवार सुबह एक प्रचार परीक्षा दे रहे थे। इमारत में कई कक्षाएँ और कार्यालय थे। पठारी राज्य में सूचना एवं संचार आयुक्त मूसा अशोम्स ने कहा कि बचाव दल ने शुक्रवार शाम तक कुल 154 लोगों को मलबे से बाहर निकाला, जिनमें 22 मृत शव और 132 लोग शामिल थे, जिनमें से छह की हालत गंभीर थी। पठारी गवर्नर कालेब मुतफवांग ने इस घटना को राज्य के लिए एक दुखद और एक बड़ी क्षति बताया।

# नेताओं ने घरों में नजरबंद किए जाने का दावा किया

श्रीनगर, एजेंसी

• पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती समेत कई नेताओं का दावा- शहीदों को श्रद्धांजलि देने नहीं जाने दिया

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शनिवार को मुख्यधारा के राजनीतिक दलों की 1931 में आज ही के दिन एक डोगरा शासक की सेना द्वारा मारे गए 22 कश्मीरी लोगों को श्रद्धांजलि देने की योजना को विफल कर दिया। प्रशासन ने उन्हें मार्च निकालने से रोक दिया और नेताओं को नजरबंद कर दिया।

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती समेत कई नेताओं ने दावा किया कि प्रशासन ने उन्हें घरों में नजरबंद कर दिया और शहीदों की मजार पर श्रद्धांजलि देने नहीं जाने दिया। इन नेताओं के दावों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा ने आरोप लगाया कि श्रीनगर के बाहरी इलाके खिम्बेर में उन्हें उनके घर में नजरबंद कर दिया गया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मेरे घर के द्वार एक बार फिर बंद कर दिए गए हैं, ताकि मैं मजार-ए-शुहादा पर न जा सकूँ - जो निरंकुशवाद, दमन और अन्याय के खिलाफ कश्मीर के प्रतिरोध का एक स्थायी प्रतीक है। पीडीपी प्रमुख ने कहा, हमारे शहीदों का बलिदान इस बात का प्रमाण है कि कश्मीरियों के जज्बे को कुचला नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा, आज ही के दिन शहीद हुए प्रदर्शनकारियों की शहादत की याद करना भी आज अपराध बन गया है। उन्होंने कहा, पांच अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर को विखंडित कर दिया गया, शक्तिहीन कर दिया गया और वह सब कुछ छीन लिया गया, जो हमारे लिए पवित्र था। उनका हमारी प्रत्येक सामूहिक स्मृति को मिटाने का इरादा है।

# नेपाल भूस्खलनः एक भारतीय समेत तीन के शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आकर दो बसों के उफनती नदी में बहने के बाद शनिवार को 40 वर्षीय एक भारतीय नागरिक समेत तीन लोगों के शव बरामद किये गये। दोनों बसों में सात भारतीय नागरिकों समेत 50 से अधिक लोग सवार थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेपाल के चितवन जिले के सिमलताल इलाके में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सात भारतीयों सहित 54 यात्रियों को लेकर जा रही दो बसें भूस्खलन की चपेट में आने के बाद उफनती त्रिशूली नदी में बह गई थीं। इनमें से तीन यात्री तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए थे। पुलिस ने बताया कि दुर्घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर से पहला शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान भारतीय नागरिक ऋषि पाल शाही के रूप में हुई है।

# इद्दत मामले में अदालत ने इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को किया बरी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को शनिवार को जिला एवं सत्र अदालत ने इद्दत मामले में बरी कर दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अदालत ने गैर-इस्लामिक निकाह मामले में दोषसिद्धि को रद्द करने की उनकी याचिका स्वीकार कर ली। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुहम्मद अफजल मजोका ने पहले संक्षिप्त आदेश की घोषणा की।

इमरान खान और बुशरा बीबी को फरवरी में सात साल की जेल की सजा सुनाई गई थी और प्रत्येक पर 500,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था। उस समय निचली अदालत ने उनके निकाह को धोखाधड़ी करार दिया था। बुशरा के पूर्व पति खावर मेनका ने जोड़े की शादी के खिलाफ अदालत का रुख किया था। इसके बाद खान दंपति ने सजा को चुनौती दी थी और राहत के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था। अदालत ने 28 पन्नों के फैसले में कहा कि मेनका लगभग छह साल तक निष्क्रिय रहा, जिससे उसका रुजू का अधिकार समाप्त हो गया, जो तलाक के बाद इद्दत की अवधि के भीतर रिश्ते को सामान्य करने की अवधि है। अदालत ने कहा, यदि उन्हें किसी अन्य मामले में हिरासत में रखने की आवश्यकता नहीं है, तो उन्हें (खान और बुशरा) तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया जाता है। अदालत ने मेडिकल बोर्ड के गठन और धार्मिक विद्वानों से परामर्श की मांग करने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया।



पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी के बरी होने के कोर्ट के आदेश के बाद खुशी मनाते पाकिस्तान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष गौहर खान व अन्य।

# आईएएस पूजा खेडकर की मां को नगर निगम का नोटिस

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

• सात दिनों के भीतर उनके बंगले की चारदीवारी के पास बने अनधिकृत ढांचे को हटाने का निर्देश दिया गया

पुणे नगर निगम ने विवादों में घिरीं परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को एक नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर उनके बंगले की चारदीवारी के पास बने अनधिकृत ढांचे को हटाने का शनिवार को निर्देश दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने आईएएस प्रशिक्षु पूजा के माता-पिता मनोरमा और दिलीप खेडकर के अलावा पांच अन्य के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है। कुछ दिन पहले ही एक वीडियो सामने आया था जिसमें मनोरमा भूमि विवाद को लेकर कुछ लोगों को कथित तौर पर बंदूक से धमकाती नजर आ रही थीं। वर्ष 2023 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी खेडकर परिवीक्षाधीन हैं और वर्तमान में अपने गृह कैडर महाराष्ट्र में तैनात हैं। खेडकर (34) पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल होने के लिए शारीरिक दिव्यांगता श्रेणी और अन्य पिछड़ा वर्ग कोटा के तहत लाभों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। शनिवार शाम को पुणे नगर निगम के अधिकारियों ने शहर के बाणेर रोड स्थित ओम दीप बंगले पर मनोरमा खेडकर को नोटिस थमाने की कोशिश की, लेकिन घंटी बजाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। बंगले के मुख्य द्वार पर नोटिस चिपका दिया है।

खगोल विज्ञान

आसमान में विचर रहा एक धूमकेतु इन दिनों खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र बना

# अधर में लटका ए3 त्सुचिंशान एटलस का भविष्य

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** आसमान में विचर रहा एक धूमकेतु इन दिनों खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह धूमकेतु बिखर जाएगा या फिर आसमान में अपनी छटा बिखेरेगा, कहा जाना निश्चित नहीं है। इस धूमकेतु की खोज पिछले साल हुई। इसका नाम ए3 त्सुचिंशान एटलस है।

धूमकेतु हमारे सौरमंडल के रोमांचक पिंडों में शुमार हैं, जो एक लंबी पूंछ बनाते हैं और हमारी धरती के करीब से होकर गुजर जाते हैं। इनकी चमक खूबसूरत होती है और सूर्य की परिक्रमा कर वापस अपने गंतव्य को लौट जाते हैं। इन दिनों धूमकेतु ए3 त्सुचिनशान एटलस हमारे करीब पहुंचने वाला है। खास बात यह है कि इसकी आगे की यात्रा का रास्ता शायद खुला नहीं है। जिस कारण आशंका जताई जा रही है कि यह अपरिहार्य कारणों से बिखर चुका है और ब्रह्मांड के अंधियारे में आगे बढ़ रहा है। मगर बड़ी बात यह भी कही जा रही है कि यदि यह सुरक्षित आगे बढ़ा तो इस वर्ष का सर्वाधिक चमकदार धूमकेतु बनेगा।

बहरहाल खगोलीय रहस्यों में रुचि रखने वाले दुनियाभर के लोग इस धूमकेतु के नग्न आंखों से दिखाई देने का इंतजार कर रहे हैं। 2023 की शुरुआत में इसकी खोज हुई थी। अक्टूबर 2024 में पृथ्वी व सूर्य के नजदीक पहुंचेगा। फिलहाल आंतरिक सौर मंडल के करीब आ रहा है। पिछले तीन महीनों के दौरान इसकी चमक में वृद्धि नहीं देखी गई है। मगर नए अध्ययन से पता चला है कि इसका केंद्र खंडित हो रहा है। यह अध्ययन चेक अमेरिकी खगोलशास्त्री और नासा की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला के धूमकेतु विशेषज्ञ ज़ेडेनेक सेकनिना ने किया है।



ए3 त्सुचिंशान एटलस।

## दूरबीन से देखा जा सकता है धूमकेतु

खगोल के प्रति रुचि रखने वालों का कहना है कि यह धूमकेतु बड़ी चुनौती है। इसकी तस्वीर ले पाना आसान नहीं होगा। इसकी पहचान कर पाना भी मुश्किलों भरा होगा। इसका अध्ययन कर रहे नासा समेत कई अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के खगोल वैज्ञानिकों के लिए भी इसके रहस्य उजागर कर पाना बड़ा इतिहास बनेगा। एक छोटी दूरबीन के सहारे इसे देखा जा सकता है।

# यूक्रेन के ड्रोन हमले में रूसी तेल डिपो में आग लगी

कीव, एजेंसी

• खेरसॉन क्षेत्र में गोलाबारी में तीन लोगों की गई जान

यूक्रेन के खेरसॉन क्षेत्र में रूस की गोलाबारी में शनिवार को तीन लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने यहां दी। इस बीच, शुक्रवार एवं शनिवार की दरमियानी रात रूस और यूक्रेन के बीच लगातार ड्रोन हमले हुए। आंशिक रूप से कब्जे वाले खेरसॉन प्रांत के गवर्नर अलेक्सांद्र प्रोकुडिन ने बताया कि इसकी राजधानी के करीब हुए हमले में दो लोगों की मौत हो गयी और दो घायल हो गए। यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव के अनुसार, शनिवार दोपहर एक और व्यक्ति की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए।

यूक्रेनी सेना ने शनिवार तड़के रूस के दक्षिण-पश्चिमी रोस्तोव क्षेत्र स्थित त्सिमल्यांस्की जिले में एक तेल डिपो को निशाना बनाया। ड्रोन हमले में रूस के रोस्तोव इलाके में स्थित एक तेल डिपो में आग लग गई। यह सीमावर्ती क्षेत्र पर कीव की सेना द्वारा किया गया नवीनतम लंबी दूरी का हमला है। यूक्रेन ने हाल के महीनों में क्रेमलिन के युद्ध तंत्र को कुंद करने के प्रयास में विभिन्न रिफाइनरी और तेल टर्मिनल को निशाना बनाते हुए रूसी धरती पर हवाई हमले बढ़ा दिए हैं। रूसी सेना पूर्वी यूक्रेन में अग्रिम पंक्ति पर कड़ी मेहनत कर रही है, जहां युद्ध के तीसरे वर्ष में सैनिकों और गोला-बारूद की कमी के कारण यूक्रेनी सैनिक कमजोर हुए हैं।